वर्ष- 11 अंक-154
लखनऊ, रविवार 21 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा 03

कंगना ने की रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार की प्रशंसा 12


### गृहमंत्री अमित शाह ने एसएसबी के 60वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित

# देश से होगा नक्सलवाद का सफाया

▸ गृह मंत्री ने एसएसबी के 51 वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी तीन वर्षों के भीतर नक्सल समस्या से पूरा देश शत-प्रतिशत मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों की सीमा की सुरक्षा करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और बीएसएफ के साथ मिलकर एसएसबी ने नक्सल आंदोलन को हाशिये पर लाकर रख दिया है। गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को असम के तेजपुर स्थित एसएसबी रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, केंद्रीय गृह सचिव, एसएसबी के महानिदेशक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस दौरान गृह मंत्री ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी के 51 वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। गृह मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष ही सशस्त्र सीमा बल के पांच कर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी।

#### कानूनों का उद्देश्य देश की जनता को न्याय दिलाना

अमित शाह ने कहा कि देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए तीनों कानूनों को नए स्वरूप में लाकर देश की जनता के सामने रखा है। इन कानूनों का उद्देश्य देश की जनता को न्याय दिलाना है, जबकि पहले के कानूनों का उद्देश्य दंड देना था। अब किसी भी एफआईआर के तहत सजा दिलाने का काम तीन साल के अंदर पूरा होगा और न्याय में देरी खत्म होगी। इन कानूनों के लागू होने से हमारी न्याय व्यवस्था दुनिया में सबसे आधुनिक होगी, इससे सजा कराने की दर में भी बहुत वृद्धि होगी, क्योंकि इसमें फॉरेंसिक को बहुत महत्व दिया गया है।

#### एसएसबी से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन

**एसएसबी के 60वीं हीरक जयंती पर डाक टिकट का भी विमोचन**

अमित शाह ने कहा कि आज 226 करोड़ रुपये की लागत से एसएसबी से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। जिनमें 45वीं वाहिनी मुख्यालय वीरपुर, 20वीं वाहिनी मुख्यालय सीतामढ़ी, रिजर्व वाहिनी मुख्यालय बारासात में आवास, जवानों के लिए बैरक, मेस, अस्पताल, क्वार्टर गार्ड, स्टोर और गैराज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सभी सीएपीएफ की सुविधाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। गृहमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल की 60वीं हीरक जयंती के मौके पर भारत सरकार ने एक डाक टिकट का भी विमोचन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह डाक टिकट हमेशा एसएसबी की कर्तव्यपरायणता को देश के सामने जीवंत बनाए रखेगा। गृहमंत्री शाह ने कहा कि एसएसबी का इतिहास सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व के मंत्र से सुसज्जित है। एसएसबी 2,450 किमी लंबी खुली सीमाओं की रखवाली पूरी तत्परता के साथ कर रही है और वन हो या पहाड़, नदी हो या पठार, एसएसबी के जवानों ने किसी भी प्रकार के मौसम में ड्यूटी के साथ कभी समझौता नहीं किया है।

### मुठभेड़ में एरिया कमेटी की दो महिला व एक पुरुष नक्सली ढेर

**बीजापुर।** जिले के थाना बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत बलम नेड्रा के पास बेलम गुटटा पहाड़ी में शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली मारे गये। मारे गए तीनों नक्सलियों के शव के साथ दो नग भरमार, पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, 15 जेलेटिन, पांच डेटोनेटर, कोडेक्स वायर, विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गये नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। बलम नेड्रा एवं बेलम गुटटा में बासागुड़ा और मददेड़ एरिया कमेटी के डीव्हीसीएम विनोद कर्मा, आवापल्ली एलओएस राजू पुनेम, एसीएम विश्वनाथ, गुडडू तेलम एवं अन्य 20-25 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं कोबरा 210 की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार सुबह 07.30 बजे बेलम गुटटा पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में मददेड़ एरिया कमेटी की दो महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली को मार गिराने में पुलिस को सफलता मिली है।

## अयोध्या की सीमाएं हुईं सील अब पास से ही मिलेगी एंट्री

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** शनिवार को देश-विदेश की नदियों का पवित्र जल रामलला के अभिषेक के लिए अयोध्या पहुंचा। श्रीराम मंदिर को शुक्रवार देर रात फूलों से सजाया गया था। लाइटिंग भी की गई। शुक्रवार को ही गर्भगृह में स्थापित की गई रामलला की प्रतिमा की पहली तस्वीर भी सामने आई।

शनिवार को देश-विदेश की नदियों का पवित्र जल रामलला के अभिषेक के लिए अयोध्या पहुंचा। श्रीराम मंदिर को शुक्रवार देर रात फूलों से सजाया गया था। लाइटिंग भी की गई। शुक्रवार को ही गर्भगृह में स्थापित की गई रामलला की प्रतिमा की पहली तस्वीर भी सामने आई। अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शनिवार 20 जनवरी को पांचवां दिन है। रात में 8 बजे अयोध्या की सीमाएं सील कर दी गईं। अब 23 जनवरी तक सिर्फ प्राण प्रतिष्ठा में बुलाए गए मेहमानों को ही पास दिखाकर एंट्री मिलेगी। प्राण



प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी 22 जनवरी को ही अयोध्या आएंगे। वे यहां चार घंटे रुकेंगे। पहले उनके 21 जनवरी को अयोध्या आने की चर्चाएं थीं। 19 जनवरी (शुक्रवार) को रामलला की प्रतिमा की पूरी तस्वीर सामने आई थी। इसमें पहली बार रामलला का पूरा चेहरा दिखा था। इस पर शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा- प्राण प्रतिष्ठा से पहले नई प्रतिमा में भगवान की आंखों से कपड़ा नहीं हटा सकते। यह गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, राम मंदिर और नई प्रतिमा को लेकर नेताओं के उठाए सवालों पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा- विनाशकाले विपरीत बुद्धि।

## संक्षिप्त समाचार

### फिरोजपुर में पाक ड्रोन के गिराए हथियार बरामद

**जालंधर।** पंजाब के फिरोजपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने सीमा पार से आतंक फैलाने वालों के नापाक मंसूबों को सफलतापूर्वक विफल करते हुए पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि फिरोजपुर में गिराए हथियार और गोला बारूद बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फिरोजपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में 18-19 जनवरी 2024 की रात के दौरान एक ड्रोन गतिविधि के बारे में जागरूकता के परिणामस्वरूप बीएसएफ सैनिकों द्वारा एक विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई।

### डॉक्टर दंपति ने कर्ज से तंग आकर की आत्महत्या

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में शनिवार को एक चिकित्सक दंपति ने कर्ज के बोझ के कारण अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। बीना पुलिस थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने कहा कि दोनों चिकित्सक (बलबीर और मंजू कैथोरिया) जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर बीना शहर के नंदन कॉलोनी में स्थित अपने घर में मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि दंपति का बेटा, जो शहर से बाहर पढ़ाई कर रहा था, जब आज सुबह घर लौटा तो उसने शवों को देखा। अधिकारी ने बताया कि बलबीर को छत के पंखे के जरिये लगाए गए फंदे से लटका पाया गया, जबकि उनकी पत्नी का शव बिस्तर पर पड़ा था।

### विदेशी नागरिक के पेट से निकाली छह करोड़ की कोकीन

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई)की टीम द्वारा मुंबई में गिरफ्तार विदेशी नागरिक के पेट से डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर कोकीन से भरे 57 कैप्सूल निकाले हैं। इस कोकीन की कीमत 6 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मंदिर में की देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' अनुष्ठान में शामिल होने से ठीक पहले शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के दो मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किये और 140 करोड़ भारतीयों के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान मंदिर में अलग-अलग विद्वानों से कम्ब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुना। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री का भावनात्मक स्वागत हुआ। तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुचिरापल्ली में स्थित श्री रंगनाथस्वामी



मंदिर में जाकर दर्शन और पूजा से की। इस मंदिर में पूजे जाने वाले मुख्य देवता श्री रंगनाथ स्वामी हैं, जो भगवान विष्णु के शयन रूप में हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में 'श्री रामायण पारायण' कार्यक्रम में भाग लिया और अलग-अलग विद्वानों से कम्ब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुना। कार्यक्रम में आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडलियां संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया, बांग्लार, मैथिली और गुजराती में रामकथा (श्री राम की अयोध्या वापसी के प्रसंग का वर्णन) का पाठ किया गया।

प्रधानमंत्री ने मंदिर में आयोजित भजन संध्या में भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध कम्ब रामायणम को पहली बार तमिल कवि कंबन ने इसी मंदिर परिसर में सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया था। इसके बाद प्रधानमंत्री रामेश्वरम गये और वहां श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा की। इस मंदिर में पूजे जाने वाले मुख्य देवता श्री रामनाथस्वामी हैं, जो भगवान शिव का एक रूप हैं।

### लखनऊ में लगाई गई धारा 144, कई कार्यक्रमों के चलते लिया निर्णय

**लखनऊ।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, 25 जनवरी को हजरत अली का जन्म दिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 14 फरवरी को बसन्त पंचमी, 24 फरवरी को संत रविदास जयंती, 26 फरवरी को शबे बारात और 08 मार्च को महाशिवरात्रि समेत कई पर्व आयोजित किये जायेंगे। कई प्रवेश परीक्षाएं भी आयोजित की जायेंगी। इसको लेकर लखनऊ में उपेन्द्र कुमार अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, की तरफ से धारा 144 को लागू किया गया है। लोकसभा चुनाव के चलते वर्तमान में विभिन्न राजनैतिक पार्टी कार्यकर्ताओं भारतीय किसान संगठनों एवं विभिन्न प्रदर्शनकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन आदि से शान्ति व्यवस्था भंग हो सकती है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का किया दौरा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट के एक समूह से कहा कि 'मशीन लर्निंग' और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में रोजगार के लिए रचनात्मकता, अंतर्वैयक्तिक कौशल और बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण होगी. सिंह ने युवाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर उनका समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की सराहना भी की। सिंह ने एनसीसी कैडेट को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए रक्षा मंत्री पदक और प्रशस्ति पत्र भी दिए।

### आप नेता अशोक तंवर भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा देने वाले अशोक तंवर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। तंवर हरियाणा में एक बड़ा राजनीतिक चेहरा हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी में अशोक तंवर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अशोक तंवर हरियाणा में आम आदमी पार्टी की चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने 18 जनवरी को आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया था। इससे पहले अशोक तंवर कांग्रेस में थे। वह हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे। 2009-2014 तक सिरसा से सांसद भी रह चुके हैं।

## हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी की टीम पहुंची सीएम आवास

▸ ईडी अधिकारियों की पूछताछ जारी, सीएम का बयान होगा दर्ज

एजेंसी

**रांची ।** जमीन घोटाला मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी की टीम कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंच गयी है। ईडी की टीम छह गाड़ियों से मुख्यमंत्री आवास पहुंची है। इनमें दिल्ली से आए तीन अधिकारी भी मौजूद हैं। ईडी के अफसर ने पूछताछ शुरू कर दी है।

ईडी की टीम मुख्यमंत्री और उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा अर्जित संपत्ति के आर्थिक स्रोतों से जुड़े सवाल पूछ सकती है। साथ ही संबंधित बिंदुओं पर मुख्यमंत्री का बयान भी दर्ज किया जायेगा। इससे ठीक पहले राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन 11.50 बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

इसके अलावा झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी सीएम आवास पहुंचे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री ने महाधिवक्ता से विधिक सलाह लेने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री आवास बुलाया है। इसके अलावा रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा भी सीएम आवास पहुंचे और वहां मौजूद सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री आवास के बाहर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।


## ज्ञानवापी टैंक की सफाई का काम पूरा

▸ एससी के आदेश पर 26 लोगों की टीम ने दो घंटे में निकाला पानी

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर में वजूस्थल पर बने टैंक की सफाई का काम शनिवार को पूरा कर लिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर पालिका मत्स्य विभाग समेत 26 सदस्यीय टीम ने सफाई का काम पूरा किया। मौके पर वाराणसी के डीएम मौजूद रहे। इस दौरान सीआरपीएफ और पुलिस की तगड़ी सुरक्षा रही।

हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से साफ-सफाई की गई, दोनों पक्षों की सहमति से सफाई का काम



सही से हुआ है। वहां किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की गई है। सर्वे के दौरान जो स्थिति थी बिल्कुल वैसी स्थिति है। सफाई का काम 2 घंटे चला। वजूस्थल की सफाई के बाद मछलियों को बाहर निकाला गया। इनमें से 17 मछलियां मरी पाई गई, जिन्हें नगर निगम को सौंप दिया गया। वहीं, 38 जिंदा मछलियों को प्रशासन की मौजूदगी में मुस्लिम पक्ष को सौंपा गया। इसके बाद पूरे परिसर को फिर से सील कर दिया गया है। संरचना से कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। दोनों पक्षों ने संतुष्टि के साथ हस्ताक्षर किया। हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने कड से मांग की कि टैंक की मछलियां भगवान की हैं। उन्हें गंगा में प्रवाहित कर दिया जाए। हालांकि, डीएम ने कहा कि टैंक में मिलने वाली मछलियों पर मुस्लिम पक्ष का दावा है। उनका कहना है कि जो मछलियां जीवित निकलेंगी, वह उन्हें सौंपी जाएं।

### दो फरवरी से शुरू होगा यूपी विधानमंडल का सत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों (विधान सभा और विधान परिषद) का वर्ष 2024 का प्रथम सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। इस दिन उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल दोनों सदनों को विधानसभा मंडल में एक साथ संबोधित करेंगी। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने यहां जारी एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने 18वीं विधानसभा का वर्ष 2024 का प्रथम सत्र शुक्रवार दो फरवरी को आहूत किया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि दो फरवरी को सदन के सत्र की शुरुआत होगी और उस दिन पूर्वान्ह 11 बजे विधानसभा मंडप में राज्यपाल दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी।

## सीधी भर्ती में नियमित रूप से पढ़ाने वाले शिक्षकों को नहीं मिलेगा लाभ

समृद्धि न्यूज

▸ भर्ती में रेग्यूलेशन 10 लागू नहीं, एसोसिएट प्रो. व प्रोफेसर की पदोन्नति पर होगा लागू

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालयों और उससे सम्बद्ध कॉलेजों में एडहॉक या गेस्ट फैकल्टी के तौर पर पढ़ा रहे शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कहा है कि शिक्षकों के चयन में उनके अनभुवों पर अंक दिए जाएंगे। यह लाभ केवल यूजीसी के नियमों के तहत नियमित शिक्षकों को ही नहीं दिया जाएगा।

कोर्ट ने कहा है कि सहायक प्रोफेसर भर्ती में रेग्यूलेशन 10 लागू नहीं होगा। यह रेग्यूलेशन केवल एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर की पदोन्नति में लागू होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने गीतांजलि तिवारी व कई अन्य की अपीलों व पुनर्विचार अर्जी को तय करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा सहायक प्रोफेसर की सीधी भर्ती में नियमित अध्यापन अनुभव जरूरी नहीं है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती में शैक्षिक योग्यता मानक के अनुसार अध्यापन अनुभव केवल बेहतर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाने के लिए शार्टलिस्ट किए जाने की व्यवस्था की गई है। कोर्ट ने चयनित अध्यापकों के बारे में कहा क्योंकि वे याचिका में पक्षकार नहीं है। उनकी शार्टलिस्टिंग में क्राइटेरिया का पालन हुआ या नहीं।

## हैंडीक्राफ्ट में झलकती है परंपरा, लोगों को मिल रहा रोजगार

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सफेद बारादरी में किया हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में ग्रामश्री संस्था की क्राफ्ट रूट्स की ओर से आयोजित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार को सफेद बारादरी कैसरबाग में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया।

सीएम योगी ने कहा, हैंडीक्राफ्ट व्यवसाय में सरकार साथ दे रही है। पारंपरिक व्यवसायों को प्रोत्साहन के साथ युवाओं का कौशल विकसित किया जा रहा है। लोगों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। हैंडीक्राफ्ट में परंपरा झलकती है। सीएम योगी ने कहा, अगले दो-तीन वर्ष के अंदर ही





**क्राफ्ट प्रदर्शनी में उपस्थित राज्यपाल आनंदी बेन, सीएम योगी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव मौर्य व अवध प्रांत के सह मीडिया प्रभारी दीपक तिवारी व अन्य**

हमारे एक्सपोर्ट का काम दोगुनी से ज्यादा हो गया। यूपी सरकार ने खुला प्रोत्साहन दिया है। परिणाम भी बहुत अच्छे आए हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के कार्यक्रम को हमने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, एग्जीबिशन में हैंडीक्राफ्ट से जुड़े कारीगर और हस्तशिल्पी भी आए हैं। जिन्होंने अपने-अपने सेक्टर में नया काम किया है। आप स्वयं आत्मनिर्भर हैं और दूसरे लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं। उन्होंने कहा, ग्रेटर नोएडा में यूपी का पहला अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो लगाया गया था। जहां चार लाख से ज्यादा लोगों ने आकर खरीदारी की। 500 से ज्यादा बायर्स आए और ऑर्डर दिया।

आज अमेजॉन और फ्लिपकार्ट भी यूपी की योजना के साथ जुड़े हैं। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल भी मौजूद रहे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, ग्राम श्री रूट्स संस्थान को 1995 में शुरू किया था। उन्होंने कहा, क्राफ्ट रूट और ग्राम श्री का सृजन कैसे हुआ इसके बारे में मैं आप लोग को बताना चाहूंगी। उन्होंने कहा, अहमदाबाद गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी हमारे स्टेट की महिला मोर्चा के यहां आए थे।

उन्होंने हम लोगों को प्रेरणा दी कि आप लोगों को सोशल वर्क करना चाहिए और ऐसी संस्थाओं को बनाना चाहिए जो महिलाओं तक पहुंचे। चाहे वह आर्थिक, शिक्षा, हेल्थ के साथ इनकम जनरेट की दृष्टि से हो। 8-10 महिलाओं को नरेंद्र भाई ने बुलाया और प्रेरणा दी कि आप संस्था बनाएं। ग्राम श्री का पीएम मोदी ने ही दिया। आज मेरी बेटी ने इस पूरे संस्था को अपने कंधे पर लिया और आप लोग सहयोग करते हैं।

# समाज के हर व्यक्ति का हो संपूर्ण विकास

- यही है विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य कार्यः ब्लॉक प्रमुख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाज के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव-गांव पहुंचकर सभी हकदारों को जोड़ने का काम कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए समाज के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक भाजपा सरकार द्वारा योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं। उक्त बातें आज विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत हसनपुर में ग्राम प्रधान द्वारा



आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने व्यक्त किए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह ने द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी अवगत कराई गई। इस मौके पर विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंह द्वारा उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उनके विचारों को साझा किया गया और सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान त्रिवेदीगंज प्रेम नारायण दीक्षित प्रधान मोहम्मदपुर अभय प्रताप सिंह प्रधान थलवारा कुंवर रामानंद सिंह प्रधान पोखरा लल्लन बाबू प्रधान जमीन हुसैनाबाद जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान चौबीसी गौरव सिंह राहुल सिंह चौहान प्रमुख प्रतिनिधि नीरज वर्मा पूर्व प्रधान दादूपुर पंकज सिंह बाबा सहित सैकड़ो की संख्या में लाभार्थी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार की दोपहर थाना क्षेत्र के ग्राम साहबपुर मे एक 25 वर्षीय युवक ने अपने दो मंजिला मकान पर बने कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक शराबी प्रवृति का बताया जा रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एक पखवाड़ा पूर्व पत्नी के मायके जाने के बाद मृतक राजू गौतम पुत्र चंद्रिका प्रसाद अपनी माता सुगरा देवी के साथ पर था शनिवार की दोपहर नशे मे आया राजू अपनी माता से यह कहकर गया की ठंडक ज्यादा है हम अपने कमरे मे सोने जा रहे हैं और राजू अपने कमरे मे चला गया थोड़ी देर बाद राजू की मा जब दूसरी मंजिल पर गयी और कमरा अंदर से बंद देख आवाज दी लेकिन कोई जवाब न मिलने पर आस पास के लोगो को सूचना दी तो लोगो ने देखा राजू कमरे मे लगे छत के हुक मे लटक रहा है। नवजवान पुत्र के लटकते शव को देख घर मे कोहराम मच गया ग्रामीणों की सूचना प पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**एक पखवाड़ा पूर्व पत्नी गयी थी मायके**

मृतक राजू गौतम की पत्नी ममता देवी एक पखवाड़ा पूर्व अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ अपने मायके लखनऊ स्थित कांशीराम कालोनी गयी थी पति की मृत्यु की सूचना पर घर आयी पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है कभी अपने पति एव कभी अपने दूधमूहें पुत्र को देख रो रही है। वही बुढ़ापे मे सहारे की आस लगाए मा सुगरा देवी पुत्र की मृत्यु से बेसुध है।

## जनसुनवाई में आई 23 शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी आर जगत साई की अध्यक्षता व तहसीलदार वैशाली अहलावत के संयोजन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।दिवस में 23 शिकायतें आयी जिमसें से 6 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।जन सुनवाई के इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक सन्तोष सिंह, एसडीओ विद्युत रामगोपाल। सीडीपीओ अर्चना वर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी व राजस्वकर्मी उपस्थित रहे।

## संकटा देवी मार्ग निर्माण को देखने पहुंचे डीएम-एसपी

**लखीमपुर खीरी।** शहर के व्यस्ततम एवम् लाइफ लाइन कहे जाने वाले संकटा देवी मार्ग के चल रहे निर्माण का शनिवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के साथ जायजा लिया।

इस दौरान डीएम-एसपी ने सड़क निर्माण में अवशेष अतिक्रमण का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने मौजूद उप जिलाधिकारी (सदर) श्रद्धा सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर संजय कुमार को अवशेष अतिक्रमण को नियमानुसार अतिक्रमण हटवाकर गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

# निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में बांटे गए चश्मे




- शिविर के आयोजन में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी ने लिया हिस्सा
- नेत्र रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं हुई वितरित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर के बछरावां मार्ग पर स्थित जेके हेल्थ केयर अस्पताल पर सुषमा आई केयर एंड विजन सेंटर द्वारा एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी ने हिस्सा लिया। जेके हेल्थ केयर के प्रबंधक राजकुमार सोनी ने बताया कि एरा मेडिकल कॉलेज लखनऊ के डॉ विनम्र पांडे एवं केजीएमसी लखनऊ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दीपपाल अवस्थी द्वारा सैकड़ो नेत्र रोगियो का सफल परीक्षण का निशुल्क दवाएं वितरित की गई। आए हुए रोगियों में 14 रोगियों की जांच करके तुरंत चश्मा भी प्रदान किया गया और 6 मोतियाबिंद से पीड़ित रोगियों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से माता-पिता धाम के संचालक पंकज मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष भाजपा विकास पांडे विकी जयकुमार सोनी डॉक्टर विष्णु सोनी भाजपा नेत्री सविता रावत शिक्षक नेता विवेक कुमार गुप्ता दादा बेचू पाठक कुलदीप सोनी राजेश तिवारी प्रथमेश मिश्रा आशीष मौर्य आसिफ खान श्यामू राज आदि उपस्थित रहे।

# भगवामय हुआ हैदरगढ़, नगर पंचायत अध्यक्ष ने लगवाये झंडे



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अयोध्या में बने भव्य श्री राम मंदिर एवं भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देशवासियों से अपने आसपास बने मंदिरों की साफ सफाई कर अपने-अपने घरों में भगवा झंडा लगाकर फिर से दिवाली मनाने की अपील की है। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा पूरे नगर में भगवा झंडा लगाने का भव्य कार्य किया जा रहा है और साथ ही साथ नगर के प्रतिष्ठित मंदिरों पर रंग रोगन का कार्य भी कराया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष के इस कार्य की नगर वासियों द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही है।

# भाकियू ने संगठन विस्तार व खिचड़ी भोज का किया आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड हैदरगढ़ के पूरे मिश्रन मजरे रनापुर गांव में भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष डा हरीराम पाल के नेतृत्व में भाकियू टिकैत संगठन विस्तार व खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया तो वहीं संगठन विस्तार कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मा अनुपम वर्मा के नेतृत्व में आज गेरांवां, चकौरा, पूरे मल्लाहन,खानपुर, सरांय चंदेल आदि दर्जनों गांवों सहित सैकड़ों किसानों ने भाकियू टिकैत में आस्था जताते हुए भाकियू की सदस्यता ग्रहण किया, संगठन विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा द्वारा आगामी 26 जनवरी को भाकियू ट्रैक्टर परेड को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया और कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 26 जनवरी



को पूरे जनपद में सभी तहसीलों और सभी ब्लाक स्तर पर भव्य ट्रैक्टर परेड निकाला जाएगा।

वहीं खिचड़ी भोज में जिला अध्यक्ष के साथ साथ हजारों की संख्या में किसानों ने भीषण ठंड में खिचड़ी का आनंद लिया, उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मा अनुपम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह,लायक राम, जिला सचिव संतोष सिंह, तहसील अध्यक्ष अशोक सिंह, ब्लाक अध्यक्ष डाक्टर हरीराम पाल, नगर अध्यक्ष हैदरगढ़ मोहम्मद रईस, किसान नेता गया बक्स सिंह उर्फ कुल्लुर सिंह खानपुर, युवा किसान नेता मोहम्मद सलमान सरांय चंदेल, सराफत अली , इंद्रपाल, दीनानाथ ,शमसाद, रमेश कुमार, साबिर अली केसरी नंदन राम बहादुर पुत्तीलाल आदि हजारों किसान उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### लाइन मरम्मत के चलते आज सात घण्टे बिजली बाधित

**बाराबंकी।** रविवार को 220 केवी पावर हाउस पंडरा लाइन मरम्मत के चलते उससे चलने वाले पावर हाउस 33/11 केवी उपकेंद्र रसौली की विद्युत सप्लाई लाइन पर आवश्यक कार्य होने के कारण सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता विशांत वर्मा ने दी है उन्होंने बताया कि रविवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा जिसके चलते सप्लाई बाधित रहेगी।

### रक्तदान कर मनाया जन्मदिन



**दरियाबाद, बाराबंकी।** जन्मदिन पर लगातार 12वी बार रक्तदान करके समाजसेवी पत्रकार ने अपना जन्मदिन मनाया। दरियाबाद रेलवे स्टेशन निवासी समाजसेवी पत्रकार प्रदीप कुमार हर साल की तरह साल भी अपने अपने जन्मदिन को मानने के लिए जिला अस्पताल पहुचे और रक्तदान किया। प्रदीप कुमार ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा करने में उन्हें सुकून मिलता है।

### प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभायात्रा



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पावन अवसर पर नगर पंचायत सुबेहा में आज विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा का जगह-जगह पर रामभक्तो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वीरेंद्र राजकुमार वेद देवेंद्र संजय अभिषेक रणवीर सिंह रणधीर सिंह रणजीत सिंह विपिन सोनी संतोष श्रीवास्तव रवि सिंह रूपचंद चौरसिया रामकिशोर गुप्ता विपिन मौर्य रघुवंश साहू जितेंद्र वैश्य रामजस कश्यप विशाल रवि कुमार दिनेश निषाद कमलेश कुशमेश कृष्ण कुमार सहित आसपास के गांव से आए हजारों राम भक्त सम्मिलित हुए।

### 25 भेड़ों की हुई मौत, एक दर्जन की हालत गंभीर

**धौरहरा खीरी।** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि पशु चिकित्सक के गलत दवा देने से 25 भेंडों की मौत हो गई। और करीब एक दर्जन भेंडो की हालत गंभीर बताई जा रही है। भेडों के मालिक ने आरोप लगाते हुए कोतवाली धौरहरा पुलिस को तहरीर दी है। वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस द्वारा पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पीएम करवाया गया है। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुदरिया के मजरा पसियन पुरवा निवासी कन्हैया पाल का आरोप है कि रमियाबेहड़ पशु चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर विनीत कुमार द्वारा उनकी भेड़ों को गलत दवा दी गई।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी शिकायतें

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने तहसील रामसनेहीघाट के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। तहसीलदार रामसनेहीघाट ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी



को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 51 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 24 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 8 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 6 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से संबंधित 6 प्रार्थना पत्र, वन विभाग से संबंधित 3 प्रार्थना पत्र, अन्य विभाग से संबंधित 4 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट श्री राम आश्रय वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार रामसनेहीघाट, जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता संघ के चुनाव पर प्रशासन की पैनी नजर, डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ, लखीमपुर खीरी में नवीन कार्यकारिणी गठन के लिए आज चल रही निर्वाचन प्रक्रिया के दृष्टिगत डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश कुमार साहा ने मतदान स्थल पर पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान अधिकारियों से वार्ता की, सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। उक्त चुनाव के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने मुख्यालय पर मौजूद रहकर अधिवक्ता संघ की पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर सतर्क दृष्टि रख रहे। यही नहीं डीएम-एसपी ने तहसील सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की जन समस्याएं सुनी, संबंधित अफसरों को गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिए।




## आस्था से जुड़ा 400 वर्ष पुराना पेड़ टूट कर गिरा, ग्रामीण हुए भावुक

**लखीमपुर खीरी।** जिले के ईसानगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखपेड़ा मे सुबह बरसों पुराना निर्मित भुवनेश्वरी मंदिर प्रांगण में लगा करीब 400 साल पहले का पेड़ गिर गया। ग्राम वासियों मे इस बात को लेकर अत्यंत दुख है। ग्राम पंचायत लखपेड़ा में भुवनेश्वरी माता मंदिर पर करीब 400 सालों से नवरात्रि मेला लगता आ रहा है जिसमें दूर दराज के श्रद्धालु आकर पूजा पाठ करते हैं। उसी मंदिर का एक विशाल वृक्ष जड़ से उखड़ कर गिर गया। ग्रामीणों ने बताया कि मां जगदंबा की ऐसी कृपा रही इतना विशाल वृक्ष गिरने के बावजूद भी आस पड़ोस के घरों में कोई भी जनहानि नहीं हुई। एक बिजली का खंभा तथा मंदिर प्रांगण की बाउंड्री वॉल टूटी। माता जी के स्थान पर गिरे हुए वृक्ष को देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे लोग भावुक मन से दर्शन कर दुःख प्रकट कर रहे।

# राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित हुई श्री रामकथा

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

तहसील मितौली के ग्राम पंचायत कानाखेड़ा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बाबा पारस नाथ पर राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन मंदिर के सरवरा कार छोटकऊ गिरी के द्वारा कराया जा रहा है जिसमे तंबौर से पधारे रामकथा प्रवक्ता पंडित मिथलेश शुक्ला ( बबलू महाराज ) के द्वारा रामकथा के चतुर्थ दिवस में श्रीराम विवाह की कथा सुनाई और श्रोताओं को बताया की एक बार जब मां सीता पूजा स्थान को साफ कर रही थी तब उन्होंने शिव का दिया हुआ धनुष को उठा लिया यह सब मिथिला के राजा जनक ने ये देख लिया और और प्रतिज्ञा की मैं अपनी बेटी का विवाह उसी से करूंगा जो इस धनुष को भंग करेगा। राजा जनक ने स्वयंवर का एलान कर सभी देश विदेश के राजाओं को भी आमंत्रित किया और ऋषि विश्वामित्र को भी निमंत्रण भेजा।

विश्वामित्र ने अपने साथ राम लक्ष्मण को भी सीता स्वयंवर में ले गए। स्वयंवर में आए राजाओं में इतनी हिम्मत नही हुई की उस धनुष को हिला भी सके ये सब देख कर राजा जनक दुखी हो गए और कहा शायद प्रतिज्ञा पूरी नहीं होगी। धरती वीरों से खाली हो गई है।

# श्रीराम की भक्ति से ओतप्रोत हुआ लखीमपुर खीरी



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेभर में खासा उत्साह है। शहर के प्रमुख मार्गो, चौराहो, मंदिरों को न केवल भव्यता से सजाया बल्कि पूरा जिला श्रीराम की भक्ति से से ओतप्रोत हो चुका है। शासन के निर्देश, जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले में पौराणिक एवं प्रमुख मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों रामायण, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, रामनाम संकीर्तन आदि कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है।

**डीएम-एसपी ने मंदिर में किए दर्शन, जनपद की खुशहाली की कामनाः** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में प्रशासन की ओर से की तैयारियो एवं आयोजन का जायजा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भ्रमणसील रहकर लखीमपुर शहर के श्री जानकी जीवन (मुडिया-महन्त) मन्दिर, मिश्राना और संकटा देवी मंदिर में दर्शन कर जनपद की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान डीएम-एसपी ने अत्यधिक ठंड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के मद्देनजर निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए।

**21 को रामायण पाठ व 22 को होगा कन्या भोजः एसडीएम**

श्री राजगोपाल मन्दिर ट्रस्ट श्री अयोध्या जी, लखीमपुर–खीरी अधिकृत प्राधिकारी (रिसीवर) एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने बताया कि श्री जानकी जीवन (मुडिया–महन्त) मन्दिर में 21 जनवरी को रामायण पाठ का सुबह 10 बजे से शुभारंभ होगा। 22 जनवरी को रामायण पाठ पूर्ण होने पर 51 कन्याओं को कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने शहर वासियों से अपील की कि इस रामायण पाठ के धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हो।

- डीएम-एसपी ने मंदिर में किए दर्शन, जनपद की खुशहाली की कामना

# सड़क हादसे रोकने के लिए एआरटीओ ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

शीत ऋतु के दौरान कोहरे व धुंध के कारण ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर शनिवार को जिले की डीसीएम शुगर मिल अजबापुर में एआरटीओ आलोक कुमार ने चीनी मिल प्रबंधन के अधिकारियों के साथ तकरीबन 60 ट्रैक्टर ट्राली में रिफ्लेक्टर टेप एवं फ्लोरोसेंट पेंट कराया तथा लाल कपड़ा बांध गया। एआरटीओ आलोक कुमार ने बताया कि डीएम



की पहल पर लगातार वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप/ रेडियम पेन्ट लगाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने लगभग 200 ट्रक ड्राइवर एवं ट्रैक्टर चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया।

एआरटीओ ने यातायात नियमों की समुचित पालन करने, फॉग लाइट व डिपर का प्रयोग करने के दिशा-निर्देश दिए। बताया कि रात के समय अपने वाहन के खराब होने तथा अन्य किसी भी स्थिति में वाहन को सड़क पर खड़ा न करके सड़क से नीचे खड़ा करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। इस दौरान शुगर मिल के जनरल मैनेजर एवं सीओ पुलिस उपस्थित रहे।

**भ्रष्टाचार** — मनचाहे ठेकेदारों को सड़क और नाली निर्माण का दिया जाता हैं टेंडर

# ब्लॉक बिजुआ में इंटरलॉकिंग कार्य में हो रहा भ्रष्टाचार का खेल

**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भले ही ना खाऊंगा ,ना खाने दूँगा का नारा देते हो, लेकिन लखीमपुर खीरी के ब्लॉक बिजुआ में जमीनी हकीक़त इन सब से परे है।विकासखंड बिजुआ के अंतर्गत ग्राम पंचायत लखरावा में 80 मीटर बनाई जा रही इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में धड़ल्ले से घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।गांव के लोगों ने ठेकेदार और प्रधान सहित ब्लाक के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। मुख्यमंत्री योगी भ्रष्टाचारियों पर नकेल



लगाने की पूरी तरह से कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बिजुआ ब्लाक में मनचाहे ठेकेदारों को सड़क और नाली निर्माण का टेंडर दिया जाता हैं और यह ठेकेदार सड़क और नाली निर्माण में भ्रष्टाचार की ईट लगाने से बाज नहीं आते। लखरावा गांव में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। विकास के नाम पर इस भ्रष्टाचार के खेल में अधिकारी भी मौन बैठे हैं। किन्तु विकास के नाम पर क्षेत्र में कुछ नया नहीं हुआ।

खंड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी,व जेई मनरेगा की उदासीनता के चलते क्षेत्र के गावों को उचित विकास की डगर नहीं मिल पा रही है। इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों न बताया कि मानक विहीन कार्य किया जा रहा है,लेकिन ठेकेदार सुनता नहीं है।जब इसकी शिकायत करने के लिए खंड विकास अधिकारी बिजुआ का नंबर लगाया जाता तो किसी भी ग्रामीण का नंबर खंड विकास अधिकारी ने नही उठाया गया। ग्राम पंचायत के लोगों ने यह भी बताया कि यहां पर कार्य करवा रहे एक महोदय से जब कहा गया तो कहने लगे कि अगर दो पैसे मुझे नहीं मिलेंगे तो मैं अपने बच्चों को कैसे पालूंगा और सारी सामग्री मानकों के अनुरूप लगा दूँगा तो मुझे सड़क पर आना पड़ेगा। नीचे से लेकर ऊपर तक सभी को कमीशन देना पड़ता है। गांव के लोगों ने बताया कि खुलेआम पीले ईट से निर्माण कराया जा रहा है।

पक्की जोड़ाई में रेत व सीमेंट भी मानक के अनुसार नहीं मिलाया जा रहा है। इंटरलॉकिंग ईट लगाने के पहले नीचे बजड़ी के नाम पर पीले ईट तोड़कर डाला गया है। इससे सड़क चंद दिनों में ही जगह-जगह धंस जाएगी। इंटरलॉकिंग के हो रहे निर्माण में जमकर धांधली हो रही है। इंटरलॉकिंग में पीली ईंटों से बॉक्सिंग की जा रही है। जबकि मजबूती के लिए अव्वल ईंटों से बॉक्सिंग का निर्माण कार्य होने की बात बताई जा रही है।

# इंडिया गठबंधन मजबूत होगा, सीट से ज्यादा जीत जरूरी : अखिलेश यादव

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शनिवार को समीक्षा बैठक की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जयंत चौधरी के साथ 7 सीटों पर बात हो गई। कांग्रेस के साथ भी सीटों को लेकर बात हुई है। इंडिया गठबंधन मजबूत होगा। जल्द ही सीटों के शेयरिंग का निर्णय ले लिया जाएगा। सीट से ज्यादा जीत जरूरी है।

उन्होंने कहा, इलेक्शन कमीशन और बीजेपी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की और उन शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ। 18 हजार वोट 2022 में डिलीट कर दिए गए थे। इसलिए 23 को जब नई वोटर लिस्ट आएगी तब हमारे साथी इसमें सहयोग करेंगे की जिन लोगो का नाम कट गया उसके नाम जोड़े जाएं। बैठक में समाजवादी पार्टी के कौन से नेता को लोकसभा चुनाव में उतारा जाए इसको लेकर एक रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा, अगर कोई खुद चुनाव लड़ना चाहता है तो वह अपनी लोकसभा क्षेत्र की तैयारी के साथ जातीय आंकड़ा और क्यों उसको प्रत्याशी बनाया जाए इसकी एक डिटेल रिपोर्ट बनाकर वह पेश करें। वह लोकसभा क्षेत्र में किसी अन्य प्रत्याशी को टिकट देने की दावेदारी और उसके नाम का प्रस्ताव रख रहा है तो उसके बारे में भी डिटेल बनाकर दिया जाएं। फिलहाल अखिलेश यादव ने सभी पूर्व सांसदों और विधायकों से ये भी कहा यह चुनाव संविधान बचाने के लिए है। अगर इस चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अपना प्रदर्शन नहीं किया तो आगामी चुनाव में हम लोगों के लिए चुनौती बहुत कड़ी होती जाएगी।

# आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीमों ने संभाला मोर्चा

**▸ एनडीआरएफ की तीन टीमों को अयोध्या में किया गया तैनात**

**समृद्धि न्यूज**



**लखनऊ/अयोध्या।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह स्थल, अयोध्या में प्रधानमंत्री सहित हजारों की संख्या में अति विशिष्ट अतिथियों, साधु-संतों एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का आगमन हो रहा है। ऐसे में किसी भी प्रकार के प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं से निपटने हेतु मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक 11 वाहिनी एनडीआरफ वाराणसी के नेतृत्व में वाराणसी एवं एनडीआरएफ क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ तथा गोरखपुर से विशेष रूप से प्रशिक्षित एवं चिन्हित टीमों को तैनात किया गया है।

उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि यह हम सभी के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है की एनडीआरएफ के बचाव कर्मी के रूप में देश स्तर के इतने बृहद रूप के आयोजन के दौरान सेवा करने का मौका मिला है। एनडीआरएफ की तीन टीमों को अयोध्या में तैनात की गई है। जिसमें एक टीम केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर आपदा (सीबीआरएन) के लिए है, वहीं दूसरी टीम कॉलेप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू (सीएसएसआर) से संबंधित आपदाओं से निपटने के लिए सभी प्रकार के अत्यधिक राहत बचाव उपकरणों के साथ तथा हमारी तीसरी टीम को सरयू नदी में विभिन्न घाटों पर रेस्क्यू मोटर बोट, गोताखोर, पैरामेडिक, लाइफ जैकेट इत्यादि के साथ तैनात है। केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर (सीबीआरएन) से संबंधित आपदा से निपटने के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, डीआरडीओ संस्थान के द्वारा विशेष रूप से निर्मित हजमत वाहन को भी तैनात किया गया है। हजमत वाहन केमिकल बायोलॉजिकल रेडियोलॉजिकल न्यूक्लियर (सीबीआरएन) के किसी भी प्रकार के हमलों को रोकने में सक्षम है।

## प्राण प्रतिष्ठा बीजेपी का कार्यक्रम नहीं : केशव प्रसाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यकर्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम बीजेपी का नहीं, भगवान राम सबके है। उन्होंने कहा कि जिन्हे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता मिला वो भग्य शाली है। भगवान राम का निमंत्रण ठुकराना ठीक नहीं है। उन्होंने का कि जो राम से बैर कर रहे हैं उकनी खैर नहीं है। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर सपा-बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सपा- बसपा की लोकसभा चुनाव में जमानत जप्त हो जाएगा। तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि जिने हाथ राम राम भक्तों के खून से रंगे हैउन्हे जातना ने पहले ही नकार चुकी है।

# मंडलायुक्त ने निरीक्षण कर जाना विकास कार्यों का हाल

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब द्वारा आज कमता चौराहा, चिनहट चौराहा, मटियारी चौराहा व पॉलिटेक्निक चौराहा के रोड वाईडिनिंग/ब्लैक टॉप की बढ़ोत्तरी के किये जा रहे कार्यों का जायजा लेने के उद्देश्य से संबंधित स्थानों का औचक निरीक्षण किया। मौके पर नगर निगम, लेसा, लोक निर्माण व एनएचआई विभाग द्वारा समस्त सिविल कार्य अंतिम चरण में होते हुए पाया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कमता चौराहा, मटियारी और चिनहट चौराहा को स्मार्ट रोड की तरह सड़को को दोनों साइड विकसित किया जाये। उपरोक्त चौराहों पर गमले रखकर साज-सज्जा का कार्य अच्छे से करा लिया जाये। नगर निगम द्वारा चिनहट चौराहे पर अव्यवस्थित लगे होल्डिंग तत्काल हटाए जाने तथा जंक्शन से 50 मीटर दूरी तक होल्डिंग्स नहीं दिखने के निर्देश दिए गये। मटियारी चौराहा पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे कार्य में शिथिलता मिलने पर मंडलायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी मौके पर खड़े होकर कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

## सीएसआईआर-एनबीआरआई में प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** सीएसआईआर-एनबीआरआई संस्थान द्वारा दो दिवसीय गुलाब और ग्लैडिओलस प्रदर्शनी का शुभारम्भ वनस्पति उद्यान के केंद्रीय लॉन में आज किया गया, प्रदर्शनी का उदघाटन जस्टिस ए के श्रीवास्तव, जज, उच्च न्यायालय एवं डॉ. भास्कर नारायण, निदेशक, वै.औ.अ.प.-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के द्वारा आज वनस्पति उद्यान में किया गया। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. एस के तिवारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रदर्शकों के लिए 24 रनिंग चौलेंज शील्ड्स, कप, ट्राफ्यिों सहित 19 वर्ग (ए से आर) व 125 खंड हैं। इस प्रदर्शनी में विभिन्ध्न सरकारी, अर्द्ध सरकारी विभाग, स्वायत्त निकाय, व्यक्तिगत उत्पादक, महिलायें, नर्सरियों के लोग एवं मालियों से विभिन्ध्न वर्गो में प्रतिभागिता हेतु 47 प्रदर्शकों से कुल 448 प्रविष्टियॉ प्राप्ध्त हुईं। एनबीआरआई द्वारा प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण के रूप में नवनिर्मित राम मंदिर का फूलों से बना एक मॉडल भी बनाया गया हैं इसके अतिरिक्त अन्य आकर्षणों में संस्थान द्वारा एक विशेष पवेलियन को भी लगाया गया हैं जिसमे संस्थान के गुलाब एवं ग्लेडियोलस के संग्रह की चुनिंदा किस्मों को विभिन्न वर्गों एवं कट फ्लावर्स के रूप में प्रदर्शित किया गया है(

## भाजपा नेता नीरज सिंह ने स्वच्छता कर्मियों के साथ किया भोजन

**लखनऊ।** भाजपा महानगर में अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में मंदिरों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत कदम रसूल वार्ड के मोहन मिकिंग रोड स्थित आदि महाकवि वाल्मीकि मंदिर में स्वच्छता अभियान के उपरांत भाजपा नेता नीरज सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय, एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने स्वच्छता कर्मियों के साथ बैठ करके सह भोज किया। वरिष्ट भाजपा नेता नीरज सिंह ने स्वच्छता कर्मियों से वार्ता कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए सरकार की योजनाओं के लाभ बताए। नीरज सिंह ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जाति वर्ग तक समान रूप से बिना भ्रष्टाचार के पहुंचे यही भाजपा सरकार का उद्देश्य है।

# खबरें एक नजर में

## धूमधाम से मना लविवि कुलपति का जन्मदिन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय के जन्मदिवस के अवसर पर श्री बाबा नीम करौली जी महाराज आश्रम (हनुमान सेतु) पर भोजन एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को भोजन एवं कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक इन्द्र दमन तिवारी ने कहा कि प्रो. राय जैसा यशस्वी कुलपति मिलना लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है, वे विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों की सूची में अग्रिम पंक्ति में लाने को सदैव प्रयासरत रहे हैं, उनके जन्मदिवस पर यह कार्यक्रम आयोजित कर उनके दीर्घायु होने एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस अवसर पर अंकुर त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, विपुल उपाध्याय, प्रकाशवीर, गौरव गुर्जर, मनीष तिवारी, रुद्र प्रताप एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## केजीएमयू के रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके के ठंड के बीच शनिवार को केजीएमयू यानी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के रेजिडेंशियल ब्लॉक में आग लग गई। डॉक्टरों के आवासीय ब्लॉक में टाइप 4 और टाइप 5 विंग के 6वें फ्लोर में आग लगी। आग इतनी तेजी से फैली की आग की लपटें एक किलोमीटर दूर तक दिखाई पड़ने लगी। इस बीच मौके पर अग्निशमन दल पहुंचा। किसी तरह फ्लैट के अंदर के लोगों को बाहर निकाला गया, फिर बिल्डिंग भी खाली कराई गई। इस बीच कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग भी इकट्ठे हो गए। वही चिकित्सा विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक आग बड़ी थी पर समय पर काबू पा लिया गया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि 6वें फ्लोर के बी-607 नंबर फ्लैट में अचानक भीषण आग लगी गई। ये फ्लैट पैथोलॉजी विभाग की चिकित्सक डॉ.मालती के नाम अलॉट किया गया हैं। घटना बेहद गंभीर हो सकती थे पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने तत्काल हरकत में आते हुए आग पर काबू पा लिया और बड़ी घटना होने से बच गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है सभी लोग सुरक्षित हैं।

## आरटीई में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू,18 तक करें अप्लाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आरटीई के तहत स्कूलों में प्रवेश के लिए फर्स्ट राउंड की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो गई। इसके तहत बच्चों के अभिभावक जिस वार्ड में रहते हैं, उसी में आने वाले विद्यालयों में आवेदन कर सकता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने आदेश जारी कर दिए हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए 18 फरवरी तक मौका दिया गया है। 19 से 25 फरवरी तक आवेदन पत्रों का वेरिफिकेशन करके उन्हें लॉक किया जाएगा। इसके बाद 26 फरवरी को लॉटरी निकाली जाएगी। जनरल में ईडब्लयूएस केटेगरी के लिए आय प्रमाण पत्र एक लाख रुपये या उससे कम होना चाहिए। वही रिजर्व केटेगरी के लिए यानी ओबीसी, एससी और एसटी आवेदकों के लिए जाति प्रमाण पत्र आवश्यक है। बच्चे के अभिभावक का निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना जरूरी है।

## डीजी ने दी 15 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पिछले वर्ष सितम्बर से दिसम्बर तक स्कूलों में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे शिक्षकों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड न करने वाले 15 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों के खिलाफस्कूल शिक्षा के महानिदेशक ने चेतावनी जारी की है। डीजी स्कूल शिक्षा डीजी कंचन वर्मा ने सोनभद्र, झांसी, गाजियाबाद, एटा, जौनपुर, मिर्जापुर, मैनपुरी लखीमपुर खीरी, अमेठी, गोरखपुर, फर्रुखाबाद, कौशाम्बी, बलिया, गौतमबुद्धनगर तथा बहराइच के बीएसए के खिलाफपत्र जारी कर संबंधित बीएसए को लिखा है कि सितम्बर व अक्तूबर में 20 प्रतिशत से अधिक शिक्षक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये थे। अकेले दिसम्बर में 8,665 शिक्षक अनुपस्थित मिले, जिनमें से 1,651 शिक्षकों के विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं की गई या फिर कार्रवाई को पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया। यह स्थिति खेदजनक है।

## शराब के नशे में धुत दबंगों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां क्षेत्र के रामदासपुर निवासी गुरू प्रसाद ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते गुरूवार की रात को बेटा चेतराम निगोहां से घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के शराब के नशे में धुत हरिकेश रावत, मनोज, अनुज, राजू के साथ मिलकर गाली-गालौज करते हुये लाठी डंडो से बेटे चेतराम की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया।बेटे की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपियों के विरूद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। 18 से 19 जनवरी को यह अभियान मुख्य परिसर और दूसरे परिसर में लड़कियों और लड़कों के छात्रावासों से शुरू हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों जैसे वाणिज्य, व्यावहारिक, व्यवसाय प्रशासन, कानून, लोक प्रशासन, प्राच्य संस्कृत, गणित, हिंदी और मनोविज्ञान विभाग ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और सामूहिक रूप से विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता बढ़ाने में योगदान दिया।

## सिर्फ 705 टैबलेट उपयोग में, डीजी स्कूल शिक्षा खफा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दो महीने बाद भी 2.09 लाख में मात्र 705 टैबलेट ही उपयोग में आ रहे हैं। प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने और शिक्षकों की आनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए 2.09 लाख टैबलेट वितरित किए गए थे। इनमें से वर्तमान में मात्र 705 टैबलेट ही उपयोग में लाये जा रहे हैं। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए सारा ब्योरा तलब किया है।

## मायावती ने पदाधिकारियों के साथ किया मंथन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को लेकर एक अहम बैठक शनिवार को बुलाई। इस बैठक में प्रमुख रूप से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सभी राज्य स्तरीय पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर देखा जा रहा है। बसपा प्रमुख मायावती शनिवार की बैठक में पदाधिकारी से अब तक किए गए बूथ और जिले के कार्यों की समीक्षा की रिपोर्ट मांगी गई और इसके अलावा संभावित प्रत्याशियों के नाम का पैनल को लेकर चर्चा हुई।



# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## प्राप्त शिकायतों को पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित को दिलाएं न्यायः मोनिका रानी



**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील नानपारा में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। उल्लेखनीय है कि तहसील नानपारा में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 56 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 20 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 21 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 21 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 75 में 02, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 10 में 01 तथा पयागपुर में प्राप्त 56 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

### सीडीओ ने गर्भवती महिलाओं की करायी गोदभराई

तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये पण्डालों का निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं अर्चना वर्मा, समीरून, रीना व रीमा तथा 02 बच्चों सना व इमरान को अन्नप्रासन्न कराया।

## भारत-नेपाल के उच्चधिकारियों की सुरक्षाबलों के साथ हुई समन्वय बैठक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल बॉर्डर सीमा क्षेत्र में जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की उपस्थिति मे दोनों देशों के उच्चाधिकारियों के बीच सीमा सुरक्षा समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, आगामी गणतंत्र दिवस तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान दोनों देशों के उच्चाधिकारियों द्वारा भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में संवैधानिक गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखने हेतु सहमति जताई गई।



## युवक ने लगायी फांसी, परिवार में कोहराम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रामपुर गांव में रिश्तेदारी में आए एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ने आत्महत्या क्यों की, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिगड़ा के मजरा तूलापुरवा निवासी बाऊर (40) पुत्र काशी राम अभी कुछ दिन पहले ही दिल्ली से आया था। वह वहां पर मजदूरी करता था। दो दिन पूर्व वह पत्नी के नाना के यहां रामपुर गांव में आया था। यहां पर उसका शव शनिवार को फंदे से लटकता मिला।सुबह शव मिलने की जानकारी से लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उसने आत्महत्या क्यों की है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। मालूम हो कि मृतक के चार बच्चे हैं। सबसे बड़ा बेटा 10 वर्ष का है।

# जिले में कई स्थानों पर समरसता भोज आयोजित



▸ नारी शिक्षित है तो परिवार भी शिक्षित होगाः सुनीता

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्र सेविका समिति खण्ड पखरपुर द्वारा ग्राम दतौली में खण्ड की संपर्क प्रमुख मंजू सिंह द्वारा मकर संक्रांति उत्सव एवम समरसता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्र सेविका समिति बहराइच विभाग की विभाग कार्यवाहिका सुनीता का मागदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने सामाजिक समरसता एवम समाज में महिलाओं की भूमिका प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित किए बिना शिक्षित समाज का सपना सरकार नहीं हो सकता अगर नारी शिक्षित है तो परिवार भी शिक्षित होगा। इस अवसर पर खंड की सैकड़ो मातृ शक्तियां उपस्थित रही। इसी क्रम में बहराइच नगर के सूफी पूरा स्थित सावित्री लान में राष्ट्र सेविका समिति बहराइच की सेविका बहनों द्वारा मकर संक्रांति उत्सव एवम समरसता भोज का आयोजन किया गया । इस अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति बहराइच विभाग की विभाग कार्यवाहिका सुनीता का मागदर्शन प्राप्त हुआ।

उन्होंने सामाजिक समरसता एवम समाज में महिलाओं की भूमिका प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्ष समाज सेविका मधु ने की। इस कार्यक्रम में नगर कार्यवाहिका रीना सह नगर कार्यवाहिका प्राची नगर निधि प्रमुख रेखा एवं सेविका दीपा संपर्क प्रमुख अंजली सह नगर सम्पर्क प्रमुख स्मिता बौद्धिक प्रमुख स्वेता सह बौद्धिक प्रमुख गरिमा, सेविका साधना ,खण्ड सम्पर्क प्रमुख मंजू, भाजपा नेत्री एकता, शिखा त्रिपाठी ,डाक्टर ज्योति सहित कई मातृ शक्तियों कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

# प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व आयोजित हुआ झंडा वितरण कार्यक्रम

▸ स्वर्ण आभूषण कारीगर कमेटी के द्वारा किया गया वितरण


**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

घंटाघर स्थित सुनार मंडी में श्री रामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर झंडा वितरण किया गया। शनिवार को जिले के घंटाघर चौक स्थित सुनार मंडी में स्वर्ण आभूषण कारीगर कमेटी के द्वारा झंडा वितरण किया गया।

इस दौरान महामंत्री मंथन पाटिल द्वारा लोगों को श्री राम जी का झंडा वितरण किया गया। इस अवसर पर झंडा रैली निकाली गई जो श्री सुनार मंडी से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई । मंथन पाटिल ने बताया कि 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में झंडा वितरण किया जा रहा है।इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष सोनी, उपाध्यक्ष नीरज सोनी, उपमंत्री शिव शंकर सोनी, मंत्री पंकज सोनी, आडिटर रहमान बंगाली, कोषाध्यक्ष अमित सोनी,राज सोनी रामू रामपुर आदि उपस्थित रहे।



# एसएसबी की बटालियन को मिला वाहिनी का खिताब



▸ गृह मंत्री अमित शाह ने कमांडेंट गंगा सिंह उदावत को दी ट्राफी

**बहराइच। समृद्धि न्यूज**

42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जनपद बहराइच द्वारा सर्वश्रेष्ट वाहिनी का ख़िताब अपने नाम किया। जिसे गृह मंत्री अमित शाह ने गंगा सिंह उदावत,कमांडेंट 42वी वाहिनी को सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस हीरक जयंती के अवसर पर गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह ने शनिवार को आयोजित समारोह प्रशिक्षण केंद्र सलोनीवाडी, असम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि को जवानो के द्वारा सलामी, मार्च,सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न साहसिक करतलो का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान बल के गौरवशाली 60 वर्षो के इतिहास को बताया गया कि बल किस प्रकार स्पेशल सर्विस ब्यूरो से सशस्त्र सीमा बल की भूमिका में आया और केन्द्रीय सशस्त्र बलों में अपनी सर्वाधिक लोकप्रियता वाला बल बना। सशस्त्र सीमा बल पहला सीमा रक्षक बल है जिसने महिलाओं की भर्ती की तथा महिलाएं विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों में पुरुषों से कंधे से कन्धा मिलकर ड्यूटी का निर्वहन कर रही है। बल की प्रचालन एवं अहम विभिन्न गतिविधियों के आंकलन के आधार पर मुख्यालय एवं वाहिनी जो प्रथम रही है उनको गृह मंत्री द्वारा ट्रॉफी अलंकृत किया।

जिसमे 42वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जनपद बहराइच द्वारा सर्वश्रेष्ट वाहिनी का ख़िताब अपने नाम किया। जिसे गृह मंत्री ने गंगा सिंह उदावत,कमांडेंट 42वी वाहिनी को सर्वश्रेष्ठ वाहिनी का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। गृहमंत्री ने अपने भाषण में बल के कार्यों की सराहना की तथा बल के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

## खबरें एक नजर में

### सुधीर यादव ने पास की नेट परीक्षा, क्षेत्र में खुशी की लहर

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** सुधीर यादव ने राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास किया है। वे मूल रूप से तरब गंज तहसील के राम पुर टेंगरहा गांव के निवासी है। समाज शास्त्र विषय मे राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास किया है। इस से क्षेत्र के लोगो मे खुशी की लहर दौड़ गई। अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वगीय माता पिता को दिया है।

### नगर में निकली शोभायात्रा, नागरिकों ने किया अभिनन्दन

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** शनिवार को विद्या भारती के तत्वाधान में आगामी 22 जनवरी को रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त छात्र-छात्राओं द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं सीता और लक्ष्मण जी की सजीव रूप में शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज माधवपुरी से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जहां शहर के समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने प्रभु श्री राम लक्ष्मण और माता सीता के सजीव स्वरूपों का पुष्प अर्पित कर स्वागत किया। शोभायात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व आरएसएस के विभाग प्रचारक डॉ. अवधेश ने रथ पर विराजे तीनों स्वरूपों की आरती उतारकर माल्यार्पण किया। ततपश्चात यात्रा प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्गों से निकली।रथ पर लव कुश के रूप में बैठे दो बालक हम कथा सुनाते राम सकल गुणगान की का गायन कर नागरिकों का मन अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। शोभायात्रा में सबसे आगे चल रहे बैंड में रामधुन लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र एवं विद्यालय के प्राचार्य रवि ,भूपेंद्र, धर्मेंद्र, विनोद,नगर प्रचारक दौलत,आचार्य अनूप , आलोक ,जितेंद्र , ऋषि शंकर , नीरज,संजीव बाजपेई ,नारायण दत्त ,राजेंद्र,मनोज,गुरप्रीत, नीरव,मुदित,राजकुमार ,सोनम, लक्ष्मी शाहिद सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### बालू खनन पर अधिकारियों ने मारा छापा, 8 ट्रक सीज़



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** अवैध रूप से खनन कर भारी मात्रा में बालू डम्प करने की सूचना पर खनन व राजस्व विभाग की टीम ने छापा मारा। बताते हैं कि इस दौरान मौके पर बालू डम्प पाया गया लेकिन कोई मिला नहीं। हालांकि, एसडीएम तरबगंज का कहना है कि आठ ट्रक बालू लदा पकड़ा गया है जिनके खिलाफ कार्रवाई की गयी है। तरबगंज तहसील के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या-गोरखपुर फोर-लेन हाईवे के बगल ग्राम पंचायत लोलपुर के सामने अवैध रूप से भारी मात्रा में बालू खनन कर डंप किया जा रहा था। इसकी सूचना खनन विभाग व एसडीएम तरबगंज को दी गई। सूचना मिलने पर खनन निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक की टीम मौके पर पहुंची। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में लीपापोती की जा रही है। यही वजह है कि जिम्मेदार अधिकार कुछ भी सही जानकारी देने से बच रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव ने बताया कि लोलपुर के पास प्रवर्तन टीम व खनन निरीक्षक द्वारा आठ ट्रक बालू लदा पकड़ा गया है। रायल्टी जमा न होने के कारण चार लाख रूपये जुर्माना किया गया है।

# लायंस क्लब गोंडा अवध ने वितरित किए कंबल

## इस बार बंधे पर रह रहे बाढ़ पीड़ितो एवं आसपास के बुर्जुगों एवं ग्रामीणों का किया गया चयन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

लायंस क्लब गोंडा अवध के पदाधिकारीयो ने भीषण शीतलहर के प्रकोप से बधों पर गुजर-बसर कर रहे बाढ़ पीड़ितों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के असहाय वृद्ध जनों एवं दिव्यांगों को कंबल व कुछ गर्म कपड़े देकर राहत पहुंचाने का प्रयास किया।

जनपद का माझा क्षेत्र हमेशा की तरह इस बार भी बाढ़ की विभीषिका से ग्रसित रहा है।

आज भी बाढ़ पीड़ित बंन्धे पर झोपड़पटीयां बनाकर गुजर बसर करने को मजबूर है लायंस क्लब गोंडा अवध की टीम ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मांझा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पल्हापुर चचरी गुरदहा प्रतापपुर और घरकुइयां के जरूरतमंद वृद्ध जनों एवं दिव्यांगों का चयन कर कंबल एवं गर्म कपड़े वितरित किया

इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के निदेशक लायन दिलीप सिंह ने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में हम सभी का फर्ज बनता है कि अपने से कम भाग्यशाली लोगों की सेवा करें एवं उन्हें राहत पहुंचाने का पूरा प्रयास करें नर सेवा ही नारायण सेवा है कार्यक्रम में लायंस क्लब गोंडा अवध के अनिल अग्रवाल सुदेश मोहन अविनाश तुलस्यान का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ कार्यक्रम के आयोजन एवं पात्र व्यक्तियों के चयन में क्षेत्र के योगेन्द्र प्रताप सिंह गब्बू सिंह प्रधान प्रतापपुर,बंशराज सिंह,रंजीत सिंह, रवि कुमार गोस्वामी विष्णु प्रताप सिंह ,संदीप,गोली सिंह,राघवेंद्र सिंह,राम गोपाल, जटाशंकर ,अंशुमान ,माधव राज मास्टर ,आशीष ,शुभम ,प्रिंस आदि का विशेष सहयोग रहा इस सेवा कार्य को देखकर क्षेत्र के लोगों ने लायंस क्लब गोंडा अवध के इस पुनीत सेवा कार्य करने की सराहना की।





## खेत से बरामद हुआ तेंदुए का शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मुर्तिहा रेंज के लालबोझा गांव में खेत के टीले पर शनिवार सुबह तेंदुए का शव बरामद हुआ। तेंदुए के शरीर पर गहरे चोट के निशान भी है। ऐसे में शिकारियों द्वारा हमले की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि जांच के बाद ही कुछ पता चलेगा। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के वन्यजीवों पर आफत आ गई है। कहीं बाघ तो कहीं तेंदुआ अज्ञात कर्म से दम तोड़ रहे हैं। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मूर्तिहा रेंज अंतर्गत लालबोझा गांव में स्थित खेत के टीले पर शनिवार सुबह एक तेंदुए का शव पड़ा मिला। उसके शरीर पर गहरे धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। ऐसे में तेंदुआ पर किसी ने हमला किया है। या वह शिकारियों का शिकार हो गया। इसको लेकर चर्चा चल रही है। अभी तक कोई भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। इस मामले में डीएफओ बी शिवकुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदुए के मौत की जानकारी मिली है। मौके पर वन कर्मियों की टीम को भेजा जा रहा है। वह स्वयं जा रहे हैं।



## अजगर मिलने से ग्रामीणों में दहशत

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास खंड परसपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोहंगपुर स्थित गन्ने के खेत मे विशाल अजगर सांप के मिलने से ग्रामीणों में दहशत है। प्रधान प्रतिनिधि सतीश मिश्र ने बताया कि करीब बीस दिनों के भीतर यह तीसरा अजगर सांप मिला है।उन्होंने कहा कि लग रहा है कि यहाँ कहीं पर अजगर सर्पो की माँद है जिससे आये दिन अजगर कहीं ना कहीं पर देखने को मिलते रहते है। बताते चलें कि शुक्रवार को लोहंगपुर कम्पोजिट विद्यालय के समीप शम्भूनाथ के गन्ने के खेत मे एक बड़ा सा अजगर साँप देखा गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी राम सजीवन दूबे ने उक्त अजगर को पकड़कर बोरे में भर लिया। वनकर्मी ने बताया कि इसको यहाँ से ले जाकर जंगल मे छोड़ दिया जायेगा।

# डीएम ने पसका मेला स्थल व स्नान घाट का किया निरीक्षण

▸ पसका मेला प्रारम्भ से पहले सारी व्यवस्थायें चाक चौबंद के दिये निर्देशः डीएम

**करनैलगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



शनिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तहसील करनैलगंज अंतर्गत आगामी आयोजित होने वाले पसका मेला की तैयारियों के संबंध में मेला स्थल एवं स्नानघाट सहित अन्य स्थानों पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण कर लिया गया जायजा। इसके साथ ही घाट के आस पास लाइटिंग व्यवस्था कराने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पसका मेला प्रारम्भ से पहले सारी व्यवस्थायें चाक चौबंद करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां की मेला प्रारंभ होने से पहले मेला स्थल एवं स्नानघाट सहित सभी स्थानों पर सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। ताकि मेला के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने तुलसीदास जी का रामायण भवन का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं सही कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्नलगंज विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, नायब तहसीलदार देवेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, एक्सईएएन बाढ़खंड बीएन शुक्ल, खंड विकास अधिकारी परसपुर जेएन राव, एसओ परसपुर, ग्राम प्रधान पसका, पसका मेला कमेटी के समस्त पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा संग भारत में हो रहा रामराज का आगमन : डॉ बृजेंद्र



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम लला के विराजमान होने की प्रसन्नता आस्था के रूप में समाज में प्रवाहित हो रही है हर कोई इस आयोजन से अपने को जोड़कर एक छोटा पुष्प राम के चरणों में समर्पित कर रहा है। भारत में ही नहीं किंतु विश्व के कोने-कोने में राम की प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास है। प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत में एक प्रकार से रामराज का आगमन हो रहा है। उक्त विचार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर के सभागार में संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने भजन गायन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

भजन गायन कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं राम जी के चित्र पर पुष्पा अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।शनिवार को आयोजित भजन गायन कार्यक्रम में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के बालिकाओं द्वारा मनमोहक भजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भैया बहनों को सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य उमाशंकर तिवारी एवं बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए राम के जीवन आदर्श पर चलने का आग्रह किया भजन कार्यक्रम में भगवान राम के ऊपर अभिनय किए हुए गीतों का प्रस्तुतीकरण बच्चों द्वारा किया गया । इन प्रस्तुतियों में सजा दो घर को गुलशन सा, कभी राम बनके कभी श्याम बनके, आज गली-गली अवध मनाएंगे, नगरी हो अयोध्या सी, हमारे साथ श्री रघुनाथ सहित अन्य भजनों का मनमोहन गायन किया गया।

आयोजन — संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# आयुक्त व डीआईजी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील तरबगंज में आयुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील तरबगंज में कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 5 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।



शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, वजीरगंज सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने गरीबों को बांटे कंबल



**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड बछरावां के ब्लॉक सभागार में प्रदेश सरकार स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आगामी 22 तारीख अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

आगामी 22 तारीख को प्रत्येक गांव में दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी चुनाव के बाद आपके सुख-दुख में खड़े होने का काम नहीं करती हैं जबकि आपका बेटा दिनेश प्रताप सिंह आपके सुख दुख में खड़े होने का काम निरंतर कर रहा हैं।

आगामी लोकसभा चुनाव में आपके घर का बेटा केंद्र की सरकार में आपके सुख-दुख के लिए खड़ा मिलेगा। श्री सिंह ने कहा कि केंद्र में मोदी की सरकार एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर गरीब के लिए सैकड़ो योजनाएं चलाकर लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।

पूर्ववर्ती सरकारों में गरीबों का बहुत ही बुरा हाल था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर गरीब को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## सामाजिक समरसता प्रमुख के जन्मदिवस पर कंबलों का हुआ वितरण



**बछरावां,रायबरेली।** सामाजिक समरसता प्रमुख एवं वरिष्ठ प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीमान राजकिशोर के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र की कन्नावा ग्राम सभा में स्थित रायल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शिवशंकर सिंह के द्वारा सामाजिक समरसता टीम बछरावां की अगुवाई में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि कंबल वितरण का यह कार्यक्रम नगर पंचायत बछरावा के विभिन्न वार्डों में किया गया जिसमें जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को कंबल बांटे गए। कंबल वितरण के इस मौके पर सतीश सिंह, शिवकुमार गिरी, जितेंद्र सिंह, सचिन चौधरी, अनिल कुमार उर्फ अप्पू, आयुष चौधरी, हरीश ठेकेदार, विजय जायसवाल, नरेंद्र चौधरी, नदीम सभासद, राजकुमार सोनी, जयचंद, मयंक रंजन द्विवेदी, प्रमोद साहू,अखिलेश मिश्रा, रामचंद्र साहू, शंभु दयाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 28 शिकायतों में किसी का नहीं हुआ निस्तारण

- प्रचार-प्रसार न होने की वजह से फरियादियों का दिखा टोंटा



**महराजगंज, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

प्रचार प्रसार ना होने की वजह से फरियादी तहसील में ही टहलते रह गए और ब्लॉक परिसर में हो गया समाधान दिवस पिछले समाधान दिवस से ब्लॉक परिसर में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है वही फरियादियों का टोटा दिखाई पड़ता है। क्योंकि तहसील समाधान दिवस को ब्लॉक परिसर में जब से शिफ्ट किया गया है किसी प्रकार का कोई भी प्रचार प्रसार नहीं किया गया जिससे फरियादी पहले वाले स्थान तहसील परिसर में इधर-उधर देखने के बाद अगर उनको कोई नहीं बताता तो बैरग वह वापस लौट जाते हैं अब इसे अधिकारियों की हीला हवाली या लापरवाही कहें या फिर सरकार द्वारा चलाया जा रहा तहसील समाधान दिवस में रुचि कम ले रहे हैं ।संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ब्लॉक परिसर में किया गया जिसकी अध्यक्षता महराजगंज उप जिला अधिकारी राजित राम गुप्ता द्वारा की गई संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 28 शिकायत आई किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका राजस्व विभाग की 13 शिकायत पुलिस विभाग की पांच शिकायत विकास से संबंधित दो शिकायत से और आठ अन्य शिकायतें तहसील दिवस में आई।



## साज-सज्जा देखने मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत मंदिरों की साफ सफाई साज सज्जा को देखने के लिए ऊंचाहार क्षेत्र के पचखरा गांव में स्थित हनुमान मंदिर पहुंची जहां जनपद के सभी प्रमुख मंदिरों की साफ सफाई व साज सज्जा के निर्देश दिए हैं, जिलाधिकारी हनुमान मंदिर में पहुंचकर साफ सफाई व साज सज्जा का जायजा लेने के साथ ही हनुमान मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर एसडीएम ऊंचाहार तहसीलदार दीपिका सिंह विकास खंड अधिकारी ऊँचाहार मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में डीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

- 58 शिकायतों में 8 का मौके पर ही निस्तारण
- सभी पात्र व्यक्तियों को मिले सरकारी योजनाओं का लाभः डीएम



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील ऊंचाहार में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याओं को सुनते समय संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और बिना वजह किसी भी नागरिक को परेशान न किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यालय में समय से बैठे ताकि तहसील दिवस पर कम से कम समस्याएं आए। जिलाधिकारी के सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, राशन, राजस्व तथा विकास से संबंधित मामले आए। राजस्व संबंधित मामलों में उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मिलकर मामले की जांच पड़ताल करने के उपरांत ही निर्णय दें। निर्णय देते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को दिया जाए।

समाधान दिवस में 58 शिकायतें आईं जिसमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी ऊँचाहार, तहसीलदार ऊँचाहार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल का तहरी भोज संपन्न

**बछरावां,रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की बछरावां इकाई के द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित कुशवाहा मार्केट के प्रांगण में तहरी भोज का आयोजन किया गयाद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ विजयपाल यादव ने बताया कि अयोध्या में 500 वर्षों की प्रतिक्षा के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे, प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आज हमारे व्यापार मंडल के द्वारा तहरी भोज रविवार को किया जाएगा तहरी भोज के इस मौके पर पूर्व विधायक रामलाल अकेला, मनोज मिश्रा, चंद्रप्रकाश गुप्ता, ओमिक सोनी, अमित वर्मा, राकेश सोनी, राजकुमार सोनी,भूपेश कुशवाहा, विकास सोनी, स्वप्निल गुप्ता, अंजनी कुमार गुप्ता, बब्बू बैटरी, सभासद राजकुमार सोनी, चिंटू सहित व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ जन सहित आम जनमानस मौजूद रहा।

## प्रधान ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत



**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा हसनपुर ग्राम पंचायत पहुंची जहां ग्राम प्रधान केशव चौधरी ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया ।विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला रहे वही आए हुए अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर ग्राम प्रधान केशव चौधरी ने उनका स्वागत और सम्मान किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगे शिविर में आए हुए ग्रामीणों को वृद्धा पेंशन प्रधानमंत्री आवास शौचालय एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर दिलीप यादव पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा उमेश कुमार प्रधान सुरेश मौर्य मंडल अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र डॉक्टर अमरेंद्र मौर्य डॉक्टर अंकित कृषि विभाग सिद्धनाथ तिवारी उमेश कुमार यादव शाखा प्रबंधक ग्रामीण बैंक महराजगंज राम उदित चौरसिया सूर्यकांत अवस्थी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध निर्माण पर विकास प्राधिकरण ने लगाई सील

**रायबरेली।** रायबरेली विकास प्राधिकरण की ओर से शहर में चलाए जा रहे अवैध निर्माण व प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान के तहत शनिवार को प्रवर्तन दल ने कई क्षेत्र में कार्रवाई की.दरअसल, जिले में अवैध निर्माणों के निर्मित होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।रायबरेली विकास प्राधिकरण की ओर से समय-समय पर इन पर कार्रवाईयां भी की जाती हैं। इसी कड़ी में शनिवार को महराजगंज रोड पर स्थित राम प्रसाद, दिनेश कुमार पुत्र राम, करूण शुक्ला पत्नी अनिल शुक्ला और भानु गुप्ता के अवैध निर्माण पर आरडीए के प्रवर्तन दस्ते द्वारा सील किया गया।

### तेज रफ्तार ट्रक ने व्यापारी को रौंदा, मौके पर मौत

**रायबरेली।** जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगज में शुक्रवार देर रात लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हो गया, एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे व्यापारी को रौंद दिया, ट्रक की चपेट में आने से व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। वहीं, हादसे की सूचना ही मिलते ही मृतक व्यापारी के घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक हंसराज पुत्र जगन्नाथ निवासी बिजला मऊ थाना डलमऊ मुंशीगंज कस्बे में नमकीन का व्यापार करते थे, देर रात वह सड़क पार करते समय ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### सवारियों से भरा ऑटो पलटा, एक की हालत गंभीर

**रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर सवारियों से भरा ऑटो पलटा, ऑटो पलटने से सवारियों में मची चीख पुकार टेंपो पलटने से आधा दर्जन सवारियां हुई घायल एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल किया गया रेफर मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती नगर के पास का है जहां तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया ऑटो पलटते ही उसमें बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई ऑटो में लगभग आधा दर्जन से अधिक सवारियां बैठी हुई थी स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो में फंसे सभी सवारियों को बाहर निकाला गया सभी को मामूली चोटे आई लेकिन जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया।

### ठाकुर द्वारा मंदिर पर होगा कार्यक्रमों का आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 तारीख दिन सोमवार महोत्सव के अवसर पर रंधवा रोड के ठाकुरद्वारा मंदिर में देव दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अखिल भारतीय व्यापार मंडल के अध्यक्ष रिंकू जसवाल ने बताया कि श्री राम जयसवाल ठाकुर द्वारा मंदिर पर देव दीपावली महोत्सव 22 तारीख दिन सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 की प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 215 बच्चे

**उन्नाव।** बांगरमऊ नगर के सुभाष इंटर कालेज में शनिवार को नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा में कुल 215 बच्चे शामिल हुए। निःशुल्क आवासीय शिक्षक संस्थान नवोदय विद्यालय काली मिट्टी की प्रवेश परीक्षा में कक्षा पांच में शिक्षारत कुल 315 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया था। आज शनिवार को सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक एक ही पाली में आयोजित प्रवेश परीक्षा में कुल 215 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा देने आई छात्रा अदिति सिंह ने बताया कि पेपर सरल रहा और प्रश्नपत्र में पढ़े हुए ही सवाल आए। छात्रा ने यह भी बताया कि उसे आवासीय नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु सफलता अवश्य मिलेगी।

# सीडीओ ने उत्तर प्रदेश दिवस मनाने के सम्बन्ध में की बैठक

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने 24-26 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि उत्तर प्रदेश दिवस संस्कृति के साथ आर्थिक विकास को केन्द्र में रखकर शासन की विभिन्न योजनाओं का आमजन तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न सेमिनार/ प्रदर्शनी/ गोष्ठियां आदि जनपद में आयोजित किये जाये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए जनपद में सभी विभागों द्वारा जो कार्य योजना बनायी गयी है उन सभी को आमजन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए लाभ प्रदान कराया जाए। जनपद में उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश दिवस से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 24-26 जनवरी, 2024 को मनाये जाने वाले उत्तर प्रदेश दिवस से संबंधित समस्त तैयारियां पूरी कर ली जाये। कार्यक्रम स्थल पर लाभार्थीपरक योजनाओं यथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड, पीएम किसान योजना सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल लगाया जाये।

# खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा

- पांच किग्रा छोला व 15 किग्रा जलेबी कराई गई नष्ट



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार श्री राम जन्म भूमि मंदिर श्री राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को सफल बनाए जाने हेतु जनपद में 12 से 24 जनवरी 2024 तक अयोध्या आने-जाने वाले समस्त मार्गों पर स्थित ढाबों, भोजनालयों व अतिथि गृहों में भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि श्री राम जन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत रखते हुए आम जनमानस को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु जनपद में विशेष अभियान के माध्यम से सघन निरीक्षण कर, नमूनें सग्रहीत किये जाएं तथा उन्हें तत्काल प्रयोगशाला भेजा जाए। उन्होंने कहा कि श्री राम जन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा के दृष्टिगत बाजारों में बिकने वाले खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता तथा शुद्धता बनाये रखने के लिए गहन अभियान चलाया जाए तथा जनपद के समस्त बाजारों तथा उत्पाद केन्द्रों की कड़ी निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिये है कि वे सुनिश्चित करें कि बाजारों व समस्त मार्गों पर स्थित ढाबों, भोजनालयों व अतिथि गृहों में बिकने वाली खाद्य सामग्री में किसी भी प्रकार की मिलावट की सम्भावना न रहें। उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की जाए। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों इस अभियान के अंतर्गत 07 नमूने विभिन्न बाजारों व मार्गो के प्रतिष्ठानों से खाद्य सचल दल के द्वारा संग्रहित कर जांच हेतु सम्बन्धित प्रयोगशाला को भेजे गये है।

## बाइक की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ हुआ घायल

**शिवगढ़, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार की टक्कर से अधेड़ हुआ गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक संतराम पुत्र अंगनू उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी जोरवार खेड़ा मजरे गूढ़ा शनिवार की शाम घरेलू सामान लेने गूढ़ा बाजार जा रहे थे तभी चुन्नीलाल खेड़ा माइनर के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को आनन -फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों के मुताबिक जोरवर खेड़ा के ही रहने वाले अनुज पुत्र नरेश बाइक से अपने साथी के साथ जा रहे थे उन्हीं की बाइक से टक्कर हुई है घटना के बाद वह लोग बाइक लेकर मौके से फरार हो गए वहीं इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरविंद सिंह ने बताया की अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## सीएचसी में आपरेशन से कराया गया पहला प्रसव

**उन्नाव।** सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव पीड़िता का पहला सफल आपरेशन किया गया। सर्जन बृजेश कुमार सिंह ने सफल ऑपरेशन किया। अधीक्षक डाक्टर राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि जच्चा-बच्ची दोनों सुरक्षित है। सीएचसी स्तर पर ऑपरेशन सुविधा मिलने से लोगो में खुशी का माहौल है। अब विषम परिस्थितियों में निजी नर्सिंग होम संचालकों से जेब नहीं ढीली करवानी होगी।

सफीपुर सीएचसी में भर्ती मिर्जापुर गांव निवासी किरण पाल पत्नी छोटेलाल का प्रसव समय पूर्ण होने के बावजूद समस्या थी जिसके कारण सीएचसी में तैनात सर्जन डॉक्स बृजेश कुमार सिंह ने ऑपरेशन कर सकुशल प्रसव कराया।

# प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन

- कार्यक्रम समापन के बाद सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

वर्षो से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा कर रहे राम भक्तों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की तिथि नजदीक आने से पहले ही भक्ति मय माहौल बनाने में जुट गए हैं। 22 जनवरी को अवध नगरी में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सफीपुर कोतवाली परिसर में बने भगवान भोलेनाथ के मंदिर के सामने क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला एवं प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने भगवान श्रीराम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुंदर काण्ड पाठ का शुभारंभ कराया। मानस मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जहां पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचे भक्तगणों ने एकाग्रचित्त होकर सुंदरकांड पाठ का रसास्वादन किया। वहीं कार्यक्रम समापन के बाद सभी भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षक शिवप्रताप सिंह, अभिनव शर्मा, अंकित शुक्ला, आदर्श सिंह, अमन यादव, तनय अवस्थी, अनुज गौड़ समेत काफी संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे।

## प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मूर्तियों का फलाधिवास व पुष्पाधिवास सम्पन्न

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के फूलमती माता मन्दिर परिसर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में शनिवार को मूर्तियों की फलाधिवास पुष्पाधिवास आदि की विधि सम्पन्न कराई गई। वहीं छठे दिन कथावाचक के श्रीमुख से राम जन्म की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव झूलमऊ स्थित माता फूलमती मन्दिर परिसर में चल रहे राम जानकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में शनिवार को छठे दिवस यज्ञाचार्य अरविंद द्विवेदी शिवम द्विवेदी एवं विनय तिवारी ने पूजन एवं यज्ञ का कार्य सम्पन्न कराने के साथ मंदिर परिसर में स्थापित होने वाली राम जानकी लक्ष्मण हनुमान एवं भगवान गणेश की मूर्तियों को फलाधिवस पुष्पाधिवास घृताधिवस शर्कराधिवस आदि की विधि वैदिक विधान से सम्पन्न कराई गई। वही राम कथा के छठे दिवस कथावाचक मां भुवनेश्वरी मन्दिर के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रम्हचारी ने राम जन्म की कथा सुनाई। वाद्ययंत्रों की संगीतमयी धुन पर अयोध्या के महाराज दशरथ के घर भगवान राम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न के अवतरण की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

**आवाहन** — बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने की अपील की

# सीडीओ व एसपी ने समाधान दिवस पर तहसील सदर में सुनी जन समस्याएं

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा की उपस्थिति में तहसील सदर में आयोजित जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में सीडीओ द्वारा राजस्व विभाग की 41, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 07 सहित अन्य विभागों की 10 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर सीडीओ द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से सम्पर्क जरूर स्थापित किया जाए।

अधिकारी जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ समारोह का आयोजन सदर तहसील उन्नाव में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा शपथ दिलाई गई इसके उपरांत हस्ताक्षर कर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, ईवीएम वीवीपीएटी एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कैंप लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया गया। साथ ही सीडीओ द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के 10 लाभार्थियों को गैस चूल्हा एवं सिलेंडर वितरित किए गए। इस मौके पर सीएमओ डा0 सत्यप्रकाश, पीडी कमलेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी डॉ. नीलम सिंह, जिला विकास अधिकारी संजय पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, उपजिलाधिकारी सदर नम्रता सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर विजय आनंद, तहसीलदार सदर अभिराज चौधरी, नायब तहसीलदार सदर अमृतलाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## किशोरी लापता कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक किशोरी के पास उसके पिता को एक मोबाइल मिला। इसी के बाद किशोरी अचानक कहीं चली गई। पिता ने मोबाइल धारक युवक के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी के पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते शुक्रवार को दोपहर उसकी 15 वर्षीय पुत्री के पास पड़ोसी ग्राम खैरुद्दीनपुर निवासी दीपक नामक युवक का मोबाइल मिला था। इसी के बाद उसकी पुत्री कहीं चली गई। पिता ने आज मोबाइल धारक युवक दीपक के खिलाफ कोतवाली में भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**आवश्यक सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि शपथ कर्ता के पासपोर्ट में सऊद अली पुत्र जहीरुद्दीन अंकित हो गया था जब कि वर्तमान में शपथ कर्ता का नाम सऊद अली खान पुत्र जहीरुद्दीन खान है जिसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

निवेदक
सऊद अली खान पुत्र जहीरुद्दीन खान निवासी नई बाजार थाना सलोन रायबरेली

## भारत के शक्ति तत्व की प्राण प्रतिष्ठा

अयोध्या की उन गलियों से गुजरते हुए जहां इन आँखों ने नब्बे बयानबे में हिंदू नेताओं की हिंदू पुलिस द्वारा रक्तरंजित कारसेवक संहार देखा था आज भी सिहरन होती है, आँखें विस्फारित हो कर राम शरद कोठारी के चित्र देखती हैं उनके अधरों से निकले जय सिया राम के स्वर सुनायी देते हैं। मैं यहाँ आते ही मणिरामदास छावनी के प्रमुख, राम आंदोलन के महा सेनापति पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी से मिला, आशीर्वाद लिया। वे पहचान गये। रामभद्राचार्य जी, पूज्य जयदेव राम जी, सालासर बालाजी के सिद्धेश्वर महाराज, सर्व कार्य प्रमुख चंपत राय, और संपूर्ण राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के महिमावान प्रमुख संत पूज्य गोविंद गिरि जी महाराज से तो रात्रि साढ़े दस बजे भेंट हुई। रात दिन काम और अविश्राम जीवन। राम जी की शक्ति है। स्वामी गोविंद गिरि ने ठीक कहा- इस जन्मभूमि को लेने में हिंदुओं को पाँच सौ साल क्यों लगे ? क्योंकि हिंदू के मानस में राष्ट्र तथा धर्म का समन्वय नहीं था। शिवाजी के विरूद्ध औरंगज़ेब के लिये शिव भक्त मिर्जा राजा जय सिंह लड़े, शिवाजी के तेरह सगे संबंधी उनके विरुद्ध मुगल सेना में थे। गत सौ वर्षों में पहली बार विवेकानंद तथा डॉ हेडगेवार ने देश के साथ धर्म का चैतन्य जागृत किया तो राम मंदिर बना। अब काशी और मथुरा सहित अन्य भग्न काराबद्ध आक्रांत मंदिर वापस लिए बिना हिंदू रुकेगा नहीं। अयोध्या का हर कण हर कोना सज गया है। रातों रात सड़के नयी बन गयीं, दुकानें चौड़ीं हो गयीं, दस दस फीट पीछे कर दीं, आश्रम मठ नये कलेवर नयी सज्जा, नये निर्माण से अलंकृत हो गये, अयोध्या महाराज का महल अयोध्याकालीन महल लगने लगा, राम जन्मभूमि पथ स्वर्गानुकूल भव्यता ले रहा है। सब कुछ स्वप्न वत। चिकोटी काटें तब विश्वास हो। हर कोने चौहारे पर आंध्र से लेकर पंजाब दुर्ग्यआणा मंदिर के मुफ़्त चाय भोजन के 24 घंटा लंगर चल रहे हैं। हजारों स्त्री पुरुष गोद में बच्चे हाथों में कपड़ों कंबल के थैले लिये चले आ रहें हैं। राम लला से मिलने आयें हैं राम लला व्यवस्था करेंगे। जिन लोगों ने, हिंदू तथा मुस्लिम दोनों ने राम जन्मभूमि का सत्य जानते हुये भी अंधा अपशब्दयुक्त विरोध किया उनको हिंदुओं से हाथ जोड़कर क्षमा याचना करनी चाहिए। उन्होंने अपने ही रक्त अपने पूर्वजों अपने देश अपने देवताओं अपनी संस्कृति के प्रवाह से विश्वासघात किया। अब स्मृति -जागृत भारत अपने मन और काया पर आघात नहीं सहेगा। स्मृति हर मनुष्य और राष्ट्र के जीवन हेतु अनिवार्य तत्व है। स्मृति हीन देश या व्यक्ति शून्य होता है, भविष्यविहीन और दिशाहीन। अयोध्या में मंदिर नहीं भारत राष्ट्र की स्मृति के जागरण द्वारा नवीन राष्ट्रीय अभ्युदय के शक्ति स्रोत की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। हर काल में हिंदू का राष्ट्र और धर्म के समन्वय से युक्त जागरण कठिन, प्राय: असंभव और जटिल रहा है। ढाई हज़ार मील दूर अनुल्लेखनीय कस्बे गजनी से एक लुटेरा महमूद प्रभास पाटन आता है, सर्वाधिक महत्वपूर्ण मंदिर तोड़ता है, इतनी बड़ी संख्या में हिंदू स्त्री पुरुष दास बनाकर ले जाता है कि बग़दाद में ग़ुलामों का मूल्य गिर गया, लूट का सामान अलग ले जाता है। मार्ग में सब हिंदू खड़े हुए? सुहेलदेव अपवाद हैं। बाक़ी ? कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी का जय सोमनाथ उपन्यास पढ़ा है? उन्होंने उच्च ब्राह्मण कुलोत्पन्न शिव राशि के चरित्र का उल्लेख किया है जो ग़ज़नवी को हिंदू संघ की परमार राजाओं के नेतृत्व में खड़ी सेनाओं से बचाकर सोमनाथ मंदिर के भीतर ले आया था. जीती बाज़ी हिंदू हार गये।

**वास्तव में किसी देश की चेतना ही उसके भविष्य मार्ग को सुनिश्चित करती है। विशेषकर भारत के संदर्भ में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उसकी अस्मिता पर जब-जब हमले हुए तो उसने अपनी चेतना को जीवंत रखा। हजार साल तक बर्बर हमलों के बावजूद हमारे पुरखों ने देश की चेतना को जागृत रखा। हम बाह्य युद्ध हार गये, लेकिन मन का युद्ध जीतते रहे। दुर्भाग्य से 1947 के बाद स्वतंत्र भारत में ऐसी राजनीतिक धारा केंद्र में रही, जिसने देश के मन को हराने के कुत्सित प्रयास किए। उसने आम हिन्दू जनमानस को सदा इसके लिए तैयार किया कि वह अपने मूल्यों को छोड़ दे। अटल सरकार और विशेषकर 2014 में राजनीतिक धारा का केंद्र बदला तभी हमारे भविष्य की राह उज्ज्वल हुई। विश्व में भारत अपनी प्राचीन सनातन पहचान के साथ नये सिरे से उभरने लगा और एक नया भारत आकार लेने लगा।**

# मोदी युग में राम-रीति से भारत का नवनिर्माण

विष्णुदत्त शर्मा



**वर्ष 1992 में ही 6 दिसंबर को कार सेवकों द्वारा श्रीराम जन्मस्थान पर बने विवादित ढांचे को गिरा दिया गया। उन दिनों राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं को यह सलाह दी जाती थी कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां ऐसे सांप्रदायिक व अनावश्यक मुद्दों का कोई स्थान नहीं है। स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी के अतिरिक्त देश के सभी राजनीतिक दलों के लिए राम मंदिर आंदोलन एक सांप्रदायिक मुद्दे से अधिक और कुछ न था।**

बचपन से ही घर के बड़े-बुजुर्गों से प्रभु श्री राम की कीर्ति, शौर्य और प्रभुता की बातें सुनता रहता था। युवा अवस्था के प्रारंभ में बताया गया कि आक्रांताओं ने अयोध्या में आक्रमण करके भगवान श्रीराम जन्मभूमि स्थान पर बने मंदिर को बर्बरतापूर्वक तोड़कर मस्जिद का विवादित ढांचा बनाया गया था। यह बात सुनने के बाद से ही मन उद्वलित रहने लगा कि हमारे आराध्य और रोम-रोम में बसने वाले भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर हुआ आक्रमण सनातन और हमारी आस्था पर आक्रमण था। इसके बाद से ही राष्ट्रीयता की विचारधारा से प्रेरित होकर कॉलेज में पहुंचते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अध्ययन के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि का मुद्दा पूरी तरह से समझा। उसके उपरांत वर्ष 1992 में एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने कानपुर पहुंचा तो मुझे भी कारसेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ।

वर्ष 1992 में ही 6 दिसंबर को कार सेवकों द्वारा श्रीराम जन्मस्थान पर बने विवादित ढांचे को गिरा दिया गया। उन दिनों राम मंदिर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं को यह सलाह दी जाती थी कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां ऐसे सांप्रदायिक व अनावश्यक मुद्दों का कोई स्थान नहीं है। स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी के अतिरिक्त देश के सभी राजनीतिक दलों के लिए राम मंदिर आंदोलन एक सांप्रदायिक मुद्दे से अधिक और कुछ न था। युवा अवस्था में यह विचार मेरे मन मस्तिष्क में कौंधता रहता था कि जब भारत, भगवान श्रीराम की भूमि है तो यहां भगवान श्रीराम के जन्मस्थान पर आक्रांताओं द्वारा मंदिर तोड़कर बनाए गए विवादित ढांचे के स्थान पर रामलला के लिए भव्य मंदिर निर्माण की परिकल्पना सांप्रदायिक कैसे हो सकती है? तत्समय एक बड़ा प्रभावशाली एवं विशिष्ट वर्ग भी सेकुलरिज्म की चादर में लिपटे हुए इन्हीं कुतर्कों को धार देता रहता था।

ऐसी स्थिति में कभी-कभी लगता था कि अयोध्या में भव्य श्रीरामलला मंदिर का निर्माण एक दिवास्वप्न ही है, परंतु यह भारत का सौभाग्य है कि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसा एक ऐसा राष्ट्र निष्ठ संगठन है, जिसने श्रीरामलला के मंदिर निर्माण की आस कभी नहीं त्यागी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में यह भरोसा जगाये रखा कि एक दिन राम मंदिर अवश्य बनेगा। राम जन्मभूमि का चरणबद्ध आंदोलन और विश्वास बनाए रखने के लिए रचे गए नारे इस प्रतिबद्धता के साक्षी रहे हैं। संघ ने देश की चेतना को जागृत रखते हुए श्रीराम मंदिर निर्माण के संकल्प को हर नागरिक का संकल्प बना दिया। संघ से प्रेरणा लेने वाले अनेक संगठनों ने उस चेतना को प्रखर बनाये रखने में अपना गिलहरी रूपी योगदान देने के लिए कृतसंकल्पित रहे। जनसंघ के समय से ही श्रीराम मंदिर का निर्माण अतिमहत्वपूर्ण मुद्दा था और भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से ही यह प्राथमिकता के शिखर पर पहुंच गया। फलस्वरूप आज अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है और भगवान श्रीराम अब सनातनियों द्वारा निर्मित भव्य -दिव्य मंदिर में विराजने वाले हैं।

वास्तव में किसी देश की चेतना ही उसके भविष्य मार्ग को सुनिश्चित करती है। विशेषकर भारत के संदर्भ में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उसकी अस्मिता पर जब-जब हमले हुए तो उसने अपनी चेतना को जीवंत रखा। हजार साल तक बर्बर हमलों के बावजूद हमारे पुरखों ने देश की चेतना को जागृत रखा। हम बाह्य युद्ध हार गये, लेकिन मन का युद्ध जीतते रहे। दुर्भाग्य से 1947 के बाद स्वतंत्र भारत में ऐसी राजनीतिक धारा केंद्र में रही, जिसने देश के मन को हराने के कुत्सित प्रयास किए। उसने आम हिन्दू जनमानस को सदा इसके लिए तैयार किया कि वह अपने मूल्यों को छोड़ दे। अटल सरकार और विशेषकर 2014 में राजनीतिक धारा का केंद्र बदला तभी हमारे भविष्य की राह उज्ज्वल हुई।

विश्व में भारत अपनी प्राचीन सनातन पहचान के साथ नये सिरे से उभरने लगा और एक नया भारत आकार लेने लगा। 2014 से पहले अयोध्या में श्रीराम मंदिर की वकालत करते हुए हम सब यह कल्पना भी नहीं कर पाते थे कि इसके बनने के समय भारत की स्थिति क्या होगी? यह मुद्दा हिन्दू अस्मिता के प्रश्न से जुड़ा था, लेकिन अब मंदिर निर्मित होते-होते यह स्पष्ट हो गया है कि यह केवल अस्मिता का विषय ही नहीं, यह भारत के भविष्य और भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने का विषय था। आज यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अयोध्या में सिर्फ राम मंदिर नहीं बन रहा है, इसके साथ-साथ एक नया भारत भी बन रहा है जो विश्व का नेतृत्व करने के लिए संकल्पित है। यह नया भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बहुलता, विविधता और समावेशिकता का सम्मान करने वाला एकमात्र देश है।

यह भारत अपनी पुरातन सांस्कृतिक पहचान को आधुनिक कलेवर में भी पोषित और संवर्धित करने की क्षमता रखता है। यह भारत अपनी धरोहर को वापस पाने के लिए सदियों तक प्रतीक्षा कर सकता है और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उसे प्राप्त भी कर सकता है। यह नया भारत युद्ध एवं परमाणु बम के उपयोग के बिना ही अपनी विधि-व्यवस्था के माध्यम से सबसे पुरानी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखता है। उसे कोई बाहरी दखल बर्दाश्त नहीं है। यह नया भारत स्वदेशी चंद्रयान का सफल परीक्षण कर सकता है तो यह अपने आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का पुनः निर्माण कर सदियों की बर्बर गुलामी के चिह्न को भी मिटा सकता है। प्रश्न यह है कि भारत सदियों से दिव्य शक्तियों और असीम क्षमताओं वाला देश रहा है तो फिर इसकी अपनी महिमा, गरिमा क्यों धुमिल हो गई थी? इसका एक ही उत्तर है, देश की चैतन्यता पर प्रहार। देश की चेतना ऐसी बना दी गई थी कि राम मंदिर की बात करना सांप्रदायिक और मुस्लिम तुष्टीकरण करना सेकुलरिज्म था।

## विचार

# क्यों जरूरी है लद्दाखी खान-पान की संस्कृति को बचाना?

बाबा मायाराम

**पहले लोक संगीतकार त्सेरिंग सोनम ने पारंपरिक रीति-रिवाज से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पहाड़ी खेती में जौ की खेती, पानी, ग्लेशियर और भूमि के महत्व को बताया। इसके बाद हमने नाश्ता किया। नाश्ते में लद्दाखी ननगे त्योदमा और कोलाक था। बाद में जौ से बना चानतुक भी खाया। इसे सब्जियों के साथ बनाया जाता है। दे खामबीर, एक अन्य लद्दाखी व्यंजन है, वह काफी स्वादिष्ट था। थापू को भी सभी ने पसंद किया। लद्दाखी भोजन व खान-पान के स्टाल स्थानीय महिला समूहों ने लगाए थे, जो आसपास के गांव से आई थीं।**

मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदयरोग, कैंसर जैसी बीमारियों का संबंध भोजन व खान-पान की आदतों से जुड़ा है। प्लास्टिक डब्बाबंद फूड और कार्बोनेटेड पेय जो बाहर से आयात किए जा रहे हैं- यह सब स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां सिर्फ अस्पताल से ठीक नहीं होंगी, बल्कि कृषि और रसोई से ठीक होंगी। यह लेह (लद्दाख) के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नोर्दन ओथजर थे।

लेह के पास रनबीरपुर गांव में दो दिनी जौ फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलोजी एंड एलायड साइंस सेंटर में गत वर्ष को हुआ था। इसका आयोजन लद्दाख आर्टस एंड मीडिया आर्गनाइजेशन, स्नो लेपर्ड कंजरवेंसी इंडिया ट्रस्ट, लोकल फीचर्स,कल्पवृक्ष और विकल्प संगम ने संयुक्त रूप से किया था। जौ (बारले) यहां की प्रमुख फसल है। जौ का सत्तू लद्दाख के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल है। यहां की सौंदर्य की नदी सिन्धु, दूर-दूर तक फैले काले स्याह पहाड़, ऊंचाई पर थोड़ी हरियाली, कल-कल बहते बर्फीले नाले और ठंडा वातावरण बहुत ही मनमोहक था। मैं यहां करीब हफ्ते भर से ज्यादा रहा। इस दौरान मैंने एक-दो गांवों की यात्रा भी की। कार्यक्रम की शुरूआत में कल्पवृक्ष की सृष्टि वाजपेयी ने कहा कि इस तरह के फूड फेस्टिवल की जरूरत इसलिए है, क्योंकि कृषि अर्थव्यवस्था बदल रही है। इससे हमें यह भी प्रेरणा मिलती है कि खुद से उगाया खाना खाएं, लोगों को आजीविका मिले, लोगों का स्वास्थ्य बेहतर हो, जीवन संभलें, सामूहिक रूप से आपस में एक-दूसरे से सीखें व इसके लाभ आपस में साझा करें।

इसके पहले लोक संगीतकार त्सेरिंग सोनम ने पारंपरिक रीति-रिवाज से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने पहाड़ी खेती में जौ की खेती, पानी, ग्लेशियर और भूमि के महत्व को बताया। इसके बाद हमने नाश्ता किया। नाश्ते में लद्दाखी ननगे त्योदमा और कोलाक था। बाद में जौ से बना चानतुक भी खाया। इसे सब्जियों के साथ बनाया जाता है। दे खामबीर, एक अन्य लद्दाखी व्यंजन है, वह काफी स्वादिष्ट था। थापू को भी सभी ने पसंद किया। लद्दाखी भोजन व खान-पान के स्टाल स्थानीय महिला समूहों ने लगाए थे, जो आसपास के गांव से आई थीं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य जौ का संरक्षण व संवर्धन करना था। इसके बारे में लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि लुप्त हो रही जौ की प्रजातियों को बचाना जरूरी है, क्योंकि यह लद्दाख की स्वावलंबी खेती के लिए आवश्यक है। लद्दाखी खान-पान में फिर से जौ के महत्व को सामने लाना जरूरी है, जिससे देशी बीजों की खेती को कायम रखा जा सकें। उन्होंने कहा कि जौ का संरक्षण इसलिए भी जरूरी है कि इससे कृषि पारिस्थितिकी ज्ञान और पद्धतियों को भी बचाया जा सके। इस क्षेत्र में ही जौ की खपत व उपभोग हो, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। स्थानीय खेती पद्धतियों को पुनर्जीवित किया जा सके, जिससे अपशिष्ट कचरे में कमी आए और स्वास्थ्य बेहतर हो। यह भी देखा गया है कि स्थानीय पोषणयुक्त भोजन हमेशा ही डब्बाबंद भोजन से बेहतर होता है। अगले सत्र में ताशी नामगैल, उरूगेन फून्तसोग और डॉ. सोनम स्पालजिन ने भाग लिया।

ताशी नामगैल, स्वयं देशी बीजों और स्थानीय फलों का संरक्षण करते हैं और जैविक उत्पाद की बिक्री करते हैं। उरूगैन फून्तसोंग, पेशे से पशुपालक हैं, गया गांव के रहनेवाले हैं। डॉ. स्पालजिन, पुरातत्वविद् हैं। उरूगेन ने बताया कि पूर्वी लद्दाख में प्रमुख रूप से पशुपालक हैं, जबकि पश्चिमी लद्दाख में खेती करनेवाले किसान हैं। जौ लद्दाख के सभी क्षेत्रों में होता है और यह धार्मिक व भौगोलिक दूरी दोनों को पाटता है। डॉ. स्पालजिन ने बताया कि जौ, सबसे पहली फसलों में से एक है, जो मनुष्य ने शुरूआत में उगाई थीं। उन्होंने कहा कि नवपाषाण काल में इसकी खेती के पुरातत्वीय प्रमाण मिले हैं। ओडिशा से आए कृषि वैज्ञानिक डॉ. देबलदेव ने देशी बीज संरक्षण पर अनुभव साझा किए। उन्होंने धान की 1500 किस्सों का संरक्षण किया है।

उन्होंने कहा कि किसान व खेती को बचाने के तीन स्तंभ हैं। एक, शून्य लागत, इसमें बीज, खाद व कीटनाशक इत्यादि शामिल हैं। दो, जीन व जैव विविधता जिसमें बीजों की विविधता शामिल है। और तीसरा है स्वावलंबी खेती। उन्होंने बताया कि पहले भारत में 1 लाख 10 हजार धान की किस्में थीं, जिनमें से अब 6 हजार शेष हैं। मक्का की मेक्सिको में 22 हजार प्रजाति थीं, जो अब 700 बची हैं। इसी प्रकार, अफगानिस्तान-तुर्की में जौ की 600 प्रजाति थीं, जो अब 32 रह गई हैं। देबलदेव ने बताया कि बीज संस्कृति में बीजों का आदान-प्रदान होता था। लद्दाख में यह परंपरा रही है, पर अब बीज कंपनियां आ गई हैं और वह बीजों का व्यापार करती हैं, मुनाफा कमाती हैं। अगर बीज नहीं हैं तो किसान स्वाधीन नहीं है। डॉ. त्सेवांग नामग्याल ने बताया कि जौ और पौष्टिक अनाज की खेती को किस तरह पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यहां पारंपरिक तौर पर कंगनी (फॉक्सटेल) और बाजरा (प्रोसो) होता रहा है।

## शिक्षा, संस्कार व साक्षरता राष्ट्रीय विकास के स्तंभ

संजीव ठाकुर

शिक्षा और संस्कार किसी भी विकसित राष्ट्र की पृष्ठभूमि हो सकते हैं। एक शिक्षित राष्ट्र एक महान राष्ट्र बन सकता है।सुसंस्कृत देश को एक सभ्य शांत और शालीन राष्ट्र माना जाता है जो वैश्विक शांति स्थापना का पक्षधर होने की दिशा में निरंतर प्रगतिशील होता है। भारत देश की गिनती ऐसे ही सभ्य संस्कारी राष्ट्र के रूप में होती है और ऐसी भावना तथा संकल्पनाओं को हमने कई सोपानों में प्रमाणित भी किया है।

सबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगास शिक्षा जीवन के महत्व, संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंस शिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैस जिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैस साक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना उसे इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैस साक्षरता सदैव रोजगार मूलक स्त्रियों से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैस शिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैस ऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैस सुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है।पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है।

वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैस ऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएस शिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है। जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैस वैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैस महात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है। परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैस पुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैस पर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है।

यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी, साहस की भावना को परिष्कृत करती हैस ऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैस अपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं,कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार,लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है। और समाज उसे सिर आंखों पर बिठा के रखता है।



## राशिफल

**मेष:-** महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

**वृषभ:-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्क:-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंह :-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे।

**कन्या:-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**तुला:-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

**वृश्चिक:-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**धनु:-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकर:-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी।

**कुंभ:-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

# हेमंत के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन भाजपा से निपटने को तैयार

अरुण श्रीवास्तव



**भाजपा ने राष्ट्रवादी हौव्वा खड़ा किया है, लेकिन उन्हें यकीन है कि इस बार राम मंदिर को लेकर उतनी तीव्रता नहीं होगी। 2019 के चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहे थे। भाजपा-आजसू गठबंधन ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत हासिल की थी। यह मीडिया ही है जो जानबूझकर सीट बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा भ्रम पैदा कर रहा है। ऐसी अफवाह है कि कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित किया है कि वह 14 में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वरिष्ठ विपक्षी नेता इसे खारिज करते हैं। उनके अपने तर्क हैं। राज्य में केवल 14 सीटें हैं।**

सीट साझा करना चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन झारखंड के इंडिया ब्लॉक के नेताओं के लिए, आदिवासियों और गरीबों के हितों का समर्थन करने और उनकी पहचान और कल्याण के लिए लड़ने के लिए मंच का उपयोग करना प्राथमिक मिशन है। एक-दो सीटों को छोड़कर, विपक्षी नेता सीट बंटवारे के जटिल मुद्दे को सुलझाने में सफल रहे हैं और अब इसे औपचारिक रूप से सार्वजनिक करने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी के आगमन का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और झारखंड कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर ने कहा, श्आगामी बैठक महत्वपूर्ण है। लेकिन प्राथमिक उद्देश्य लोगों को प्रभावित करने वाली उच्च बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मुद्रास्फीति जैसे मुद्दों को संबोधित करना है।

इंडिया ब्लॉक के जन्म से पहले ही, राज्य के आदिवासियों और गरीबों के भगवा शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरा विपक्ष एक साथ आया है। गठबंधन का गठन केवल इसे राजनीतिक रूप देने की एक कवायद रही है। श्री सहाय ने कहा कि गठबंधन के नेता एकजुट हैं और वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका आत्मविश्वास इस बात से पैदा हुआ है कि विपक्ष ने अपना समर्थन आधार नहीं खोया है। उनके लिए 2019 का लोकसभा चुनाव महज एक भटकाव जैसा था।

भाजपा ने राष्ट्रवादी हौव्वा खड़ा किया है, लेकिन उन्हें यकीन है कि इस बार राम मंदिर को लेकर उतनी तीव्रता नहीं होगी। 2019 के चुनाव में भी झामुमो और कांग्रेस एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहे थे। भाजपा-आजसू गठबंधन ने राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर जीत हासिल की थी। यह मीडिया ही है जो जानबूझकर सीट बंटवारे को लेकर सबसे ज्यादा भ्रम पैदा कर रहा है। ऐसी अफवाह है कि कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को सूचित किया है कि वह 14 में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। वरिष्ठ विपक्षी नेता इसे खारिज करते हैं। उनके अपने तर्क हैं। राज्य में केवल 14 सीटें हैं। वे कैसे कह सकते हैं कि कांग्रेस नौ सीटों पर दावा कर रही है? इसका क्या मतलब है? क्या वे यह कहना चाहते हैं कि प्रमुख दल झामुमो और अन्य घटक दल लाइन में बैठकर चुनावी लड़ाई देखेंगे?

जमीनी राजनीतिक परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस रांची, खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा, धनबाद और हजारीबाग में अपने उम्मीदवार उतारेगी। राजद चतरा और पलामू से अपने उम्मीदवार उतारेगी। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कॉमरेड महेंद्र सिंह के 19वें शहादत दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कहा, श्अगर सीटों का बंटवारा सही तरीके से हुआ, तो इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा देगा। उन्हें 2019 में की गई गलतियों को दोहराने से बचना होगा। उस चुनाव में जेवीएम गठबंधन का हिस्सा थी, लेकिन जीतने के बाद उसके नेता बाबूलाल मरांडी भाजपा में शामिल हो गये। फिर भी सीपीआई (एमएल) ने बगोदर (गिरिडीह) पर दावा ठोक दिया है। उसने न सिर्फअपनी दावेदारी पेश कर दी है बल्कि 15 दिनों की यात्रा निकालकर 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है।

दीपांकर ने कहा, हमने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को बता दिया है कि अगर वे कोडरमा सीट जीतना चाहते हैं, तो उन्हें इसे सीपीआई (एमएल) को देना चाहिए।श् तीन बार के विधायक शहीद महेंद्र सिंह के बेटे विनोद सिंह पहले से ही कोडरमा लोकसभा सीट के एक हिस्से, बगोदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य मुहैया कराना है। रेलवे और बसें अच्छे से चलें, ये सरकार का काम है, लेकिन अब भाजपा इसे धर्म से जोड़ रही है। विपक्ष की एकजुटता केवल भाजपा को हराने की जरूरत के कारण नहीं है। इसके बजाय यह इस तथ्य से भी प्रेरित है कि इसने आदिवासी गांवों में आतंक फैलाया है, कथित नक्सलियों के प्रति पुलिस को उन पर अत्याचार करने के लिए प्रोत्साहित किया है और गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़प ली हैं।

दीपांकर ने कहा कि पार्टी ने महेंद्र सिंह से लेकर महात्मा गांधी के शहीद दिवस 16 जनवरी से 30 जनवरी तक जनसंघर्ष यात्रा शुरू की है। इंडिया ब्लॉक के नेताओं का आरोप है कि भाजपा ने ग्राम सभाओं को निष्क्रिय कर दिया है। विनोद ने कहा, श्महेंद्र सिंह ने जंगलों, सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और जमीनों को गुंडों और माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने के लिए ग्राम सभाओं का गठन किया था। लेकिन पिछली भाजपा सरकार ने शोषकों को राज्य में अपना काम चलाने में मदद करने के लिए ग्राम सभाओं को नष्ट कर दिया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पति की हत्या में तीन हत्यारोपी गिरफ्तार




**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर के नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस ने पति की हत्या करने वाली अरोपिता सहित तीन आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से आलाकत्ल गमछा, मृतक का मोबाइल फोन व रुपये बरामद किया।

वादी गिरजाशंकर पुत्र आशाराम निवासी परसौआ, जसवंतनगर द्वारा थाना जसवंतनगर पर सूचना दी गयी कि 16 जनवरी 2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पुत्र अभिषेक उर्फ करू की गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

थाना जसवंतनगर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर ग्राम परसौआ में गला दबाकर हत्या करने वाले 2 आरोपियों सहवीर पुत्र श्रीराम सेवक निवासी ग्राम नगला पसी थाना जसवन्तनगर इटावा, धीरज उर्फ करु पुत्र रामकबीर यादव निवासी ग्राम पुठिया थाना जसन्तनगर जिला इटावा को धनुवा गांव जाने वाले तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से मृतक अभिषेक का मोबाइल फोन बरामद किया गया तथा पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि रिश्तेदारी एवं दोस्ती के चलते मृतक अभिषेक की पत्नी से हम लोगों का लगाव हो गया था इसलिए मृतक अभिषेक को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या कर दी थी जिसकी सारी जानकारी उसकी पत्नी को भी थी।

विवेचना से प्रकाश में आयी मृतक अभिषेक की पत्नी नीतू निवासी ग्राम परसौआ थाना जसवन्तनगर इटावा को पुलिस टीम द्वारा ग्राम परसौआ से गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में कपिल दूबे प्रभारी थाना जसवंतनगर मय टीम का सराहनीय योगदान रहा। उक्त घटना का मात्र 48 घण्टे में अनावरण करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 15,000 से पुरस्कृत किया गया।

## स्मार्ट फोन पाकर युवाओं के चेहरे खिले

**मौदहा।** प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के नारे को लेकर मुख्यमंत्री के सहयोग से सरकार उच्च शिक्षा प्राप्त बच्चों को स्मार्ट फोन वितरण कर रही है जिसके चलते शनिवार को महाविद्यालय में एक शिविर आयोजित कर स्मार्ट फोन वितरित किए गए जिसकी अध्यक्षता बीजेपी जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने की। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत बीजेपी जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने महाविद्यालय की सभी चयनित छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य चंदन पांडे , सुमेरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी, अभिनव तिवारी, राहुल द्विवेदी, आकाश विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बिना भेदभाव के मिल रहा योजनाओं का लाभ : एमएलसी




**महोबा। समृद्धि न्यूज**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद महोबा के मंडल श्रीनगर के ग्राम चुरबुरा एवं ग्राम कुम्हरौरा में आयोजन किया गया जिसमें एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा विकसित भारत की शपथ दिलाई एवं ग्राम वासियों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया एवम् लाभार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति की एम एलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि आम जनमानस द्वारा सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ मिल रहा है एवम आम जनमानस की मोदी सरकार के प्रति आस्था बढ़ रही है सरकार बगैर किसी भेदभाव के हर वर्ग के लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है उक्त अवसर पर भाजपा नेता हरिशंकर राजपूत, जिला उपाध्यक्ष जयपाल सिंह, जिला मंत्री ओम नारायण तिवारी, भाजपा नेता राधे श्याम गुप्ता,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनूप सोनी , बृज किशोर राजपूत, ग्राम प्रधान कुमरोदा जवाहर सिंह राजपूत, चुरबुरा ग्राम प्रधान राजेश सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, विभाग अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अघोषित बिजली कटौती पर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**राठ। समृद्धि न्यूज**

> बिजली कटौती में सुधार न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

बिजली की अघोषित कटौती और पढ़ाई में हो रही छात्रों को असुविधा को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एक ज्ञापन पावर कारपोरेशन के एसडीओ को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।

गौरतलब है कि इस समय कस्बे की बिजली व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। बिजली आने जाने का समय निर्धारित न होने से पढ़ाई करने वाले छात्रों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री पवन, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जतिन, जेपी साहू, हिमांशु, स्वतंत्र राजपूत, रिषभ, प्रिंस, प्रशांत, सुनील, आकाश आर्य, गौरव , सुनील, शैलेंद्र, अखिलेंद्र, सत्यम, शिवम, मयंक, सौरभ आदि ने एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि फरवरी माह में बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

ऐसे में सुबह और शाम बिजली की अघोषित कटौती से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने पावर कारपोरेशन के अधिकारियों से बिजली कटौती बंद कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि बिजली कटौती में सुधार नहीं हुआ तो कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# चरखारी में हुआ तहसील समाधान दिवस का आयोजन

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**



चरखारी तहसील समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार के उपस्थिति में किया गया।, अपर जिलाधिकारी जुबेर बेग, उपजिलाधिकारी द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।इस मौके पर तहसील में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से शिकायतों का मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया जहाँ राजस्व, बिधुत बिभाग से सम्बन्धित 02-02 शिकायत आई, पुलिस से सम्बन्धित 04, खण्ड बिकास , पुर्णिया बिभाग से सम्बंधित 01-01 शिकायत प्रार्थना पत्र आये। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी ने तहसील स्तरीयअधिकारियों , कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब दिग्गी पिटवाकर ग्राद्धमीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने अधिकारी को अवगत कराएं। इस मौके पर तहसीलदार आर. एन. मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र, कोतवाली से एस. आई. सतेन्द्र कुमार, थाना खरेला से एस. आई., वन बिभाग से शकील अहमद, बिधुत बिभाग से जे.ई., नगर पालिका से मनोज तिवारी सहित तहसील स्तर के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**हमीरपुर।** जिला एथलेटिक्स एशोसियेशन के द्वारा राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के समस्त विद्यालयों के 14 एवं 16 वर्ष के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने विजेता खिलाडियों को परितोषक उपहार वितरित किया। जिला एथलेटिक एसोसियेशन के आर्गनाइजर सिकेट्री सार्थक द्विवेदी ने बताया कि चयन समिति के माध्यम से 19वीं नेशनल इण्टर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगता अहमदाबाद गुजरात के तत्वाधान में एक माह के कैम्प के लिये प्रेम कुमार, हृदेश दीक्षित,कृष्णा कुमार, गौरी यादव, कुलदीप, सत्यशी खेवरिया, मिताशी, तनीवी पाल, रिसी कुमार, नैन्सी, दीक्षा, मोहनी भावना राजपूत का चयन किया गया है। इस दौरान अध्यक्ष असद एजाज, उप सचिव- जावेद हबीब, आर्गनाइजर सिकेट्री सार्थक द्विवेदी,धर्मेन्द्र दीक्षित, राममनोहर दिलीप कुमार, राजकुमार, अरसद अंसारी एवं समस्त एशोसियेशन के पदाधिकारी व सदस्य कार्यकम में उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### 22 जनवरी के पूर्व मंदिरों में चलेगा सफाई अभियानः एमएलसी



**महोबा।** श्री अयोध्या धाम में भव्य एवं नव्य मंदिर में श्री रामलला जी के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर चरखारी वार्ड रायनपुर में गुमान बिहारी मंदिर परिसर में एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर के साथ भाजपा नगर मंडल टीम ने सफाई अभियान में सहभागिता की उक्त कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता भास्कर तिवारी, अशोक महाराज,विनोद खटीक, कैलाश ताम्रकार, अमित पटेरिया, सभासद राजकुमार कुशवाहा,रामजी द्विवेदी, शुभम मिश्रा सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 को

**इटावा।** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2024 को जनपद मुख्यालय पर चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद के समस्त कार्यालयों/विभागों में मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिनांक 25 जनवरी, 2024 को राजकीय अवकाश होने के कारण 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे मतदाता शपथ दिलायी जायेगी। उन्होंने समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अपने-अपने कार्यालयों में 24 जनवरी 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता शपथ दिलायें।

### नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर बने सहायक प्रोफेसर

**मौदहा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने से गांव सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उनके घर बधाइयां देने पहुंच रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र के पढोरी निवासी विद्या सागर गुप्ता के पुत्र लखन लाल गुप्ता ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित नेट परीक्षा 2023 दिसंबर बैच उत्तीर्ण कर अपने गांव का नाम रोशन किया है। उन्होने यह परीक्षा इतिहास विषय लेकर उत्तीर्ण की है।उनकी इस कामयाबी से गांव में खुशी का माहौल है और लोग उनके घर बधाइयां देने पहुंच रहे हैं।

### हाइवे में खड़े ट्रक से दो सौ लीटर डीजल चोरी

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग बड़े वाहनों से डीजल चोरी का मामला अक्सर प्रकाश में आता रहता है,इसी क्रम में बीती रात बड़े चौराहा के निकट खड़े ट्रक से अज्ञात वाहन के साथ कुछ लोगों ने दो सौ लीटर डीजल पार कर हाथ साफ किया। बताते चलें कि मुस्कुरा निवासी सद्दाम हुसैन ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपनी गाड़ी ट्रक संख्या यूपी 91एटी 0601 बड़े चौराहा के निकट पेट्रोल पंप के बाहर पार्किंग में खड़ा कर के उसी के अंदर लेटा हुआ था।अज्ञात डीसीएम से चार लोग उसके डीजल टैंक से डीजल चोरी कर करने लगे, तभी उसको इस बात की भनक लगने पर वह विरोध करने लगा मौके पर डीजल निकालने वाले उपकरण मौके पर छोड़कर अज्ञात चोर डीसीएम सहित मौके से फरार हो गए।

# जीएसटी टीम ने राजा ज्वैलर्स के यहां मारा छापा

## लाखों रुपए की टैक्स चोरी की है आशंका, अभिलेख जब्त कर जांच पड़ताल शुरू

**सुमेरपुर,हमीरपुर।समृद्धि न्यूज**



वस्तु एवं सेवा कर विभाग की बांदा हमीरपुर की संयुक्त टीम ने कस्बे के रामलीला मैदान में संचालित राजा ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान में छापा मारकर कार्यवाही शुरू की है। यहां पर लाखों रुपए की टैक्स चोरी पकड़े जाने की संभावना है।

शनिवार को अपराह्न 3 बजे के करीब बांदा से आई वस्तु एवं सेवाकर विभाग जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर बृजेंद्र प्रताप सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर जुबैर अहमद, वाणिज्यकर अधिकारी नीरज ने हमीरपुर की टीम के साथ कस्बे के रामलीला मैदान में संचालित राजा ज्वैलर्स के प्रतिष्ठान में छापा मारकर अभिलेख आदि जब्त करके जांच पड़ताल शुरू की है। टीम को आशंका है कि यहां पर लाखों रुपए की टैक्स चोरी का मामला सामने आ सकता है। देर शाम तक टीम की कार्यवाही जारी थी। जीएसटी टीम की छापेमारी से कस्बे के अन्य प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है। तमाम बड़े व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में ताले डालकर इधर-उधर हो गए। ज्वैलर्स की ज्यादातर दुकानों में छापा पड़ते ही ताले लटक गए थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में चार शिकायतों का हुआ निस्तारण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



शिकायतें सुनते डीएम, एसएसपी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील सैफई के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 29 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# 25 हजार का इनामी आरोपी तमंचा व नगदी सहित गिरफ्तार

**सुमेरपुर,हमीरपुर।समृद्धि न्यूज**

बीते वर्ष 26 दिसंबर को देवगांव मार्ग में बैंक मित्र के साथ हुई लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने एक अदद तमंचा, वादी की फोटो युक्त आईडी बरामद करके न्यायालय में भेजा है। जहां से उसे जेल भेजा गया है। गत 26 दिसंबर को इंडियन बैंक से रुपए लेकर बैंक मित्र देवगांव अपने सेंटर पर जा रहा था।

देवगांव एवं सुमेरपुर के मध्य असलहाधारी बदमाशों ने बाइक रुकवा कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। बैंक मित्र से लुटेरों ने 115000 नगद, लैपटॉप, मोबाइल आदि लूट लिया था। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने गिरोह के सरगना और उसके तीन साथियों को मुठभेड़ के दौरान पूर्व में गिरफ्तार करके घटना का पर्दाफाश किया था। थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि घटना में शामिल पांचवे आरोपी अंकित कुशवाहा उर्फ गोविंद निवासी सेमरा थाना सराय इनायत प्रयागराज प्रकाश में आया था। जिसे कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप बने शौचालय के पास से गिरफ्तार किया गया है। उस पर 25 हजार का इनाम भी था। इससे एक अदद तमंचा 315 बोर, वादी की बैंक आईडी फोटो युक्त तथा एक हजार रुपये की नगदी बरामद कर न्यायालय भेजा है।


# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गोण्डा

**पत्रांक-मु.चि.अ./विज्ञापन/2023-24/698** **दिनांक- 20.01.2024**

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालन हेतु किराये के भवन हेतु विज्ञापन मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र. लखनऊ के पत्र संख्या SPMU/NUHM/15th FC/2023-24/82/7164 दिनांक 13.12.2023 के क्रम में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद गोण्डा में दो अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेश सेण्टर के संचालन हेतु किराये के भवन की आवश्यकता है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| क्षेत्र का नाम | यू.एच.डब्लू.सी. की संख्या | सुविधा | न्यूनतम कारपेट एरिया (स्क्वायर फिट में) |
|---|---|---|---|
| मकार्थीगंज,महरानीगंज,आवास विकास द्वितीय | 01 | 1. ओ.पी.डी.भवन | 100 |
| | | 2. औषधि भण्डार एवं वितरण | 80 |
| | | 3. टीकाकरण/काउंसिलिंग | 80 |
| | | 4. स्टाफ नर्स कक्ष एवं परीक्षण कक्ष | 100 |
| सिविल लाइन द्वितीय सिविल लाइन तृतीय राजेन्द्र नगर | 01 | 5. वेटिंग रूम व पंजीकरण | 210 |
| | | 6. शौचालय 02 नग | 60 |
| | | 7. वेलनेश कक्ष | 250 |
| | | 8. डे केयर रूम | 220 |
| योग | | | 1100 |

कारपोरेट एरिया का न्यूनतम 25 से 30 प्रतिशत अंश दीवार एवं सर्कुलेशन का होता है। इस प्रकार का भवन कुल क्षेत्रफल लगभग 1400 वर्ग फुट आयेगा।

1. भवन हवादार एवं सूर्य प्रकाशमय हो।
2. भवन में विद्युत कनेक्शन हो तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हो।
3. भवन में मरीजों के बैठने हेतु स्थान एवं कक्ष के अतिरिक्त 02 शौचालय हो।
4. मरीजों हेतु एम्बूलेन्स आदि वाहनों के आने-जाने का पर्याप्त रास्ता हो।
5. आवश्यकतानुसार रैम्प की व्यवस्था हो।

प्रत्येक अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के भवन के किराये हेतु अधिकतम सीमा रूपये 50,000/- माह प्रति भवन की दर से (Rent@ 50,000 pm) धनराशि आवंटित की गई है। भवन का किराया उस क्षेत्र के डीएम सर्किल रेट या रूपये 50,000 जो कम हो जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन उपरान्त देय होगी।

इच्छुक भवन स्वामी अपने भवन के समस्त दस्तावेज अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 09.02.2024 तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। किसी भी जानकारी के लिए नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अथवा जिला शहरी स्वास्थ्य समन्वयक से कक्ष संख्या 23 मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्य दिवस में संपन्न किया जा सकता है।

**नोडल अधिकारी**
**एन.यू.एच.एम. गोण्डा**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**गोण्डा**


**अनदेखी** — हर घर नल योजना का जनता को नहीं मिल पा रहा लाभ

# विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से महत्वाकांक्षी योजना हो रही फ्लॉप

**बेलाताल,महोबा। समृद्धि न्यूज**



तकनीकी रूप से जानकार अफसरों ने ऐसी पाइप लाइन बिछाई कि जैतपुर की आधी आबादी को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, समस्या को शासन स्तर से समाधान दिवस तक लिखित व व्यक्तिगत रूप से सुनाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, गलन भरी भीषण सर्दी में महिलाएं व बच्चे कुओं और हैंडपंपों से पानी भरने को विवश है,

जैतपुर के मढिया पुरा, बड़ी माता मंदिर,बेरपुरा,कछयाना,नयापुरा, झंडा बाजार सहित आधा दर्जन मुहल्लों में बिछाई गई पाइप लाइन से पीने का पानी नहीं पहुंच पा रहा है, मढ़ियापुरा के भागीरथ कुशवाहा, बल्देव कुशवाहा, राजेश पांचाल, हरिश्चंद्र रैकवार कहते है कि उनका मुहल्ला मैन रोड से ऊंचाई पर स्थित है, यह बताने के बाद भी हर घर नल योजना के जानकार अफसरों ने छह इंच जी आई पाइप लाइन बिछाने की बजाए तीन इंच प्लास्टिक का पाइप बिछा दिया इसी तरह सराफा मार्केट में भी तीन इंच प्लास्टिक पाइप डाला गया है, दो सैकड़ा लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे मढ़ियापुरा व बेरपुरा के ही लगभग दो सौ परिवार पानी से वंचित हैं, एवं सुबह होते ही भीषण सर्दी में लोग जान जोखिम में डाल कर पानी भरने को विवश है,

समस्या को सितंबर माह में कुलपहाड़ तहसील में आयोजित जिला स्तरीय समाधान दिवस में समाजसेवी महेंद्र द्विवेदी द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया था, नया पुरा के लोगो ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी व कर्मचारीयों ने मौके पर आकर लाइन चेक व टेस्टिंग करने की खानापूर्ति जरूर की पर अब तक पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ, बताया गया कि विभागीय तकनीशियन ने अपनी रिपोर्ट में साफ बता दिया कि बिना छः इंची पाइप लाइन डाले उक्त मुहालों में पानी पहुंचाना संभव नहीं, बाबजूद इसके अभी तक अधिक क्षमता की पाइप लाइन डालने का काम शुरू नहीं किया जा सका,विगत दो वर्षों से लोगों के दरवाजे पर कनेक्सन के बाद खड़े पाइप शोपीस बने हुए हैं, गांव की गोलियों से निकलना मुश्किल है, टूटी फूटी क्षतिग्रस्त पड़ी है, उनकी मरम्मत भी नहीं की गई। उक्त महत्वाकांक्षी योजना लोगों के लिए अभिशाप सिद्ध हो रही है।

# श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

- डीएम व एसपी ने नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल अधिकारियों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का किया निरीक्षण
- ड्रोन कैमरे से भारत नेपाल सीमा पर रखी जा रही है पैनी नजर
- बैठक कर सीमा सुरक्षा एवं मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की बनी रणनीति





**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

**22 जनवरी** को अयोध्या में आयोजित हो रहे श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही तथा वन माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार तथा नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों के साथ नेपाल सीमा पर कोयलाबास में एसएसबी की सीमा निगरानी चौकी में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद दोनों देशों के अधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का संयुक्त निरीक्षण कर जायजा लिया। बैठक में अधिकारियों ने सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित हो रहे भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी के आयोजन के दृष्टिगत अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी और बढ़ा दी जाय तथा सघन तलाशी अभियान चलाकर चेकिंग का कार्य कराया जाय व संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि 22 जनवरी को श्रद्धालु अयोध्या जायेंगे इसलिए उनकी आड़ में देश विरोधी एवं असामाजिक तत्व न जाने पाएं। घुसपैठियों पर रोक आदि के लिए अनावश्यक व अनैतिक आवागमन पर नजर रखी जाये तथा शक हो तो तुरन्त पूछताछ की जाये। यह सुनिश्चित किया जाय कि लोग पगडन्डियों से न आएं। पिकेट लगाकर पेट्रोलिंग एवं चेकिंग की जाय। भारत नेपाल सीमा पर ड्रोन कैमरे से होने वाले गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही हैं। इसी प्रकार विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अनैतिक व्यापार रोधी उपायों के संबंध में बाध्यताओं का कार्यान्वयन एवं नारकोटिक औषधियों और मादक पदार्थों के अवैध व्यापार के निवारण और रोकथाम में समन्वय स्थापित करते ठोस कार्यवाही की जाय। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इसकी रोकथाम के सम्बन्ध में चर्च की गई कि राज्यों को उनके औषधि कानून प्रवर्तन के प्रयासों में सहायता करने, सूचना एकत्र करना और इसका आदान-प्रदान करना, जब्ती संबंधी ऑकड़ों का विश्लेषण तथा प्रवृत्ति का अध्ययन एवं कार्यप्रणाली व राष्ट्रीय औषधि प्रवर्तन सांख्यिकी तैयार करने की कार्यवाही की जाय। पेड़ों की कटान रोकने तथा वन माफियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही के सम्बन्ध में भी गहन कर चर्चा कर वन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की रूपरेखा तय की गई। निर्देश दिए गए कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर वन विभाग के अधिकारी सूची तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुमति के बिना पेड़ को काटना अपराध है। भारतीय वन कानून के अनुसार पेड़ों की चोरी, पर्यावरण को नुकसान पहुंचने और प्रदूषण एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाय। इस दौरान दोनों देशों के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली अक्षत कलश यात्रा



**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**श्री राम** जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा शनिवार को रामपुर गिरंट के बुधनी चौरहा मे निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक संगीतों पर शोभायात्रा के शामिल महिलाएं, बच्चे और युवा थिरकते दिखे। रामपुर गिरंट के बुधनी चौरहा से श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई ।कलश शोभा यात्रा पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए बुधनी चौराहा से रामगढ़ माता जी स्थान पर सम्पन्न हुई। इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर घर घर निमंत्रण पहुंचाना है। यात्रा में मुख्य अतिथि विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा व विशिष्ठ अतिथि जिला मंत्री सुमित सिंह रहे।इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतराम यादव, शेषमणि तिवारी, अशोक वर्मा,डॉ विनोद यादव, दद्दन त्रिपाठी, गुड्डू कौशल, दशरथ वर्मा,भगवत वर्मा, तिलकराम कोटेदार आदि हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल रही।

# साजिदा अस्पताल संचालक डॉक्टर एहसान खान ने गरीबों को वितरित किया कंबल



**उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**उतरौला नगर** साजिदा हॉस्पिटल डॉक्टर एहसान खान के द्वारा गरीबों, असहायों को निःशुल्क कम्बल वितरित किया गया। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गाड़ियों के द्वारा कम्बल वितरित किया जा रहा है। डॉ एहसान खान सामाजिक कार्यों में आगे रहते हुए इसी क्रम में इस भीषण कड़क ठण्ड में डॉ एहसान खान और उनकी टीम ने एक और सराहनीय कार्य करते हुए गरीब ज़रूरतमंद असहायों लोगों को सर्दी से निजात दिलाने के लिए ज़रूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े (कम्बल) का वितरण किया जो कि बहुत ही सराहनीय है।डॉ एहसान खान और उनकी टीम द्वारा समय समय पर किये जा रहे कार्यों की चहुंओर प्रशंशा हो रही है। इस मौके पर डॉ अताउल्लाह खान, सतीश गुप्ता, डॉ वारिस खान, डॉ रफीउल्ला खान,नूरूउल्लाह खां आदि मौजूद रहे।

## रामोत्सव में राममय हुई समूची अयोध्या

**अयोध्या।** रामोत्सव मे पूरी अयोध्या राम मय हो गई है। भाजपा प्राण प्रतिष्ठा के उपरान्त आने वाले रामभक्तों की सुविधाओं के लिए भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर सरकार के मंत्री अयोध्या में लगातार कैम्प कर रहे है।आने वाले श्रद्धालुओं को राम से जोड़ने तथा वातावरण को राम मय करने के लिए पार्टी ने विशेष व्यवस्था की है।

सांसद लल्लू सिंह द्वारा महानगर के मुख्य स्थानों सहित बाजारों व गांवों में भगवा ध्वज लगवाए जा रहे है।भजन,सांस्कृतिक तथा साहित्य वितरण व्यवस्था का प्रमुख पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल को बनाया गया है। महानगर की साज-सज्जा की व्यवस्था पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के जिम्मे है।पूर्व महापौर ने बताया कि महानगर में दर्जनों तोरण द्वार बनाए जा रहे है।प्रमुख चौराहों पर साज-सज्जा की जाएगी।


# बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर मासूम की मौत



**चोपन / सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**थाना** क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर पटवध में ट्रक ने बाइक सवार महिला पुरुष व बच्चे को टक्कर मार दी जिसमें 2 वर्ष के बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बाइकसवार महिला घायल हो गई जिसे डायल 112 द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजा गया वहीं घटना में युवक बच गया है जिसका रो-रो कर बुरा हाल है मौके पर काफी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई सुचना मिलते ही चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गए तथा ट्रक को भी कब्जे में लेने की बात कही जा रही है । जानकारी के मुताबिक प्रदीप पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम भरौली थाना घोरावल जो किसी काम से जुगैल गए हुए थे वापस लौट रहे थे की पटवध गांव के पास वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें 2 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा प्रदीप की भाभी सीमा भी घायल हो गई जिन्हें चोपन अस्पताल ले जाया गया तथा बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने कार्यकर्ताओं संग दुखहरण नाथ मंदिर में किया श्रमदान



**उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या में** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पावन व पुनीत अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिरों में स्वच्छता साफ सफाई करने के आह्वान पर 22 जनवरी तक मंदिरों एवं तीर्थक्षेत्रों के आस पास स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ? श्री दुःखहरणनाथ मन्दिर के प्रांगण में श्रमदान किया। तथा सभी जिम्मेदारो से श्रमदान में योगदान देने का अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के मंदिरों, तीर्थ स्थलों की साफ-सफाई कर इस अभियान में सहभागी बनें। इस मौके पर नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, महंत मयंक गिरी, पिंटू बाबा, देवानंद गुप्ता,नगर अध्यक्ष सीवी माथुर,पूर्व सभासद फणीन्द्र गुप्ता, राहुल राज़ गुप्ता,रमेश जायसवाल सभासद दुर्गेश कुमार, रोहित राज़ गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्य अतिथि बहरैची प्रसाद गुप्ता के साथ ग्रामीणों ने लिया देश को विकसित बनाने का संकल्प



**उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज**

**विकसित भारत** संकल्प यात्रा में देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया।जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता व विशिष्ठ अतिथि जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दीप चंद्र जायसवाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया उसके बाद मुख्य अतिथियों साल भेट कर माल्यार्पण हुआ ।रेहरा बाज़ार के ग्राम पंचायत अलाउददीनपुर व किशनपुर सागर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्यअतिथि सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक बहरैची प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की योजनाओं की संतृप्ति प्राप्त करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। देश भर में भारत के सभी ग्राम पंचायतों में उन कमजोर लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं। लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है।योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना

सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ उनकी व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से बातचीत यात्रा के दौरान सुनिश्चित विवरण के माध्यम से संभावित लाभार्थियों का नामांकन। यह अभियान भारत सरकार,राज्य सरकारों,केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण अपनाकर चलाया जा रहा है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा व मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा राम राज ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के नागरिकों के लाभ के लिए और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित पक्षों की यथासंभव व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन और संस्थान है।कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आयुष्मान, आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि, पेंशन लाभार्थीयों को सम्मानित किया गया व प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजय कुमार श्रीवास्तव,प्रधान प्रतिनिधि अकमल हुसैन,किस्मत अली, ग्राम पंचायत अधिकारी महेश कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार, बाकेलाल, हरिराम, मो उमर, बाके, योगेश कुमार शर्मा, चिरकुट, प्रहलाद, ओमप्रकाश, विनय कुमार व सकठू ,सियाराम सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# साधु संतों को किया सम्मानित, गूंजे जय श्री राम के जयकारेः भूपेश

- भण्डारे का भी किया आयोजन, रामचरित मानस पाठ का किया आयोजन
- जिले के मंदिरों में साफ सफाई व स्वच्छता अभियान मे बढ़ चढ़कर ले हिस्साः भूपेश चौबे



**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को रामलला के होने वाले प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोनभद्र भक्तिमय हो गया है पूरे जिले में देवस्थानों पर साफ सफाई के साथ ही तैयारियां तेज कर दी गई है। उसी क्रम में आज रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में साधु संतों का अंग वस्त्र के द्वारा सदर विधायक भूपेश चौबे ने स्वागत किया मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने साधु संतों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयास से अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण संभव हुआ है। कहा कि 22 जनवरी को जिले के सभी मंदिरों में दीपक जलाएं साथ ही सभी मंदिर परिसरों व आस पास के क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान भी चलाये और पूजन अर्चन करें। उन्होंने जनपदवासियों से श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने घरों पर दीपक जलाने की अपील की। पंचमुखी महादेव मंदिर के पुजारी लक्ष्मण दूबे जी दण्डईत बाबा के पुजारी लक्ष्मीदास बाबा,मंगलेश्वर धाम के पुजारी पूज्य राजकुमार गिरी, मछन्दरनाथ आश्रम के पुजारी गोवर्धन बाबा, अचलेश्वर महादेव के पुजारी ओमप्रकाश तिवारी, चिरुई शिवमंदिर के पुजारी गिरजाशंकर पाण्डेय, ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर पटवध के पुजारी प्रमोद तिवारी, वैष्णों मंदिर के पुजारी श्रीकांत तिवारी सहित उपस्थित अनेको मंदिरों के पुजारियों का सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा अंगवस्त्र से स्वागत किया। इस मौके पर साहित्यकार अजय शेखर, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, चुर्क चेयरमैन मीरा यादव, इं रमेश पटेल, जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी, संतोष शुक्ला, पूर्व चेयरमैन विजय जैन, जितेन्द्र सिंह, राजबहादुर सिंह, दीपक दूबे, महेन्द्र पाण्डेय, बलराम सोनी, जमुना पासवान, पुष्पा सिंह, गुडिया तिवारी, चन्द्रप्रकाश दूबे, रजनीश रघुवंशी अनिल पाण्डेय, गौरव शुक्ला, कृष्णानन्द तिवारी, पूर्व प्रमुख रमेश मिश्रा, गणेश अग्रवाल, आदि मौजूद।

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय एचएमआईएस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक सम्पन्न




**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**जनपद स्तरीय** एचएमआईएस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक 2 दिवसीय शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी है। उक्त प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में राज्य एवं मण्डल स्तरीय अधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डीपीएम, एनएचएम, प्रतिनिधि यूपीटीएसयू, तथा सभी ब्लाकों के अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीपीएम, एमसीटीएस आपरेटर उपस्थित थे। एचएमआईएस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में अनुपस्थित अधीक्षक, सामुस्वा केन्द्र, घोरावल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। एचएमआईएस प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में एचएमआईएस एवं ई-कवच पोर्टल पर प्रशिक्षण एवं ब्लाकवार प्रगति रिपोर्ट एवं अपडेशन की गहन समीक्षा की गयी तथा एचएमआईएस एवं ई-कवच पोर्टल पर पाई गई कमियों को दूर करते हुए ब्लाकवार डेटा वैलीडेशन कमेटी की बैठक 10 दिवस के अन्दर कराकर शत प्रतिशत अपडेशन कराने के निर्देश दिये गये।

# खबरें एक नजर में

## प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दिन दुखहरनाथ मंदिर उतरौला में होंगे अनेक कार्यक्रम

**उतरौला (बलरामपुर)।** 22 जनवरी को होने वाले भगवान प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उतरौला बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खास उत्साह दिखाई दे रहा है लोगों ने अपने घरों के छत पर पताका लगना शुरू कर दिया है। कस्बे में स्थित मंदिर और ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुखहरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने बताया की 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में दुखहरण नाथ मंदिर उतरौला में प्रातः 9 बजे से श्री सुंदरकाण्ड पाठ तत्पश्यात रामाधुन जो 1 बजे तक चलेगा , उसके उपरांत आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुनियोजित हुआ है। सायंकाल 7 बजे से देवाधिदेव महादेव का दिव्य श्रृंगार और आरती प्रारम्भ होगा। और साथ ही साथ दीपोत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसी के साथ दुख हरण नाथ मंदिर के महंत मयंक गिरी ने कहा है कि उतरौला बाजार सहित आसपास के सभी सनातन प्रेमी बंधु तथा माताएं, बहिने तथा बच्चे सभी उक्त कार्यक्रम मे पूर्ण आस्था के साथ सम्मलित हो और महादेव के कृपा पात्र बने।

## स्वच्छता बने एक जनआंदोलनः बंसल

**अयोध्या।** महानगर के विभिन्न स्थलों पर भाजपा द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री ने लता चौक से अभियान की शुरूआत की थी। शुक्रवार को राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने रामकोट वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मौजूद थे। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है।प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार हम सभी अयोध्या को सुन्दर व स्वच्छ बना रहे है। देवस्थानों पर स्वच्छता अभियान जनसहभागिता से चलाया जाए। स्वच्छता एक जनआंदोलन बनें। सभी कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों देवस्थान की साफ-सफाई के उपरान्त दिन में भजन-कीर्तन, पूजन व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखें।उन्होनें ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रतिष्ठानों व घरों को रामज्योति व झालरों से प्रकाशित साज-सज्जा करने की अपील किया।प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवकाली वार्ड में, सांसद लल्लू सिंह ने हनुमान कुंड वार्ड में,क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने अटल नगर वार्ड में, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अशोक सिंघल वार्ड में,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने देवकाली वार्ड,पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू ने ऋंगी ऋषि आश्रम महबूबगंज,पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अभिराम दास वार्ड,पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने सीताकुण्ड वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया है। वार्डो के पार्षदों ने भी अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया।

## रामरथ झांकी के साथ घर घर वितरित किया गया अक्षत

**अयोध्या।** जय श्री राम उद्घोष व डीजे पर बजते राम भजनों के साथ गोसाईगंज के देवा सूर्यभानपुर मयाबाजार में हर घर झण्डा एवं दीप प्रज्वलन हेतु रामरथ झांकी के साथ पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने घर-घर अक्षत वितरित किया। रामरथ के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। पूर्व विधायक ने कहा पांच सदी का लम्बा इंतजार समाप्त होने पर मात्र कुछ समय शेष है।लाखों बलिदानियों ने राम मंदिर के लिए अपना बलिदान दिया है।हमारी पीढ़ी इस ऐतिहासिक क्षणों की साक्षी बन रही है।प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार हम सभी 22 जनवरी को अपने घरो के निकट के देवस्थानों को स्वच्छ करें।दिन मे वहां भजन-कीर्तन पूजन का कार्यक्रम आयोजित करें।शाम के समय अपने घर प्रतिष्ठान को रामज्योति से जगमग करें। इस दौरान पवन उपाध्याय,रवी उपाध्याय,नरसिंह उपाध्याय, जितेन्द्र उपाध्याय, उमा शंकर दुबे,राम कुमार मौर्या,जगन्नाथ, राकेश कनौजिया,गोपाल दास महाराज,जेटू गौड़,शिवदास गौड़, बद्री प्रसाद कनौजिया,विश्वनाथ उपाध्याय,मनोज दुबे,ध्रुव गुप्ता, नवीन सिंह,शत्रुघ्न मोदनवाल,के. पी.सिंह,जयप्रकाश तिवारी, कैप्टन सिंह,राजीव सिंह बंटी, मनोज सिंह,वीरेंद्र तिवारी,सुभाष शुक्ला,चंद्रभूषण सिंह,राम सागर गुप्ता,कृष्ण देव मिश्रा,संदीप तिवारी,संतोष सिंह,ऋषि पांडेय, राजू तिवारी,राज मंगल सिंह, बबलू सिंह,सुजीत मिश्रा,राम प्रकाश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कोछा बाजार, बाबा खड़ेश्वरी जी सागर तट,चौरे बाजार में बैठक की।बैठक में महोत्सव को दिव्य-भव्य बनाने को लेकर चर्चा की गई।धमसा माता के मंदिर,हनुमान गढ़ी हैदरगंज बाजार में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। बैठक में पूर्व विधायक ने कहा कि पांच सदी के इंतजार के बाद प्रभु राम अपने दिव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे है।प्राण प्रतिष्ठा की तिथि निकट है। 22 जनवरी को लेकर सभी कार्यकर्ता जन सहभागिता से गांव-बाजारों देवस्थानों पर भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण का आयोजन करें। इस दिवस को भव्य दीपोत्सव की भांति मनाए।व्यापारियों से सम्पर्क करें प्रतिष्ठानों को दीपमालों झालरों से सजाने का अनुरोध करें।उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री की अपील के अनुसार कार्य के लिए कार्यकताओं की टोलियां बनाई गईं है,जो लोगों से सम्पर्क व संवाद कर रही है।ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्यता के साथ प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव मनाया जाएगा।इस दौरान जाना बाजार में ब्लाक प्रमुख बीकापुर दिनेश वर्मा,जिपंस सुनील राजपूत, मण्डल अध्यक्ष चौरे वीरभान सिंह,प्रधान प्रेम चंद्र गुप्ता,सरजू दुबे,विजय तिवारी, प्रीतम अग्रहरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने किया टेंट सिटी का निरीक्षण

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बुधवार भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बी.एल.संतोष,डिप्टी सीएम बृजेश पाठक,पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह,क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव,जिलाध्यक्ष संजीव सिंह,पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने नव्य अयोध्या में बन रहे 25 हजार क्षमता की टेंट सिटी तथा नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही 2500 क्षमता की टेंट सिटी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिया।भाजपा ने भक्तों की सुविधाओं के लिए स्वागत विभाग/रेलवे स्टेशन, कार्यालय प्रमुख,कार्यकर्ता प्रबंधन विभाग प्रमुख,प्रशासन समन्वय विभाग,पूछतांछ सहायता, आवास व्यवस्था,पेयजल, परिवाहन विभाग प्रमुख,पार्किंग व्यवस्था प्रमुख,सुरक्षा व्यवस्था प्रमुख,खोया-पाया,चिकित्सा विभाग,साहित्य वितरण,भोजन भण्डारा,मंदिर दर्शन व्यवस्था प्रमुख,स्वच्छता विभाग,भजन सांस्कृतिक व्यवस्था प्रमुख,घाट व्यवस्था,बस स्टैण्ड,एयरपोर्ट, शहर सजावट,क्लॉक रूम, लखनऊ व्यवस्था प्रमुख,सोशल मीडिया तथा मीडिया प्रमुख विभाग बनाएं है।

# किसानों के खेतों एवं सड़कों पर नहीं दिखना चाहिए गोवंश: डीएम

- विशेष अभियान के तहत निराश्रित गोवंश को पड़कर गोशाला में संरक्षित किया जाए
- डीएम ने समीक्षा बैठक में अफसरों को दिये आवश्यक निर्देश



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार गोशाला निर्माण, कायाकल्प, निपुर्ण अभियान, हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक में कहा कि निराश्रित गोसंरक्षण अभियान 31 जनवरी तक बढ़ा दिया गया हैं। अब कोई भी निराश्रित गोवंश किसानों के खेतों एवं सड़कों पर नहीं दिखना चाहिए। विशेष अभियान के तहत निराश्रित गोवंश को पड़कर गोशाला में संरक्षित किया जाए। बैठक मे बताया गया कि 2 हजार लक्ष्य के सापेक्ष 1858 निराश्रित गोवंशो को पकड़ कर गोशाला में संरक्षित किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि निराश्रित गोवंशों का शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग होना चाहिए। एक भी गोवंश बिना ईयर टैगिंग नहीं रहना चाहिए। कहा कि शासन स्तर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि गो आश्रय स्थलों का विस्तारीकरण किया जाए। डीएम ने कहा 22 गोशालाएं ऐसी है जिनका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं है। निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। कंट्रोल रूम में गोवंशों से संबंधित 350 से अधिक शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष 30 शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र कर दिया जाए। कहा कि गोशाला में केयरटेकर लगाए जाने हैं, केयरटेकर वही होंगे जो गो सेवक न हो। बढ़ती ठंड के दृष्टिगत गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। साथ ही हरा चारा, भूसा की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। श्री शुक्ल ने कहा है कि 178 गांव, मॉडल गांव हो गए है। मॉडल गांव की पंचायतों में खर्चे से अधिक आमदनी भी होनी चाहिए, इस बात पर भी ध्यान दिया जाए सभी खंड विकास अधिकारी ध्यान दें कि घर-घर कूड़ा उठाया जाए। डीएम ने लखपति दीदी योजना कि समीक्षा करते हुए कहा है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सरकार ने अनेको योजनाएं संचालित की है। लखपति दीदियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से जोड़ा जाए तथा उन्हें प्रशिक्षित किया जाए, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा है कि 19 विद्यालय ऐसे हैं जहां पर टायलीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जिन विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय एवं बाउंड्री वॉल संतोषजनक नहीं है यथाशीघ्र ठीक किये जाए। कहा कि विद्यालयों में 19 पैरामीटर के तहत कार्य पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने हर-घर- जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रम विभाग की टीम ने किया बंदी का निरीक्षण

- दुकानदारों ने श्रम विभाग की टीम से की नोंकझोक

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



दुकानदार से वार्ता करती श्रम प्रवर्तन अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**नगर में** साप्ताहिक बंदी को लेकर श्रम विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और दुकानदारों को दुकान न खोलने की हिदायत दी। दुकानें खोले बैठे दुकानदारों ने टीम से नोकझोक की और भेदभाव का आरोप लगाया।

शनिवार को साप्ताहिक बंदी को लेकर श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील ने कर्मियों के साथ नगर के फर्रूखाबाद रोड, जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर रोड, चावल मंडी, सब्जी मंडी, रेलवे रोड पर निरीक्षण किया। इस दौरान खुली हुई दुकानों को देखकर टीम ने दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई और साप्ताहिक बंदी का पालन करने के चेतावनी दी। कहा कि बंदी के दिन दुकान खोलने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान चावल मंडी में खुली दुकानों को देख श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और दुकानें न खोलने की चेतावनी दी। जिसपर दुकानदारों में रोष व्याप्त हो गया। दुकानदारों के बीच टीम की नोंकझोक भी हुई। दुकानदारों का कहना है कि उनके साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार हो रहा है। अन्य दुकानदार दुकानें खोले रहते है। जबकि उन लोगों पर कानून का पालन दिखाया जाता है।

# खबरें चलते-चलते

## दहेज न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ससुरालियों ने दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रूपये की नगदी न मिलने पर ससुरालियों ने महिला के साथ गाली गलौज की और उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम फखरपुर निवासी प्रिया ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि उसका विवाह 04 वर्ष पूर्व जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा ग्राम बिहारियननगला निवासी पंकज के साथ हुआ था। शादी के बाद पति पंकज, सास सरला, जेठ प्रवेश, जेठानी संगीता, और सोनू ने शादी में अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रूपये की नगदी की मांग की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बच्चों के विवाद में पिता-पुत्री को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बच्चों के विवाद को लेकर गांव के लोगों ने पिता पुत्री के साथ गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम नरेंद्रपुर निवासी आसाराम ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 19 जनवरी की शाम 05 बजे गांव के राज सिंघानिया, हरिनाम, निराकार और रेखा ने बच्चों के विवाद को लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान आई उसकी पुत्री संध्या को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील के सभागार में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर राजस्व विभाग की 61 शिकायत दर्ज की गई जिसमें नौ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पूर्व विभाग की आठ शिकायत दर्ज की गई जिसमें एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया विद्युत विभाग की दो शिकायत दर्ज की गई विकास विभाग की 6 शिकायत दर्ज की गई एक का मौके पर निस्तारण किया गया सिंचाई विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई कल 61 शिकायत है दर्ज की गई 11 शिकायतों का मौका पर निस्तारण किया गया अपर जिलाधिकारी में निर्देशित किया कि शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जा सके।

## जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली रामदूत शोभायात्रा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जनपदवासी राममय हो गये हैं। जिले के मन्दिरों समेत विभिन्न स्थलों पर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। राम महोत्सव अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मानीमऊ नगर ईकाई के तत्वाधान में शनिवार को भव्य रामदूत शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बिट्टी देवी स्कूल से मानीमऊ नेरा मार्ग होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग मानीमऊ तक निकली। शोभायात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। श्रीराम भजन व श्रीराम के जयघोष के साथ शोभायात्रा जहां से गुजरी वहां का सम्पूर्ण वातावरण राममय हो गया। बिट्टी देवी इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य ममता सिंह ने बताया कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद रामलला अपने गर्भगृह में विराजमान हो रहे हैं इसलिए पूरी दुनिया राममय है और अपने नगर का वातावरण प्रभुमय हो इस निमित्त रामदूत यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में भगवान राम के स्वरूप में रोशनी दुबे, माता सीता के स्वरूप में जानवी, लक्ष्मण के स्वरूप में सूर्यांश, बजरंगवली के स्वरूप में युवराज सिंह, तनिष्क और जामवंत के स्वरूप में अथर्व सिंह यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

# शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समय से निस्तारण किया जाये: डीएम

- तिर्वा तहसील के सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, 89 शिकायतों में मौके पर कुल तीन शिकायतों का हो सका निस्तारण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**




तिर्वा तहसील में फरियादियों की शिकायतों को सुनते डीएम और एसपी — समृद्धि न्यूज

**शनिवार को** तहसील तिर्वा के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने कहा कि शिकायतो का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ, 1076 के संदर्भ शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समय से निस्तारण किया जाये। कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य ही है प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल निस्तारण कराना।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 89 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण किया जाए जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके। कोई भी शिकायत लंबित नही रहना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में गरीब एवं असहाय महिलाओं को कंबल भी वितरण किये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद, उप जिलाधिकारी/ज्वाइट मजिस्ट्रेट तिर्वा पवन कुमार मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विनोद कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# नन्हे मुन्नों ने रंगों से भरी आस्था की तस्वीरें



- श्री राम मंदिर की कलाकृति बनाते नौनिहाल

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**श्री राम** मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का सभी को बेसब्री से इंतजार है जहां एक तरफ युवाओं में जोश है तो वही दूसरी तरफ बच्चे भी अपनी तरह से खुशियां बनाने को तैयार है। बनवारी नगर स्थित उड़ान संस्थान में बच्चो ने पेंसिल, वाटर कलर से श्री राम से जुड़ी तस्वीरों को पोस्टर पर उकेरा। दो टीम बनाकर कराई गई कार्यक्रम में अच्छा चित्र बनाने वाले टीम सदस्य अथर्व, शिवांश, वरिष्ठ, यश, त्रिशिका, आध्या, अभिजीत सक्षम, रिशु को विजेता चुना गया।

# साफ-सफाई होने के बाद कूड़ा कचरा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई: मीनू सिंह



अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह

- कूड़ा कचरा निस्तारण में सहयोग करें दुकानदार

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**शासन के** निर्देश पर टाउन प्रशासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल प्रतिबंध एवं स्वच्छ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत दुकानदारों से चार्ज भी बसूलनें को कहा गया है। जिससे कूड़े का निस्तारण सही ढंग से हों सकें। उन्होंने कहा कि नगर में साफ-सफाई होने के बाद सार्वजनिक स्थानों व गलियों में अगर किसी ने कूड़ा कचरा डालकर गंदगी फैलाई तों होगी कार्रवाई। यह जानकारी शनिवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने दी बताया कि नगर पंचायत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान के तहत पिछले दिनों पूर्व में समधन बाजार व मेन सड़क पर दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथीन सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री दुकानदारों से जप्त कर जुर्माना भी वसूला गया था अगर दुकानदारों के पास सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्माकोल प्रतिबंध पाई गई तों जुर्माना वसूलकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अपनी आने वाली पीढ़ियों की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंध बेहद जरूरी है। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य,बकार हुसैन,सोयब खां,मो0 नईम, कासिम, नौशाद मुल्ला जी आदि मौजूद रहे।

## चन्द्रजीत सिंह बने भाकियू प्रधान के प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ



छिबरामऊ। भारतीय किसान यूनियन प्रधान गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान की संस्तुति पर नगर निवासी अधिवक्ता चंद्रजीत सिंह को प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ भारतीय किसान यूनियन प्रधान गुट का नियुक्त किया गया। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बिध प्रकोष्ठ पर शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रजीत यादव को मनोनीत किया मनोनीत के बाद उनके समर्थकों ने उनके आवास पर पहुंचकर उनको बधाई दी फूल मालाओं से स्वागत किया।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, पेट्रोल पंप कर्मियों को बोतल में पेट्रोल न देने के निर्देश दिए

**समधन, समृद्धि न्यूज़**





**उच्च अधिकारियों** के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए जहां एक ओर संदिग्ध लोगों की खोजबीन की वहीं दूसरी ओर कई बाइकों का चालान काटा गया साथ ही पेट्रोल पंप पर पहुंचकर निरीक्षण कर बोतल में पेट्रोल न देने के निर्देश दिए। शनिवार दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप? सिंह ने दलबल के साथ समधन सिद्दीकी पेट्रोल पंप पर पहुंचकर सुरक्षा दृष्टि से निरीक्षण किया और मौजूद कर्मियों को बोतल में पेट्रोल न देने की बात कही इसके बाद मलिकपुर तेराजाकेट मोड़ पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग की गई इस दौरान उन्होंने 10 बाइकों का चालान काटा साथ ही हेलमेट लगाने की सलाह दी। उधर रामाश्रम चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने कन्नौज जनपद की सीमा पर बेरी कोटिंग कर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जिससे अराजकतत्वों में हड़कंप मच गया।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र- छात्राओं के खिले चेहरे



स्मार्टफोन के साथ मौजूद छात्र- छात्राएं व अतिथिगण — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**शनिवार** को अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य व प्राचार्य डॉ सुशील कुमार शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इसके अतिथि ने छात्र-छात्राओं स्मार्टफोन का वितरण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि सरकार की स्मार्टफोन वितरण योजना छात्र छात्राओं के हित के लिए बेहतर साबित हो रही है। कहा कि छात्र-छात्राएं इस स्मार्टफोन का प्रयोग अपने शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ाने में करना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं विशेष तौर पर लड़कियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह राजकीय महाविद्यालय आप सबके लिए एक वरदान के समान है। छात्र-छात्राएं इस शिक्षा संस्थान में अध्ययन करके जीवन में ऊंचाइयों को छू सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार शाक्य ने आए हुए अतिथियों को धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि उनके आगमन से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रेरणा और ऊर्जा प्राप्त हुई है। इस मौके पर डॉ संजय सिंह, डॉ हेमंत सिंह, डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ. सत्यवीर सिंह, डिंपल कुशवाहा ,डॉ. अखिलेश, डॉ. विजय बहादुर, डॉरफी सक्सेना सहित आदि रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

- ग्राम मुरैंया बुजुर्ग स्थित राधा कृष्ण मंदिर सधुधाम में नैमीशरण्य धाम से पधारे कथा वाचक तुषार कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करेंगे श्रद्धालुजन

**कन्नौज समृद्धि न्यूज़**



**सदर तहसील** क्षेत्र के ग्राम मुरैंया बुजुर्ग स्थित राधा कृष्ण मंदिर सधुधाम में शनिवार को कलश शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश शोभा यात्रा में श्रद्धालु महिला पुरुषों की भारी भीड़ शामिल हुई। ग्राम मुरैया बुजुर्ग स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के व्यवस्थापक बृजेश कुमार द्विवेदी बृजेंद्र कुमार द्विवेदी योगेंद्र कुमार द्विवेदी राघवेंद्र द्विवेदी पुष्पेंद्र नारायण द्विवेदी आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से बताया कि आज से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ है। बताया कि नैमीशरण्य धाम से पधारे कथा वाचक तुषार कृष्ण शास्त्री जी के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का आज से शुभारम्भ हुआ है। बताया कि श्रीमद्भागवत कथा दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक तथा साय 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा आचार्यो द्वारा वैदिक मन्त्रोचार व विधि-विधान से की जाएगी तथा 27 जनवरी को विशाल भंडारा आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु महिलाओं पुरुषों को श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने हेतु आमन्त्रित किया है। कलश शोभायात्रा में रामलखन, छोटू, पुन्नू, कन्हैया, राजन, देवांग, रजत, छुन्ना, टिल्लू, मोनू, विनोद सहित क्षेत्र की तमाम श्रृद्धालु महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

## साप्ताहिक बंदी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करायेः डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, वाणिज्य बन्धु, श्रम बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि शहर के लाखन चौराहे के पास विद्युत तारो के मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र किया जाये, विद्युत तार इधर-उधर लटकना नही चाहिये। कहा कि अंडरग्राउंड लाइन के कार्य को भी समय से किया जाये। डीएम ने बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत संबंधित विभाग बैंकों से मिलकर रोजगार के अवसर प्रदान करें। बैठक में मौजूद व्यापारियों ने बताया कि साप्ताहिक बंदी में दुकाने, माल आदि खोले जाते है, जिससे व्यापार में काफी नुकसान होता है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश देते हुये कहा कि पेट्रोल पम्प, दवाई, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर साप्ताहिक बंदी का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराये। किसी प्रकार की व्यवस्था नही बिगड़ना चाहिये।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# सम्पूर्ण समाधान दिवसः अट्ठारह शिकायतें निस्तारित, शेष को मिला आश्वासन

▸ सभासद ने आवास दिलाने के नाम पर गरीब का लिखवा लिया तीन बीघा खेत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी की** अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर 18 शिकायतों का निस्तारण किया। शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल160 शिकायतें आयीं। जिनमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मौके पर ही पहुँचकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में उनका निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया की समस्याओं का समयबद्ध एव गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। वहीं अजीत कुमार पुत्र रामविलास निवासी गंगाटोला थाना कम्पिल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना-पत्र देकर कहा है कि मेरी पैतृक सम्पत्ति है जिसमें वह कृषि कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मेरे वार्ड नंबर 1 सभासद सुरेन्द्र कुमार ने प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत कालोनी दिलाने का अश्वासन दिया था। जिसके लिए सुरेन्द्र मुझको दिनांक 5 जनवरी को सुबह कालोनी का रुपया दिलवाने के लिए तहसील कायमगंज लाये। सर्दी अधिक होने की बात कहकर मुझे शराब के ठेके पर ले गये। जहां पर उन्होंने मुझे शराब पिलाई तथा नशे की हालत में फर्जी बैनामा करवा लिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान क्षेत्रीय विधायक सुरभि गंगवार, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीएमओ डॉ0 अमनेन्द्र कुमार, तहसीलदार आलोक कटियार, क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवावगंज थानाध्यक्ष कम्पिल, थानाध्यक्ष मेरापुर सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

# डीएम ने सभी पंचायत सहायकों के कसे पेंच, 114 निष्क्रिय, 66 ही कर रहे कार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यू

▸ पंचायत सहायक निष्क्रिय रहने पर पंचायत सचिव होगा जिम्मेदार, होगी पदच्युत की कार्रवाई

**डिजिटल क्राप** सर्वे (रवि) के अंतर्गत तीनों तहसील सदर, अमृतपुर एवं कायमगंज में सर्वेक्षण कार्य में लगे कार्मिक (पंचायत सहायकों) के कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गयी। समीक्षा में पाया गया कि 207 पंचायत सहायकों द्वारा कार्य किया जाना है, परन्तु मात्र 66 पंचायत सहायकों द्वारा ही कार्य आरम्भ किया गया है। उनके द्वारा प्रतिदिन किये जाने वाले सर्वे कार्य (गाटा संख्या) की संख्या अत्यन्त ही न्यून है। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि कल से सभी कार्मिक प्रतिदिन कम से कम 200 गाटे के सर्वे का कार्य पूरा कर सायं 6 बजे तक अपने विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से प्रेषित करेंगे। जिस पंचायत सहायक अधिकारी द्वारा कार्य नहीं किया जायेगा उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही में रुचि न लेने के आरोप में अनुशासनिक एवं विधिक कार्यवाही की जायेगी। सभी सचिवों के लिए भी निर्देशित किया गया कि वे भी अपने-अपने ब्लाक स्तर में आने वाली ग्राम पंचायतों में तैनात ऐसे पंचायत सहायकों की प्रतिदिन समीक्षा करके सुनिश्चित करायेंगे कि सभी पंचायत सहायक अपनी दैनिक लक्ष्य की पूर्ति करते हुए सर्वे का कार्य करायेंगे। यदि सचिवों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जायेगा और उसके ब्लाक स्तर के पंचायत कार्य नहीं करेंगे तो उनकी भी जिम्मेदारी तय की जायेगी, क्योंकि पंचायत सहायकों का मानदेय उन्हीं के द्वारा निर्गत किया जाता है। यदि सचिवों द्वारा पूरा प्रयास करने के उपरांत भी पंचायत सहायक कार्य नहीं करता है तो सचिव उस पंचायत सचिव के विरुद्ध पद से पदच्यूत करने की कार्यवाही करायेगा। विकास खण्ड स्तर पर सभी कार्यों का अनुश्रवण प्रतिदिन करके बीडीओ जिलाधिकारी को सूचित करते रहेंगे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली क्षेत्र** के ग्राम न्यामतपुर ढिलावली निवासी मिन्टू बहेलिया उम्र 35 वर्षीय पुत्र भोपाल सिंह बहेलिया अपने मित्र भूरे पुत्र अनार सिंह निवासी नगला विधि के साथ बाइक पर बैठकर किसी काम से ब्राहिमपुर जागीर जा रहे थे। जैसे ही वह नगला विधि मोड़ पर पहुँचे, तभी अज्ञात ओमिनी कार चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल मिन्टू को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। भूरे को बरखेड़ा स्थित एक चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया गया है।

# चौदह सौ किलोमीटर की दूरी पर भारी पड़ी आस्था

▸ दिल्ली से साइकिल से रामलला के दर्शन को निकले युवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अयोध्या धाम** में श्रीराम लला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। जिसको लेकर पूरे विश्व भर के सनातनी खुशियां मना रहे हैं। वहीं सनातनी युवाओं का भी जोश बढ़ता नजर आ रहा है। ऐसे ही दो युवा रंजीत यादव और अंग्रेज सिंह दिल्ली से लेकर अयोध्या तक 1400 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करने का संकल्प लेकर श्रीराम लाल के दर्शन करने को निकल पड़े। जिनका स्वागत अमृतपुर स्थित बाबूजी फैमिली ढाबा के मालिक शिवम सक्सेना, बादल सक्सेना, गोपाल प्रकाश सक्सेना आदि ने किया। युवा रंजीत यादव ने बताया कि वह नोएडा में प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। 22 जनवरी को होने वाली श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए साइकिल से निकले हैं। हमारा सौभाग्य है कि हमारे दादा परदादा का सपना आज 500 वर्षों बाद साकार होने जा रहा है। हम सभी सनातनियों को इस पर गर्व होना चाहिए। इस मौके पर गौरव शर्मा, शिवम कनौजिया, प्रशांत दुबे, रामू सक्सेना आदि मौजूद रहे।





अमृतपुर में मौजूद युवक समृद्धि न्यूज

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी, भरे नमूने

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अपर जिला** अधिकारी के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर छापा मारकर दवाइयों के नमूने संग्रहित किये। जानकारी के अनुसार अपर जिला अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति के नेतृत्व में जनपद के सभी मेडिकल स्टोर्स पर मानकों के अनुरूप औषधियों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद का खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग निरंतर अपने स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को औषधि निरीक्षक रजत कुमार पाण्डेय के द्वारा मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों की मानकों के अनुरूप पर्याप्त उपलब्धता एवं गुणवत्ता की जांच के क्रम में हंस मेडिकल स्टोर हथियापुर का निरीक्षण कर 2 नमूने भरे। फर्म स्वामी द्वारा कोई कैशमेमो जनरेट नहीं किया जा रहा था एवं अन्य कमियां पाई गईं। इसके बाद यादव नगर स्थित आर0के0 चौधरी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। भरे गए सभी नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया। फर्म से कमियों के निवारण हेतु कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा।





मेडिकल स्टोर पर जांच करते औषधि निरीक्षक

# खबरें चलते-चलते

## राशन उठाने भाड़ा न देने की शिकायत जिलाधिकारी से

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** समूह की महिलाओं द्वारा राशन उठाने का भाड़ा न देने पर उन्होंने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। उधर सीडीपीओ के रिश्वत का ऑडियो भी वायरल कर दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के विकास खंड क्षेत्र शमशाबाद के गांव भारत नगर निवासी लता देवी पत्नी शैलेंद्र सिंह, तारा देवी पत्नी भारत सिंह ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने जनवरी माह में राशन का उठान किया था। जिनका भाड़ा भी सीडीपीओ ने उनको नहीं दिया। वहीं आंगनबाड़ी से जब राशन रिसीव करने की बात कही, तो आंगनबाड़ी सरिता देवी भी टाल मटोल करती रही। इसके बाद पीड़िता के मुताबिक दो दिन बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया। आंगनबाड़ी सरिता देवी ने कहा कि आप लोग मेरे घर पर जाकर राशन रिसीव कर दो। आप लोगों को राशन बांटने का कोई अधिकार नहीं है। इस बार साहब बहुत सख्त हैं, तो हमने पोषाहार आंगनबाड़ी केंद्र पर ही रिसीव करने की बात कही, तो आंगनवाड़ी सहायता देवी ने समूह की महिलाओं की शिकायत सीडीपीओ से की। सीडीपीओ शमशाबाद ने समूह की महिलाओं को धमकाया और राशन में हस्तक्षेप न करने की बात कही। बीडीओ शमशाबाद सचिन कुमार से बात करके आंगनबाड़ी ने फोन करवाया और कहा कि तुम राशन रिसीव नहीं करती हो। यदि राशन रिसीव नहीं कराओगी तो तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करूंगा और पोषाहार सरिता देवी के घर पहुंचा दो, तो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि पोषाहार आंगनबाड़ी केंद्र पर ही जाएगा और वहां पर ही रिसीव होगा। इसको लेकर बात और बढ़ गयी। जिस पर सीडीपीओ का एक ऑडियो वायरल हुआ। वह धमकी भरे ऑडियो में कह रही हैं की जो महिलाएं आंगनवाड़ी महिलाओं को सुविधा शुल्क देंगी उनको ही बक्शा जायेगा अन्य के विरुद्ध कार्रवाई कर उनकी सेवा समाप्त करवा दी जाएगी। जब यह बात समूह की महिलाओं ने सुनी तो वह जिला अधिकारी कार्यालय पहुंची और जिला अधिकारी कार्यालय में जिला अधिकारी को अपना लिखित शिकायती पत्र दिया तथा कार्रवाई करने की मांग की है।

## ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में श्रेणी ए में जनपद को मिला द्वितीय स्थान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग में बताया की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में श्रेणी ए में जनपद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। औद्योगिक अस्थान में बंद इकाइयों को तीन नोटिस जारी किये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने फिजिकल मीटिंग कर आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिये। मिनी औद्योगिक अस्थान कायमगंज में बंद इकाइयों को दो नोटिस दिये जा चुके हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ओडीओपी में एमडीए पोर्टल पर 4 क्लेम प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में जिले का लक्ष्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 50 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो चुका है। ओडीओपी में जिले का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक को तमंचा सहित पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में कहासुनी होने पर युवक ने तमंचा निकाल लिया। युवक व उसके परिजनों ने साहस का परिचय देते हुए युवक को पकड़ लिया और थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी आशाराम पुत्र सूबेदार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर से निकल रहा था, तभी आरोपी युवक से जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी। इस दौरान युवक ने अपनी गोट से तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर करने लगा, तभी आरोपी लाल पुत्र रक्षपाल निवासी ग्राम नगला हीरा सिंह को आशाराम व उसके परिजनों ने पकड़ लिया और थाने ले गये और पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने तुरंत ही कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम को जांच हेतु घटनास्थल पर भेज दिया और आरोपी को अपनी हिरासत में लेकर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की सुनीं समस्यायें



सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एडीएम समृद्धि न्यूज

▸ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 40 शिकायतें, 6 निस्तारित

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

**तहसील सभागार** प्रांगण में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 40 शिकायतें आई, जिसमें 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा अन्य शिकायती पत्रों को संबंधित विभागों को भेजकर तत्काल गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, स्वदेश त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, दुर्गेश त्रिपाठी आदि ग्रामीण निवासी अंटिया मजरा कुबेरपुर कुड़रा ने अपर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए दबंगों से चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने कहा ग्राम प्रधान द्वारा गली में इंटरलॉक व नाली आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जो कि लगभग 50 मीटर बन चुकी है। जिस पर गांव के ही दबंग शिवम पुत्र स्वर्गीय जगदीश व उनकी माता ने चकरोड को जोतकर अपने खेत में मिला लिया। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उपरोक्त दबंग लोग गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। ग्राम बिरसिंहपुर निवासी संतराम, रमन पाल, बालक राम ने कोटेदार की शिकायत करते हुए कहा कि पिछले दो माह से अंगूठा लगवाने के बाद भी हम सभी को राशन कोटेदार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। जब हम राशन लेने जाते हैं तो वह राशन देने से इनकार कर देते हैं। श्यामवीर सिंह पुत्र रामकृष्ण निवासी नगला राम प्रसाद ने दबंगों द्वारा पीड़ित की खड़ी गेहूं की फसल जोतने के सम्बन्ध में, शांति स्वरूप मिश्रा निवासी भुड़िया भेड़ा ने शासन द्वारा बाढ़ राहत मुआवजा न दिए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह, विकासखंड अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता, एडीओ अजीत पाठक, थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, थानाध्यक्ष राजेपुर कामिल खान, जेई विद्युत विभाग होरीलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एडीएम ने गौशाला के निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

अमृतपुर। अपर जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण कर ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने शनिवार को ग्राम समाज की जमीन पर बन रही गौशाला के निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने विकास खंड अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता को अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा जैसे ही गौशाला बनकर तैयार हो जाये, तो घूम रहे अन्ना गोवंशों को पकड़कर गौशाला में किया जाए। जिससे किसानों को इस भीषण सर्दी में खेतों पर अपनी फसलों की रखवाली के लिए रुकना न पड़े। उन्होंने गौशाला में बीडीओ को दो और टीन सेड डालने का निर्देश दिया।

# शिक्षक को प्रताड़ित व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एबीएसए गिरफ्तार

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

**शिक्षक को** प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने एबीएसए को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसारप कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजम खाँ निवासी अनिल त्रिपाठी पुत्र ग्रीशचन्द्र त्रिपाठी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। बीते लगभग 8 वर्षों का वेतन न मिलने पर उन्होंने जिलाधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारियों से लिखित शिकायत की थी, लेकिन उनको वेतन नहीं मिला। जिस पर उन्होंने 27 सितंबर को जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर पुत्र आशीष ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उन्होंने कहा था कि हमें एबीएसए गिरिराज निवासी आगरा, प्रधानाध्यापक निर्देश गंगवार उच्च प्राथमिक विद्यालय झब्बूपुर निवासी पटेलपुरम थाना कायमगंज, कनिष्ठ लिपिक एबीएसए कार्यालय सुरेन्द्र अवस्थी, अशतोष व ब्रजेश लिपिक बीएसए कार्यालय इन सभी लोगों ने हमें प्रताड़ित किया था। जिससे परेशान होकर मैं जहर खाकर अपनी जान दे रहा हूँ। मेरी मौत के यह लोग जिम्मेदार हैं। उसके बाद डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अनिल त्रिपाठी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था।

लोहिया से उन्हें सैफई के लिए रेफर कर दिया गया था। सैफई में 27 सितम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृतक के पुत्र आशीष ने कोतवाली में तहरीर देकर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, विवेचक प्रमोद यादव ने एबीएसए गिरिराज को गिरफ्तार कर मेडीकल करवाकर जेल भेज दिया।



गिरफ्तार एबीएसए गिरिराज

# 22 जनवरी की घटना को लेकर पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाली रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह पुलिस बल के साथ नगर में प्लेगमार्च कर सभी से अपील की कि वह शांति व्यवस्था बनाये रखें। उन्होंने कहा कि जो भी 22 जनवरी को उपद्रव करते हुए पाया जायेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कस्वा चौकी इन्चार्ज विद्या सागर तिवारी, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, कास्टेबिल अभिषेक कुमार, कांस्टेबिल सचिन ठाकुर सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

शोभा यात्रा | जगह-जगह आरती उतारकर की गयी पुष्पवर्षा, राममय नजर आया शहर

# मैं हूँ राम पग-पग राम... शोभायात्रा ने सार्थक कर दी प्रभु श्रीराम के वनवास से अयोध्या लौटने की यादें

▸ बड़ी संख्या में सनातनियों ने शोभायात्रा में लिया भाग, चली आतिशबाजी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मैं हूँ** राम पग-पग राम... के तहत नगर में धूमधाम से 1008 राम स्वरुपों व 100 हनुमान स्वरुपों की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल स्वरुपों की जगह-जगह आरती उतारी गयी तथा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूरा नगर राममय नजर आया।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के द्वारा शनिवार को स्वराज कुटीर से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो लालगेट, घुमना, नेहरु रोड, चौक, रेलवे रोड होते स्टेट बैंक गली से घुमना मार्ग से वापस स्वराज कुटीर पहुंची। सभी राम स्वरुपों का स्वराज कुटीर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। डॉ0 सुबोध वर्मा, जितेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, गुड्डू पंडित, उमेश गुप्ता, प्रवीण आदि लोगों की देखरेख में शोभायात्रा का आयोजन हुआ। लाल सराय में चरन प्रीत सिंह, तोषित प्रीत सिंह, विशाल मित्रा ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा नेता राजू गुप्ता व उनके पुत्र व्यापारी प्रियांशु गुप्ता ने ढोल नगाड़े की धुन पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। घुमना पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नेहरु रोड पर समाजसेवी संजय गर्ग ने स्वागत किया। चौक पर महाआरती के साथ स्वरुपों का स्वागत हुआ।

भक्तों ने जगह-जगह स्वरुपों की आरती उतारी तथा आतिशबाजी छुड़ाई। प्रसाद वितरित किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस तैनात रही। फतेहगढ़ से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शोभायात्रा में भाग लिया। समाजसेवी सूरज अल्ट्रा साउंड सेंटर के संचालक डा0 राजीव पाठक व उनकी पत्नी विनीता पाठक ने रामस्वरुपों के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और आरती उतारी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, अनीता द्विवेदी, श्वेता दुबे, सुधेश दुबे, पंकज वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, मीरा सिंह, चित्रा अग्निहोत्री, अभिषेक बाजपेयी, दिलीप भारद्वाज, सभासद आलोक मिश्रा, अतुल शंकर दुबे, हिमांशु गुप्ता, विनोद अग्निहोत्री, सुधांशु दत्त द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, अनिल प्रताप सिंह, अनिल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, विजय दुबे, आदित्य मिश्रा, विश्वास गुप्ता, संजीव गुप्ता, विमलेश मिश्रा, क्रांति पाठक, अंजली यादव, राकेश मिश्रा कल्लू, अनुज मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, डा0 नवनीत गुप्ता, दिलीप कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल प्रभु श्रीराम व हनुमान के स्वरुप



शोभायात्रा में शामिल जनप्रतिनिधि व भक्त समृद्धि न्यूज

# मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद के विजेताओं का हुआ सम्मान

**सफलता के लिए समय का पाबन्द होना जरुरी: डा. संदीप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मिस फर्रुखाबाद को सम्मानित करते सीओ मोहम्मदाबाद — समृद्धि न्यूज

**युवा महोत्सव** समिति द्वारा 20वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव-2024 में विजेता रहे मिस एवं मिस्टर फर्रुखाबाद के विजेताओं का सम्मान समिति के कार्यालय में किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने मिस कानपुर रीजन मिस मुस्कान, मिस फर्रुखाबाद रिया चौहान, मिस्टर फर्रुखाबाद अभय तिवारी, मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिन्स सजल गुप्ता, मिस्टर माडल उत्तर प्रदेश-पीयूष दुबे, मिस्टर कानपुर रीजन अम्बुज सक्सेना, आदर्श बेटी से सम्मानित मिस शिवांगी चौहान का माल्यार्पण कर सम्मान किया। उन्होंने सभी विजेताओं को आशीर्वाद दिया। शिवांगी चौहान ने बताया कि उनको लोगों की मदद करना अच्छा लगता है। मिस फर्रुखाबाद रिया चौहान ने कहा कि युवाओं को नित्य नये कार्य करने चाहिए। निरन्तर अपडेट रहने की जरूरत है। आदर्श बेटी सम्मान से सम्मानित एवं मिस कानपुर रीजन मिस मुस्कान जो बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हैं भविष्य में आई0पी0एस0 अधिकारी बनकर समाज एवं देश की सेवा करना चाहती हैं। माडलिंग तो मात्र शौक है। उन्होंने कहा कि युवा समय की ताकत को पहिचानें। इस मौके पर अभय तिवारी ने कहा कि जरुरतमंदों की मदद करना चाहिए। डा0 संदीप शर्मा ने कहा कि युवा सफलता के लिए अपने समय का ध्यान रखें और हर चीज की जानकारी रखनी चाहिए। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार ने कहा कि अगर किसी को मेरी कोई जरुरत हो तो मैं हर समय तैयार हूं। उन्होंने विजेताओं को प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कृष्णकांत अक्षर, सच्चिदानंद मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, हर्ष दुबे मौजूद रहे। संचालन आकाश मिश्रा ने किया।

# कलश यात्रा के साथ भगवान श्रीराम की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**लिंजीगंज** स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। लिंजीगंज बाजार के व्यापारिक व परिवार की महिलाओं ने लालगेट रोडवेज बस स्टैण्ड स्थित भगवाल भोलेनाथ के मंदिर से कलश यात्रा लिंजीगंज मंदिर तक निकाली। बड़ी संख्या में महिलाओं ने ढोल नगाड़े की धुन पर मंगल गीत गाते हुए कलश यात्रा में शामिल हुई। ठाकुर द्वारा मंदिर में शनिवार को भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापित की गई। मूर्ति स्थापित करने के दौरान लिंजीगंज बाजार के अलावा शहर क्षेत्र की महिलाओं ने भी भाग लिया और सर पर कलश रखकर यात्रा में शामिल हुई। जय श्रीराम उद्घोष के साथ आचार्य ने विधिवत पूजन कराकर श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न करायी। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी व महिलायें मौजूद रही।



कलश यात्रा में मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में लघु मैराथन का हुआ आयोजन

**विद्यालय में छात्रों ने योग प्रशिक्षण में लिया भाग**



योगा करते आर्मी स्कूल के छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं परीक्षा पे चर्चा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के पखवाड़े के अन्तर्गत आर्मी पब्लिक स्कूल में योग प्रशिक्षण की कक्षा तथा लघु मैराथन का आयोजन किया गया। 100 वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के शिक्षक सर्वेश कुमार मिश्र ने सात प्राणायाम और कई उपयोगी आसनों का प्रशिक्षण दिया। लगभग पांच किलोमीटर की मैराथन दौड़ का शुभारम्भ विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या अवकाश प्राप्त मेजर नीताशा हेब्बर ने झण्डी दिखाकर किया। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं में सर्वश्रेष्ठ दस-दस छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। दस छात्राओं में तमन्ना, सोहेल, रिया यादव, कशिश, दीक्षा, सुष्मिता, अञ्जली, मेघना, लक्ष्मी पाठक और ज्योति अपना अच्छा प्रदर्शन कर चयनित हुयीं। वहीं बालकों में उत्कर्ष, सुमित, आर्यन, सुजान, अविनाश, रजित, आशू, थामस, शिवम पवार और कमल को सफलता मिली। विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या नीताशा हेब्बर ने बताया कि इन सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर चंचल शर्मा, अनूपा अग्निहोत्री, रुचि यादव, सोहेल खान, पूर्णिमा अग्निहोत्री, रितेश सक्सेना, रेनू राठैर, डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### ताइक्वांडों कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट प्रतियोगिता सम्पन्न



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते रुपेश गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक शनिवार को ऑफीसर्स क्लब में सम्पन्न हुआ। जनपद के लगभग 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सिखलाई रेजीमेंट वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष उषा अग्रवाल, कैप्टन डीएस राठौड़ मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर येलो, ग्रीन, ब्लू, रेड आदि बेल्ट जीती। पिछले टेस्ट के प्रतिभागियों में अच्छा प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया तथा बरेली में हुई राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। वाइट पेल्ट पूर्वी गौतम, अंशिका, अनू राजपूत, यलो बेल्ट एलन प्रिंस, करमजीत सिंह, कार्तिक सिंह, ग्रीन बेल्ट दिव्यांशी, रिया शाक्य, हर्षित, ग्रीन वन कृष्णा राठौर, वैष्णवी आर्य, सचिन सिंह, ब्लू बेल्ट रोहिनी, भूमि, अमीरा, ब्लू वन बेल्ट वैष्णवी, तेजस्वी, आनंद शाक्य ने प्राप्त की। साथ ही मेजर ध्यान चन्द्र खेल स्पर्दा ताइक्वांडों प्रतियोगिता बरेली से जीतकर आये पदक विजेताओं को सम्मानित किया गया। ताइक्वांडों सचिव अजय प्रताप सिंह की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### वाणी विनायक संस्था द्वारा श्रीराम पग यात्रा का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम पग यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। वाणी विनायक साहित्यिक संस्था की ओर से राजगौरव पाण्डेय ने 1008 रामस्वरुपों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भगवा लहराकर जय श्रीराम का उद्घोष किया। वाणी विनायक संस्था के बैनर तले राज गौरव पाण्डेय ने स्वरुपों की आरती उतारी। इस मौके पर राकेशानन्द, संध्या पाण्डेय, अमित सक्सेना, मनोज कश्यप, पार्थवी पाण्डेय, रितुज वर्मा, छनन शुक्ला, धीरज मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम न्यामतपुर ढिलावली निवासी मिन्टू बहेलिया उम्र 35 वर्षीय पुत्र भोपाल सिंह बहेलिया अपने मित्र भूरे पुत्र अनार सिंह निवासी नगला विधि के साथ बाइक पर बैठकर किसी काम से ब्राहिमपुर जागीर जा रहे थे। जैसे ही वह नगला विधि मोड़ पर पहुँचे, तभी अज्ञात ओमिनी कार चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल मिन्टू को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# शिविर लगाकर राघव दत्त मिश्रा ने साथियों के साथ सुनी जनता की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




शिविर लगाकर जन समस्यायें सुनते राघव दत्त मिश्रा

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रेरणा से शनिवार को समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में मोहल्ला-मोहल्ला जनसुनवाई का चौथा कैम्प मोहल्ला रकाबगंज खुर्द के बाल्मिक मंदिर पर लगाया गया। कैम्प के प्रभारी पार्टी के नेता टीटू यादव एवं पार्टी के जिला सचिव शिव शंकर शर्मा, सत्यम अवस्थी, अमन भारद्वाज, अमित यादव, रवि आदि पदाधिकारी ने बड़ी संख्या में आम जनता की समस्यओं को सुना। समस्या बताने वालों में नन्ही देवी, महेश चंद्र, प्रभात कुमार, वीरभान सिंह, अमन यादव, सूरज शाक्य, डॉ0 दीपक पाल, उमा सागर, सुशील कुमार, सचेन्द्र, बाल्मीक, राम नरेश समेत 29 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई। जिस पर राघव दत्त मिश्रा ने बताया कि समस्याओं में प्रमुख समस्या बताया। शहीदा बेगम के नाम से एक कोटा है। जिसमें हर वस्तु कम तौली जाती है। हम सबको कम तौल करके ही राशन मिलता है। वहां के लोगों ने बताया कि इस रोड के फुटपाथ का निर्माण नहीं हुआ है। साथ ही बताया कि गलियों में विद्युत के तार बहुत नीचे झूल रहे हैं, कई बार टूट कर सड़क पर गिर जाते हैं। विद्युत विभाग को कई बार बताया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है आदि समस्यायें सुनी। कई समस्याओं को दूरभाष पर बताया गया। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का हल करुंगा।

# तहसील दिवस पहुंचा लाइनमैन द्वारा ली गयी रिश्वत का मामला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गांव में फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने के नाम पर संविदा कर्मचारी ने ग्रामीणों से अवैध वसूली कर ली। पीड़ित ग्रामीणों ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही करने की मांग की है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी शिवम पुत्र वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी से दिए गए शिकायती पत्र में दर्शाया कि उनके गांव में ट्रांसफार्मर फुंकने से गांव में अंधेरा छा गया था। तब पीड़ित सांसद के पास पहुंचा और सांसद के द्वारा पास कराकर गांव में ट्रांसफार्मर लाया गया। जिस पर नवाबगंज विद्युत स्टेशन के संविदा कर्मी लाइनमैन अनिल दीक्षित के द्वारा ग्रामीणों से पैसों की वसूली की गई। जिसका ऑडियो भी पीड़ित ने वायरल किया तथा जिलाधिकारी को लाइनमैन के द्वारा रिश्वत लेने के संबंध में शिकायती पत्र दिया। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में तुरंत जिले के एक्सईएन को बुलाकर मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### एफएसडीए ने छापे मारकर नमूना संग्रह किया

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से व शिकायत निस्तारण के क्रम शानिवार को सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) सय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार व आशीष कुमार वर्मा द्वारा रतनपुर पमारन तहसील अमृतपुर स्थित प्रदीप कुमार पुत्र रूम सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल का एक नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।

## शिव मंदिर में फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



स्वच्छता अभियान में भाग लेते रामवीर चौहान व अन्य

**22 जनवरी** को श्रीराम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह-जगह मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर शुक्ला ने अपने साथियों के साथ आवास विकास स्थित शिव मंदिर में पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह के साथ स्वच्छता अभियान में मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर पोछा लगाया गया और साफ-सफाई की गई। रामवीर सिंह चौहान ने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि 22 जनवरी को सभी मंदिरों की साफ-सफाई हो। इसी के चलते स्वच्छता अभियान के तहत शिव मंदिर की साफ-सफाई की है। साथ ही भोलेपुर हनुमान मंदिर पहुंचकर 22 जनवरी को घर-घर दीपक जलाने के लिए वितरित किये। भोलेपुर हनुमान मंदिर में साफ-सफाई कर 22 जनवरी को होनी वाली श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दीपक के साथ घी वितरित किया। फतेहगढ़ मण्डल की टीम के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। दीपक, रुई, घी वितरित किया गया। इस दौरान ममता सक्सेना, शिवम दुबे, दिनेश चन्द्र, आशू राठौर, राहुल राठौर, शिवराज सिंह, दिलीप दुबे, दीप चन्द्र बाल्मीकि आदि लोग मौजूद रहे।

# बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



परीक्षा में मौजूद भाग लेने वाले विद्यार्थी — समृद्धि न्यूज

**भारत स्काउट** गाइड के तत्वाधान में बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता (परीक्षा) का आयोजन हुआ था। जिसका परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। 8 जनवरी को परीक्षा में 778 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। स्काउट/गाइड विग में 98 अंक प्राप्त कर केआरआर इंटर कालेज के वैभव कुमार प्रजापति व आदर्श जनता इंटर कालेज महलई खुम्बरपुर के अवनीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिखा राजपूत राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर ने 90 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एनएकेपी इंटर कालेज की कुमकुम ने 89 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पाया। कब बुलबुल विग में एसजेकेबी स्कूल ऊगरपुर मोहम्मदाबाद के प्रांशु ने 87 अंक पाकर प्रथम स्थान पाया। 80 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर खुशी रही। 73 प्राप्त कर शुभि तृतीय स्थान पर रही। रेंजर विग में कोई भी छात्र उत्तीर्ण न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं कर सका। स्काउट गाइड एवं कब बुलबुल से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रादेशिक स्तर पर आयोजित होने वाली बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में भेजा जायेगा। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि जो छात्र-छात्रायें बीएसजी ज्ञान परीक्षा में सम्मलित हुए है उन सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदेश स्तर से मंगाने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त चमन शुक्ला, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डा0 जितेन्द्र कुमार यादव, जिला सचिव डा0 महेश चन्द्र राजपूत, कोषाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बीएसजी परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए आवाह्न किया।

# डीपीएस इंटर कालेज में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना के साथ निकाली गई शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



विद्यालय में भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करते शिक्षक

**डीपीएस** इंटर कालेज मूसाखिरिया में भगवान श्रीराम की फोटो लगाकर पूजा अर्चना की गई। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अन्तर्गत मंदिर से लेकर विद्यालय तक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। जिसके तहत भगवान श्रीराम की विद्यालय प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा विद्यालय से शुरु होकर गमां देवी मंदिर होते हुए विभिन्न गांव से कोरीखेड़ा, लक्ष्मण नगला से मूसाखिरिया विद्यालय पहुंची। जहां भगवान श्रीराम के फोटो की शोभायात्रा में पूजा अर्चना की गई। प्रधानाचार्य शिवओम द्विवेदी ने समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ पूजा अर्चना की। छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर शोभायात्रा में भाग लिया और जय श्रीराम के उद्घोषों के साथ ग्रामीणों ने पूजन किया।

# शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर संघ ने डीआईओएस को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक** शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने अपने शिक्षक साथियों के साथ शिक्षकों की समस्या को लेकर 14 सूत्रीय जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का निराकरण किया जाये। 7 अगस्त 1993 से पूर्व में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों का वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जनपद में 6 शिक्षक तदर्थ है। उच्चतम न्यायालय के अंतिम आदेश से वेतन भुगतान 30 वर्ष पूर्व प्राप्त कर रहे है। विभाग का ऐसा कोई आदेश नहीं है कि शिक्षकों का भुगतान न किया जाये। ऐसे में शिक्षकों का भुगतान किया जाये। भुगतान न करना उच्च न्यायालय की अवमानना है। तदर्थ शिक्षकों की विनियतीकरण की पत्रावली शिक्षा निदेशक कार्यालय कानपुर अविलंब भिजवायी जाये। प्रदीप कुमार जायसवाल का फतेहगढ़ में एमआईसी में प्रवक्ता अंग्रेजी पद पर 29 जून 2013 से कार्यरत है। जायसवाल ने चयन वेतन मांग स्वीकृति विद्यालय प्रधानाचार्य को 6 माह पूर्व ही प्रार्थना पत्र दिया था, परन्तु अभी तक चयन वेतन मांग पत्रावली स्वीकृत कार्यालय में नहीं भेजी गई है। विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य को निर्देशित कर पत्रावली को आदेशित किया जाये। शिक्षकों के प्रोन्नत वेतन मांग स्वीकृत 27 दिसम्बर 2023 को बैठक में निर्देश दिया गया था। 20दिन वितीत होने के बाद भी शिक्षकों के वेतन स्वीकृत नहीं किये गये है। साथ ही कई शिक्षकों का वेतन मान लंबित है। जिसमें नीता दुबे, अनुराधा राजपूत, सीमा सिंह, चन्द्रपाल श्रीवास्तव, सर्वेश कुमार, अंकित तिवारी, राजीव यादव, अभिनव कुमार, नेहा भारद्वाज के अलावा लिपिक प्रभास कुमार, सुलभ कुमार, श्रीकृष्ण, नितीश कुमार सक्सेना, रवीन्द्र सिंह शाक्य आदि कई शिक्षक व कर्मचारी का वेतन भुगतान नहीं हुआ है, जो शीघ्र किया जाये। वेतन का भुगतान न होने पर संगठन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, शैलेश दुबे, संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# मुस्लिम परिवार के बच्चे भी रामस्वरुप बनकर शोभायात्रा में हुए शामिल

**यात्रा में सपत्नी सहित शामिल हुए डा0 राजीव पाठक**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रामस्वरुपों के साथ डा0 राजीव पाठक

**मैं हूं** राम पग-पग राम के तहत नगर में धूमधाम से 1008 राम स्वरुपों व 100 हनुमान स्वरुपों की शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति के द्वारा स्वराज कुटीर से शोभा यात्रा शुरु होकर लालगेट, घुमना, नेहरु रोड, चौक, रेलवे रोड होते स्टेट बैंक गली से घुमना मार्ग से वापस स्वराज कुटीर आयी। सभी रामस्वरुपों का स्वराज कुटीर में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य सहित लोगों ने प्रतिभाग किया। डा0 सुबोध वर्मा, जितेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र पाण्डेय, गुड्डू पंडित, उमेश गुप्ता, प्रवीण आदि लोगों की देखरेख में शोभा यात्रा का आयोजन हुआ। फतेहगढ़ से सूरज अल्ट्रासाउंड के संचालक डा0 राजीव पाठक व उनकी पत्नी विनीता पाठक शोभायात्रा में शामिल हुई। उनके साथ फतेहगढ़ के मोहल्ला बजाजा निवासी इमरान व उनकी पत्नी अपने बच्चों को रामजी के स्वरुपों के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के बाद उन्होंने प्रतिष्ठान सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर पर रामस्वरुपों की आरती उतारी और मुस्लिम परिवार को कार्यक्रम में शामिल होने पर बधाई दी और हौसला आफजाई की।

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रतियोगिताएं संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




पोस्टर प्रतियोगिता में मौजूद स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन एवं छात्रायें

**राष्ट्रीय मतदाता** दिवस के उपलक्ष में फतेहगढ़ स्थित महिला डिग्री कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। लगभग एक दर्जन विद्यालयों के प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताएं माध्यमिक स्तर और डिग्री स्तर की अलग-अलग संपन्न कराई गई। निर्णायक के रूप में स्काउट मास्टर प्रदीप यादव, राजकुमार, वैभव सोमवंशी, अनुराग चतुर्वेदी, गौरव शाक्य, योगेश कुमार, पुष्कर मिश्रा एवं गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह, बीना गौतम, हिमलेश शाक्य, सीमा सिंह रही। प्रतियोगिता कराने की व्यवस्था स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने देखी। भाषण प्रतियोगिता में कीर्ति शुक्ला प्रथम, फरिजा मंसूरी द्वितीय, ताहिरा तृतीय रही। नुक्कड़ नाटक में मदन मोहन कानोडिया बालिका प्रथम, जीजीआईसी फतेहगढ़ द्वितीय रहा। स्लोगन प्रतियोगिता में रिषिका राजपूत प्रथम, सोनाक्षी पाण्डेय व स्वाती अवस्थी द्वितीय, नेहा तृतीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में वंशिका सक्सेना प्रथम, पलक मुन्तहा व नसरीन बानो द्वितीय व अभिषेक तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में रोहिणी यादव प्रथम, दिव्यांशी शुक्ला द्वितीय, सृष्टि यादव सुनैना सिंह तृतीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में साहिबा खातून प्रथम, अवंतिका अग्निहोत्री व श्रावणी द्वितीय, आराध्या कुशवाहा व नंदनी तृतीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में वैष्णवी प्रथम, छवि व स्वाती द्वितीय, मुस्कान व दीप्ती तृतीय रही। गायन प्रतियोगिता में सहजाज प्रथम, ताहिरा द्वितीय, इकरा तृतीय रही। चतुर्थ स्थान पर कंचन व काजल कटियार रही। पंचम स्थान माही मिश्रा व दीक्षा ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सानिया सारिया खान प्रथम, मणि तिवारी द्वितीय, आशू सिंह तृतीय रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम, सोनाक्षी व आंसी द्वितीय, अनुराधा तृतीय रही।

### लोकसभा अध्यक्ष ने की छत्तीसगढ़ विस में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुरुआत

# विश्व में बढ़ी संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा

एजेंसी

**रायपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुरुआत की। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। हमने छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीता, इसलिए नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान बढ़ा। प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संपदा, सौंदर्य, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है लेकिन विविधताएं बहुत हैं। यहां के पुरातत्व, संस्कृति, जनजातीय, लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करते हैं। छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से जीवंत कला, यहां के शिल्प, लोकगीत और नृत्य पूरे देश के लिए आकर्षण है। छत्तीसगढ़ और यहां के पुरातत्व संपत्ति को देखने के लिए देशभर और कई देशों के लोग यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम में संसदीय कार्यों को जानते हुए संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें, यह सीखने को मिलेगा।



संसदीय परंपराओं, नियमों, संविधान को जानने और किस तरीके से हम अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए इस विधान मंडल के माध्यम से इस राज्य में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं, इसका ज्ञान मिलेगा। दो दिन का यह प्रबोधन निश्चित रूप से हमारे जीवन में सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र बहुत पुराना है। लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र के मामले में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। आजादी के बाद से अब तक 18 से ज्यादा आम चुनाव और तीन सौ से ज्यादा विधानसभा के चुनाव हुए हैं।

**अब तक हुए 18 से ज्यादा आम चुनाव व 300 से ज्यादा विस चुनाव**

लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र के मामले में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। आजादी के बाद से अब तक 18 से ज्यादा आम चुनाव और तीन सौ से ज्यादा विधानसभा के चुनाव हुए हैं। सत्ता का हस्तांतरण सामान्य ढंग से हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ यहां की समृद्धि बढ़ी है। सरकार किसी की भी हो विधानमंडल एक ऐसा मंच है। जहां किसी भी दल का विधायक चाहे सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का अपने क्षेत्र की बात को मज़बूती से रखता है। जनता की भावनाओं को रखता है। जब सामूहिक हित की बात हो तो सभी दलों को एक समूह में काम करने की जरूरत है। देश में जब ऐसे विषय आते हैं, हम सामूहिकता के साथ खड़े होते हैं। सर्व सम्मति से फैसले लेते हैं। विधान मंडल के भीतर प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर बेहतर चर्चा हो।विधानसभा के अध्यक्ष से आग्रह करता हूं कि जितनी भी महत्वपूर्ण चर्चा है उसका डिजिटलाइजेशन कर दें।

# विकसित भारत 2047 हमारा सपना नहीं बल्कि लक्ष्य है : उप राष्ट्रपति

एजेंसी



**रायपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को रायपुर में इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 हमारा सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। भारत जिस विकास के साथ आगे जा रहा है, दुनिया कह रही है कि भारत आज चमकते तारे की तरह है। भारत हर क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर है। सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में होते हैं।

उपराष्ट्रपति ने यहां विकसित संजीवनी धान के तीन इम्यूनो बूस्टर का लोकार्पण किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश में बदलाव आया है, हमारी सोच बदल गई है। असफल होने के डर से किसी चीज को आगे नहीं बढ़ाएंगे तो आपका नुकसान कम और देश का नुकसान ज्यादा है। अगर आपने ठान ली तो बदलाव को कोई नहीं रोक पाएगा। कृषि में जितने स्टार्टअप की संभावना है, उसका इस्तेमाल करें। सभी बड़े-बड़े उद्योग इसी में जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विकास में कृषि विश्वविद्यालय बड़ी भूमिका निभा रहा है। अनुसंधानों और उद्यमिता के विकास को प्रेरित किया है। हम कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। 160 से अधिक फसलों को विकसित किया है। किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। पीएम मोदी ने किसानों को खुशहाल जीवन की गारंटी दी है। 18 लाख पीएम आवास बनाने की स्वीकृति दी है। पहली कैबिनेट बैठक में 3,799 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### दशाश्वमेधघाट पर 22 की गंगा आरती रामलला को समर्पित

**वाराणसी।** काशी के दशाश्वमेधघाट पर होने वाली सायंकालीन गंगा आरती 22 जनवरी को रामलला को समर्पित होगी। गंगा आरती में अद्भुत नजारा दिखेगा। इसके लिए गंगा सेवा निधि ने पूरी तैयारी की है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि भगवान शिव के आराध्य भगवान राम के अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। इस ऐतिहासिक क्षण को काशीवासी समेत गंगा सेवा निधि हर्षोल्लास के साथ मनानाएगी। दशाश्वमेध घाट पर पहले फूलों से राम मंदिर दरबार को भव्य रूप से सजाया जाएगा। इस दिन एक बार फिर गंगा तट पर भव्य दिव्य अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि 09 अर्चकों द्वारा महाआरती का आयोजन होगा। श्री राम दरबार की आरती उतार काशी से शुभकामनाएं दी जाएगी। शंखनाद से मां गंगा की आरती शुरू होगी।

### काशी के डोमराजा मां और परिजनों के साथ अयोध्या रवाना

**वाराणसी।** 22 जनवरी को रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए आंमत्रित काशी के डोमराजा परिवार के अनिल चौधरी अपनी मां जमुना देवी, पत्नी सपना सहित अन्य परिजनों के साथ शनिवार को अयोध्या के लिए रवाना हो गए। मोक्ष तीर्थ मणिकर्णिकाघाट के डोमराजा परिवार के सदस्य अयोध्या के लिए निकले तो बड़ी संख्या में लोग जय श्री राम, हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के बीच उन्हें वाहन तक पहुंचाने गये। इस दौरान महाश्मशान पर डमरूदल ने डमरू बजाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। डोमराज परिवार ने अयोध्या जाने से पहले बाबा मसान नाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। यहां से प्रतीक के तौर पर चांदी का त्रिशूल रामलला के लिए अयोध्या ले गये। लगभग तीन किग्रा चांदी के इस त्रिशुल को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा जाएगा।

### प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की स्क्रीनिंग करेगा आइनॉक्स




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत की अग्रणी मल्टीप्लेक्स चेन पीवीआर आइनॉक्स लि. ने 22 जनवरी को राम मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन के दौरान होने जा रहे प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की स्क्रीनिंग अपने सिनेमा स्क्रीन्स पर करने की घोषणा की है। यह महत्वपूर्ण आयोजन भारत के लिये एक उल्लेखनीय सांस्कृतिक उपलब्धि है और देश में इसे लेकर बड़ा रोमांच है। पीवीआर आइनॉक्स भारत के 70 शहरों में अपने 160 सिनेमाघरों में इस भव्य समारोह का लाइव प्रसारण आज तक चैनल के साथ करेगी। पूरे धार्मिक समारोह की लाइव स्क्रीनिंग दोपहर 11 से 3 बजे तक होगी। टिकट पीवीआर आइनॉक्स ऐप या वेबसाइट और दूसरे प्लेटफॉर्म्स से बुक किये जा सकते हैं। ऐतिहासिक आयोजन को बड़े पर्दे पर देखने के लिये उत्सुक ज्यादा से ज्यादा लोग इस मौके का फायदा उठा सकेंगे। इस प्रसारण के टिकिट रु 100 के रहेंगे, जिसमे एक पेय पदार्थ के साथ पॉपकॉर्न का कॉम्बो उपलब्ध कराया जाएगा पीवीआर आइनॉक्स लि. के को-सीईओ गौतम दत्ता ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, इस तरह के भव्य एवं ऐतिहासिक अवसरों का अनुभव बड़े पैमाने पर किया जाना चाहिये। सिनेमा स्क्रीन्स देशभर में होने जा रहे उत्सव से जुड़ी भावनाओं को जीवंत कर देंगी। भक्तों को इस उत्सव के साथ सचमुच एक अनोखे तरीके से जोड़ना हमारे लिये खुशी की बात होगी।

### असाधारण योगदान के लिए 25 महिलाओं का सम्मान

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** ऐसे युग में जहां निर्माण उद्योग लैंगिक समावेशिता की दिशा में एक अभूतपूर्व बदलाव देख रहा है नई दिल्ली में आयोजित द रियल वुमन अवार्ड्स का छठा संस्करण इस परिवर्तन के प्रमाण के रूप में सामने आया। भव्यता और महत्व से चिह्नित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम ने न केवल निर्माण क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र के विकसित परिदृश्य पर भी प्रकाश डाला। 20 जनवरी की शाम को आयोजित पुरस्कार समारोह में निर्माण उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में 25 महिलाओं के असाधारण योगदान को मान्यता दी गई। आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन, लैंडस्केप डिजाइन और ग्रीन बिल्डिंग कंसल्टेंसी जैसे क्षेत्रों में प्रतिष्ठित ये महिलाएं निर्माण में एक नए युग की अगुवाई का प्रतिनिधित्व करती हैं। विविधताए नवाचार और स्थिरता द्वारा परिभाषित युग। वैश्विक निर्माण उद्योग में महिलाओं की भागीदारी में क्रमिक लेकिन स्थिर वृद्धि देखी गई है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम आंकड़ों के अनुसार, महिलाएँ अब निर्माण कार्यबल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाती हैं, जो विविध दृष्टिकोण लाती हैं और नवाचार लाती हैं। भारत में भी प्रवृत्ति समान है, जहां बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी सरकारी पहल और लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने वाली कॉर्पोरेट नीतियों द्वारा समर्थित अधिक महिलाएं इस क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं। ऐसी पहल वैश्विक अध्ययनों के अनुरूप हैं जो दर्शाती हैं कि विविध नेतृत्व वाली कंपनियां अक्सर अधिक नवीन और लाभदायक होती हैं।

# टाटा ग्रुप को मिले आईपीएल 2028 तक के टाइटल राइट्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। टाटा ग्रुप ने 2028 तक आईपीएल के टाइटल राइट्स 2028 तक रिटेन कर लिए। इस समझौते में प्रति सीजन 500 करोड़ रुपये तक योगदान टाटा ग्रुप करेगा।

इन्विटेशन टू टेंडर यानी आईटीटी डॉक्युमेंट के नियमों के अनुसार, टाटा आईपीएल के टाइटल राइट्स अपने पास ही रिटेन कर सकता था, अगर कोई अन्य इकाई द्वारा ऑफर किए गए हाइएस्ट ऑफर से मेल खाते हों। टाटा ग्रुप ने राइट-टू मैच का प्रयोग करने और उसी कीमत पर अधिकार बरकरार रखने का फैसला किया है। टाटा ग्रुप ने 2500 करोड़ रुपये के वैल्यूएशन के लिए आदित्य बिड़ला ग्रुप द्वारा किए गए ऑफर की बराबरी की। इसके बाद बीसीसीआई ने टाटा ग्रुप को टाइटल राइट्स सौंपने का निर्णय लिया। बोर्ड ने 2024-2028 के पांच सीजन के लिए टाइटल राइट्स का बेस प्राइज 1,750 करोड़ रुपये निर्धारित किया था। आदित्य बिड़ला ग्रुप ने पांच साल के लिए 2,500 करोड़ रुपये के आधार मूल्य से ऊपर की बोली लगाई थी। लेकिन राइट टू मैच विकल्प का इस्तेमाल करने का फैसला लिया और इसे अपने पास बरकरार रख लिया। बीसीसीआई ने 12 दिसंबर 2023 को टेंडर जारी किया था। वहीं बता दें कि, मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक आईपीएल 2024 सीजन में कुल मिलाकर 74 लीग मैच खेले जाएंगे। जबकि बीसीसीआई 2025 और 2026 में लीग गेम्स की संख्या बढ़ाकर 84 और 2027 में 94 कर सकता है।

**बीसीसीआई को देगा हर साल 500 करोड़**

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 500 रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर ठाणे की एक अदालत ने शनिवार को 500 रुपये का जुर्माना लगाया है। पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या में आरएसएस का नाम जोड़ने पर राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस कार्यकर्ता विवेक चंपानेरकर ने सिविल मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस वाद में एक रुपये का हर्जाना देने की मांग की गई थी। इसी मामले में राहुल गांधी की तरफ से लिखित बयान दर्ज कराने में देरी होने पर अदालत ने उन पर 500 रुपये का यह जुर्माना लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 15 फरवरी को होगी। राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने इस मामले में राहुल गांधी के बयान में देरी के लिए कहा था कि राहुल दिल्ली में रहते हैं और संसद सदस्य हैं। इसी वजह से उनका व्यस्ततम कार्यक्रम रहता है। इसी वजह से इस मामले में बयान दर्ज कराने में देरी हुई। वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि राहुल गांधी को बयान दर्ज कराने में हुई देरी को माफ किया जाना चाहिए।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला

एजेंसी

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन अरुणाचल प्रदेश पहुंची। इससे पहले यात्रा असम से होकर गुजरी। जहां यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। कांग्रेस ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा-बीजेपी के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। ये यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं। एक ही दिन पहले ही असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को सुरक्षा नहीं दी जाएगी, यात्रा शहर से नहीं जाने देंगे।

जयराम रमेश ने कहा मेरा बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से निवेदन है कि वे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से सिर्फ 2 बातें कहें। पहला- हमें आरएसएस-बीजेपी के लिए उनकी वफादारी का कोई नया सबूत नहीं चाहिए। दूसरा- जिस रास्ते से जेपी नड्डा जी की रैली निकली थी, उसी रास्ते से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने की अनुमति दें। पार्टी नेता गौरव गोगोई ने कहा हम जहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के द्वारा असम की सुंदरता, सांस्कृतिक इतिहास और समन्वय को प्रकाशित कर रहे हैं। वहीं, बीजेपी सरकार अपनी छोटी मानसिकता से बार-बार लोगों को परेशान कर रही है।

राहुल गांधी विभिन्न स्थानों पर जाकर शांति और अमन की प्रार्थना कर रहे हैं और इस यात्रा को भरपूर जन-समर्थन मिल रहा है। बीजेपी के गुंडे अलग-अलग शहरों में जाकर दुकानदार, व्यापारियों, ठेला चालकों, युवाओं को धमकी दे रहे हैं। इससे पता चलता है कि बीजेपी के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की नींद उड़ चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस हमले की निंदा की है।

### 2600 गेस्ट टीचरों की भर्ती पर सीएम सुक्खू ने लगाई रोक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्कूलों-कॉलेजों में 2600 गेस्ट टीचरों की भर्ती पर रोक लग गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गेस्ट टीचर भर्ती के क्रियान्वयन को आगामी आदेशों तक स्थगित करने के आदेश दिये हैं। शिमला में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने गेस्ट टीचर भर्ती पर अस्थायी रोक लगाते हुए कहा कि इस भर्ती नीति को गहन विचार-विमर्श के बाद लागू किया जाएगा और इसे अमलीजामा पहनाने से पहले शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि गेस्ट टीचर भर्ती अस्थायी है और गेस्ट टीचरों को पीरियड के अनुसार घंटे के आधार पर भुगतान किया जाएगा। उनकी मासिक या वार्षिक आधार पर कोई स्थायी भर्ती नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इन शिक्षकों को भर्ती करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश 18वें स्थान पर खिसक गया है और इसके पीछे शिक्षकों के तबादले मूलभूत कारण है। इन तबादलों के कारण कई-कई दिन शिक्षक स्कूल व कॉलेजों में उपलब्ध नहीं होते और गेस्ट टीचर भर्ती नीति में यह प्रावधान किया गया।

# कंगना ने की रामलला की प्रतिमा बनाने वाले मूर्तिकार की प्रशंसा

एजेंसी




**मुंबई।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का उद्घाटन होगा। मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठापित होने वाली रामलला की प्रतिमा तो सभी ने पहले देखी है। प्रतिमा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस कंगना रनौत ने इसकी फोटो शेयर कर प्रतिमा बनाने वाले की तारीफ की है। कंगना ने इंस्टाग्राम पर रामलला की कई तस्वीरें शेयर कर लिखा, ÷मैंने सोचा था कि राम की मूर्ति मुझे एक युवा की तरह दिखाएगी। हालांकि, मैं राम की कल्पना कर रही थी, मूर्ति उसी तरह बनाई गई है।अरुण मूल रूप से मैसूरु के रहने वाले हैं।

**कंगना ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, यह मूर्ति कितनी सुंदर और मनमोहक है। मूर्ति बनाने के लिए अरुण योगीराज पर कितना दबाव होगा। यह राम की कृपा है कि पत्थर खुद ही भगवान बन गया। अरुण योगीराज को दर्शन दिए हैं स्वयं श्रीराम। आप धन्य हैं।**

# प्रासाद का 81 कलशों में स्थित विविध औषधियुक्त जल से किया जा रहा स्नपन

**प्रमुख आचार्यों द्वारा रामजन्मभूमि में रामलला के प्रतिष्ठा समारोह का पांचवां दिन**



समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** श्री रामजन्मभूमि स्थित श्रीराम प्रतिष्ठा कार्य के अन्तर्गत शनिवार को नित्य पूजन, हवन, पारायण आदि कार्य की वैदिक आचार्यों ने पूजा शुरु करा दी गई है। प्रातः पूजा में प्रातः शर्कराधिवास, फलाधिवास, प्रासाद का 81 कलशों में स्थित विविध औषधियुक्त जल से स्नपन किया जा रहा है।

प्रासाद का अधिवासन, पिण्डिका अधिवासन, पुष्पाधिवास भी हो रहा है। अनुष्ठान समापन पर सायंकालिक पूजन एवं आरती होगी। नवीन मंदिर सहित पूरे परिसर को फूलों से सजाया जा रहा है। श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मानें तो अनुष्ठान में अब तक नवीन मंदिर के ईशान कोण पर बने यज्ञ मंडप और नवीन राम मंदिर में शुक्रवार को अरणि से प्रकट अग्नि की नवकुण्डों में स्थापना हो चुकी हैं। अब उसमें सपरिवार रामजी की स्थापना एवं पूजा शुरू हैं। मण्डप में राजा श्रीरामभद्र की रचना अत्यंत आकर्षक बनी है। बता दें कि शुक्रवार को हवन का कार्य भव्यता से हुआ था। फिलहला, अभी समारोह स्थल पर अनुष्ठान में शामिल आचार्य, प्रमुख पंडित के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, अनुष्ठान के यजमान एवं ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा, विहिप संरक्षक दिनेश, शरद शर्मा के साथ ट्रस्ट से जुड़े लोग उपस्थित हैं। अनुष्ठान की पूजा का ट्रस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर लाइव चल रहा है।

**जयपुर में मनेगा दीपोत्सव**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बाईस जनवरी को दीपोत्सव के साथ अन्य विशेष कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किए जाएंगे मनाया जाना है। इस संबंध में स्वायत्त शायन विभाग ने अधीनस्थ समस्त नगरीय निकायों, संस्थाओं एवं कार्यालयों निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा बाईस जनवरी को श्री रामलला के अवसर पर आधे दिन के अवकाश की घोषणा के साथ प्रदेशभर में ड्राई डे रहेगा और बूचड़खाने, मीट मछली की दुकानें बंद रहेंगी।

# प्राण-प्रतिष्ठा : 10 लाख दीपों से अयोध्या को सजाएगी योगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** महज दो दिन और, 22 जनवरी को श्रीरामलला के दिव्य-भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरा हो जाएगा तो शाम को पूरी राम नगरी 10 लाख दीपों से जगमगाएगी। डबल इंजन की सरकार के आह्वान पर मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर 'राम ज्योति' प्रज्ज्वलित की जाएगी। राम की नगरी सरयू नदी के तटों की मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी। कभी वनवास से वापस आने पर दीप जलाकर अयोध्या में दीपावली मनाई गई थी तो अब प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरांत ÷राम ज्योत÷ जलाकर दीपावली मनाई जाएगी। सात वर्षों से दीपोत्सव का भव्यतम आयोजन करा रही योगी सरकार 22 जनवरी को फिर से दीपों से अयोध्या सजाएगी, जिसका दिव्यतम दीदार दुनिया करेगी।

### 100 मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर जलाए जाएंगे दीप

योगी सरकार ने 2017 में सत्ता संभालने के बाद ही दीपोत्सव का आयोजन कराया था। 2017 में 1.71 लाख दीपों से अयोध्या सजाने वाली योगी सरकार ने 2023 दीपोत्सव में 22.23 लाख दीप सजाकर नया रिकॉर्ड बनाया था।

वहीं श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य उत्सव के उपरांत भी योगी सरकार की तरफ से पूरी अयोध्या को दीपों से सजाया जाएगा। योगी सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से इसकी भव्य तैयारी की जा रही है। रामलला, राम की पैड़ी, कनक भवन, हनुमानगढ़ी, गुप्तारघाट, सरयू तट, लता मंगेशकर चौक, मणिराम दास छावनी समेत 100 मंदिरों, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे।



**मकानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों व पौराणिक स्थलों पर प्रज्ज्वलित की जाएगी राम ज्योति**

### निजी प्रतिष्ठानों पर प्रज्ज्वलित दीप वातावरण करेंगे राममय

प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर अयोध्या, प्रदेश, देश और दुनिया में राम भक्त उत्साहित हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद भगवान राम पूरे वैभव के साथ अपने मंदिर में विराजने जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर को पूरे देश में पर्व की तरह मनाने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात में हर देशवासी से अपने घर में दीप प्रज्ज्वलित करने को कहा गया है। योगी सरकार ने अपील की है कि प्रदेशवासी सिर्फ घरों में ही नहीं, बल्कि दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों (होटल, फैक्ट्री, कारखाने, प्लांट आदि), सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों और पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर भी दीपोत्सव करें। राम ज्योति के माध्यम से बिखरी आभा से पूरा वातावरण राममय हो जाए।

### कुम्हारों से लिए जा रहे हैं दीप

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि 22 जनवरी की सांझ 100 प्रमुख मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। सरकार की मंशानुरूप दीप जलाए जाएंगे तो इसमें स्थानीय कुम्हारों की मदद ली जा रही है। उनसे दीपों को क्रय किया जा रहा है। मुख्य आयोजन के उपरांत सरकार के साथ ही जनसहभागिता से भी इसे काफी वृहद पैमाने पर किया जाएगा।

### अयोध्या श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा पर रांची में बंट रहे दीप



**रांची।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर रांची में सांसद और कई संगठनों के जरिए लोगों के बीच दीप बांटे जा रहे हैं। इससे रांची में दीयों की मांग बढ़ गई है। अब मांग को पूरा करने के लिए ग्रामीण इलाकों, हजारीबाग, चतरा, रामगढ़ जिले से दीया मंगवाना पड़ रहा है। रांची सांसद संजय सेठ ने जहां पांच लाख दीप बांटने की घोषणा की है, वहीं राष्ट्रीय युवा शक्ति ने एक लाख दीप बांटने की घोषणा की है। इसे रांची के हर घर तक पहुंचाने की योजना बनायी गयी है। राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव का कहना है कि 22 जनवरी सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। इसलिए एक लाख दीपक घर-घर वितरित किये जायेंगे। इसके अलावा आम लोग और छोटे-बड़े संगठन भी अपने आसपास के लोगों के बीच दीप बांट रहे हैं। इसलिए मिट्टी के दीयों की मांग काफी बढ़ गई है। मांग बढ़ने से दीयों की कीमत पर असर पड़ना भी स्वाभाविक है। 60 पैसे में मिलने वाला छोटा सा दीया अब दोगुनी कीमत एक रुपये 20 पैसे पर बिक रहा है। इसी प्रकार मध्यम आकार का दीया एक रुपये के स्थान पर दो रुपये तथा बड़ा दीया 10 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

### सोने की अंगूठी पर बनाई श्रीराम मंदिर की आकृति



**अहमदाबाद।** अयोध्या में श्रीराममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक क्षण की सभी को प्रतीक्षा है। लोग इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने में जुटे हैं। धार्मिक आयोजनों के साथ राममंदिर की प्रतिकृति बनाने का भी लोगों में उमंग देखा जा रहा है। अहमदाबाद के एक स्वर्णकार ने सोने की अंगूठी पर अयोध्या के श्रीराममंदिर की आकृति बनाई है। अहमदाबाद के एक स्वर्णकार फर्म ने 40 ग्राम सोने की अंगूठी बनाई है जिसके ऊपर श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति है। स्वर्णकार राजन भाई ने लगातार 100 घंटे की मेहनत से इसे तैयार किया है। स्वर्णकार का कहना है कि उसने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए यह अंगूठी बनाई है। उनके मन में कुछ अलग करने की चाह थी इसलिए उन्होंने यह अंगूठी बनाई है। इसे वे भगवान श्रीराम की प्रसादी समझ कर आजीवन संभाल कर रखेंगे।